| संसेक्स | 73,142.80 | ▼ -15.45 |
|---|---|---|
| डॉलर | 82.878 | ▲ +0.034 |

तापमान (डिग्री सेल्सियस)
आज का अनुमान

| | अधिकतम | न्यूनतम | (न्यूनतम) |
|---|---|---|---|
| रांची | 23.0 | 13.0 | 18.0 |
| धनबाद | 28.0 | 15.0 | 21.0 |
| जमशेदपुर | 30.0 | 16.0 | 24.0 |
| पलामू | 28.0 | 14.0 | 21.0 |

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते



रांची, फाल्गुन कृष्ण पक्ष 01, विक्रम संवत 2080 | रांची, रविवार, 25 फरवरी 2024, वर्ष-25, अंक-26, पृष्ठ-10, मूल्य ₹3.00, रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com

संपादकीय सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ रैदास के ... 06
रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित
भूमि पेडनेकर ने जताई हॉलीवुड में काम ...10 देश विदेश

# शिक्षा और सहयोग की अलख जगाने वाले जीतेंद्र सिंह को मिला आजसू का साथ





## रांची में पूर्वी भारत की अनूठी जेके क्रिकेट ऐकेडेमी

### मजबूरी में क्रिकेटर नहीं बन पाए तो खोल दिया क्रिकेट एकेडेमी

वह खुद अच्छे क्रिकेट के विकेट कीपर रहे हैं पर गरीबी के कारण आगे नहीं जा पाए जिस कारण 2017 में ईशान किशन जो इसके ब्रांड एम्बेसेडर हैं की देखरेख में पूर्वी भारत की अनूठी जेके क्रिकेट ऐकेडेमी शुरू कराई जिसमें सुबह साढ़े पाँच बजे से 10 बजे तक बच्चे बारहों महीने प्रैक्टिस करते हैं और राष्ट्रीय स्तर की सुविधाएं जैसे डे नाइट मैच की सुविधा, वीडियो ऐनेलिसिस, विशेषज्ञों की देखरेख में पांच बार खाना और स्विमिंग पूल जैसी सारी सुविधाएं उपलब्ध हैं जहां कश्मीर से कन्याकुमारी तक के 200 बच्चे ट्रेनिंग ले रहे हैं। अभी 7 कोच हैं जिनमें जीशान अली, डबल्यू सर, भीम सिंह, रौशन, मनीष पॉल, जेशु प्रधान और विश्वजीत कुमार और न्यूट्रिशियन सुनील कुमार सिंह(जीससीए) जैसे चर्चित लोग हैं। अंडर 14,16 और 19 आयु वर्ग के बच्चे लगातार तीन सालों से रांची डिस्ट्रिक्ट स्कूली क्रिकेट के चैंपियन रहे हैं ।लड़कियों के लिए पूरी सुरक्षा के साथ ट्रेनिंग शुरू किया गया है जिसमें गुमला,चाईबासा और पटना की 8 लड़कियां हैं।

## झारखंड की पहली स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी शीघ्र

झारखंड टेबुल टेनिस संघ के अध्यक्ष और रांची जिला आर्चरी के उपाध्यक्ष (अध्यक्ष नेहा महतो हैं) जीतेंद्र सिंह भविष्य के लिए स्पोर्ट्स ऐकेडेमी की तैयारी में जुटे हैं जिनके साथ बंटी यादव,सुनील यादव,रमेश गुप्ता,वीरेंद्र यादव,और सुनील यादव हैं। भरनो के डुंबू गांव में 25 एकड़ जमीन का अधिग्रहण किया जा चुका है। बहुत जल्द 180 बच्चों के लिए सुविधायुक्त हॉस्टल वाला नर्सिंग ट्रेनिंग कॉलेज शुरू किया जाएगा जिसमें एएनएम जीएनएम को प्रशिक्षण देकर रोजगार से जोड़ा जाएगा।



## 6 करोड़ से युवाओं को देंगे एक लाख स्टार्ट अप रोजगार

सबका साथ सबका विकास की मूल नीति और सिल्ली को रोल मॉडल बनाकर सुदेश आपके द्वार के फॉमूर्ले से 6 करोड़ की लागत से रांची के आसपास मांडर तक के 60 हजार लोगों को रोजगार देंगे जिसमें प्रत्येक को एक लाख रुपए 55 वार्ड के लोगों को दिया जाएगा जो स्टार्ट अप होगा और सूई बनाने बिक्री से लेकर झारखंड के बने उत्पादों का उत्पादन और उसकी बिक्री करेंगे। इसमें गंगा जमुनी संस्कृति के तहत सभी जाति धर्म के लोगों को जोड़ा जाएगा। सभी सुदेश महतो की फोटो लगे ठेले या दुकानों से एक संदेश देंगे कि उन्हें बिना भ्रष्टाचार या भेदभाव के आर्थिक रूप से खड़ा होने का अवसर दिया गया। एक साल बाद उन्हे मूलधन वापस करने को कहा जाएगा ताकि नए लोगों को जोड़ा जा सके। इस तरह यह एक अभियान का रूप लेगा।

## लाखों के सुख दुख के साथी को अब मिलेगा लाखों हाथों का साथ

### राजधानी रांची की राजनीति में हलचल तेज



जेके इंटरनेशनल ग्रुप के संस्थापक और देश भर के 9 प्रतिष्ठित पब्लिक स्कूलों के संचालक जीतेंद्र सिंह जो हटिया विधान सभा से एक बार निर्दलीय चुनाव लड़कर तीसरा स्थान प्राप्त कर लोगों को चौंका चुके हैं,विगत 18 फरवरी को अरगोड़ा मैदान में भारी भीड़ के साथ आजसू का दामन थाम कर झारखंड खास कर राजधानी रांची की राजनीति में हलचल मचा चुके हैं । हटिया क्षेत्र में 2009 में जब उन्होने चुनाव की तैयारी की थी तब तक बहुत उत्साह से समाज सेवा में जुटे थे और सभी जाति धर्म के लाखों लोगों की शादियां करवा चुके थे, कमजोर वर्ग के लोगों के घरों में 50-60 बोरिंग करा दिया था और सीएसआर फंड से ही अनेक बच्चों की पढ़ाई में मदद पहुंचाई थी। पर इनकी तेजी से बढ़ती लोकप्रियता ही इनके रास्ता का कांटा बन गई थी जब ये तत्कालीन भाजपा अध्यक्ष अमित शाह के पहली बार आगमन पर केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान और करमचंद जी साथ रांची हवाई अड्डे पर उतरे तो पार्टी वालों ने ही इनके पर कुतर दिए। राजनीति से तब इनका मन उचट गया और अपने शिक्षण संस्थान के व्यवसाय में पूरी तरह जुट गए पर मन में कहीं न कहीं कसक थी कि पद या पावर भले न मिले घर पर आए किसी भी जरूरतमन्द को निराश नहीं लौटने देंगे । सभी जाति-धर्म के लाखों लोगों की बेटियों को आशीर्वाद के रूप में चुपचाप मदद की । पर ऐसे लोगों ने इनकी कीर्ति दूर-दूर तक फैलाई और अनेक लोग सकुचाते हुए आए कि उनके बच्चे पढ़ने में ठीक हैं पर किसी बड़े अंग्रेजी माध्यम के पब्लिक स्कूल में पढ़ाना उनके बस में नहीं पर जीतेंद्र सिंह ने उनमें पिता की मजबूरी और अपना बचपन देखा और उनकी या तो फीस नाम मात्र की करा दी या किताबें निशुल्क उपलब्ध करा दीं । उनकी पत्नी चंद्रशिखा सिंह ने इसका रास्ता निकाला और पास कर गए संपन्न बच्चों से उनकी किताबें लाइब्रेरी में जमा करा दीं जिन्हें उन बच्चों को दिलवा दीं । अनेक प्रकाशक सैंपल के रूप में डमी किताबें उन्हें देते थे वे भी काम आईं। अपने मृदुल व्यवहार और काम के प्रति ईमानदारी से इन्होने आज बहुत बड़ा मुकाम हासिल किया है पर अपने अतीत के बारे में बताते आज भी भावुक हो जाते हैं जब छोटे से गांव से दिल्ली तक की यात्रा में उनकी पढ़ाई बार-बार छूटती रही और खेल से अगाध लगाव और क्रिकेट में इनके गुरु रहे बिहार रणजी टीम के पूर्व कप्तान सबा करीम के दिए प्रशिक्षण से एक अच्छे क्रिकेट खिलाड़ी के रूप में पहचान मिलने के कारण इन्हें सीएमपीडीआई के ट्रायल में भाग लेने का अवसर मिला आर्थिक स्थिति ऐसी नहीं थी कि खाना भी खाया जा सके तब सरफराज अहमद ने अपने घर पर रखा और हिम्मत बधाई ।सेल इंडिया में भी चयन हो गया पर किस्मत ने साथ नहीं दिया और उन्हें ड्रॉप कर दिया गया । बाद में डीएवी श्यामली में इन्हें क्रिकेट खेल के प्रशिक्षक की नौकरी मिली वो भी 400 सौ रुपए प्रतिमाह के मानदेय पर । तब रांची के राजकुमार धोनी वहां सातवीं कक्षा के विद्यार्थी थे और प्रसिद्ध शिक्षा शास्त्री राम इकबाल सिंह प्राचार्य हुआ करते थे जो बहुत ही कड़े प्रशासक भी थे और हर गतिविधि की खुद निगरानी करते थे जिस कारण इन्हें बहुत मेहनत करनी पड़ी और लोगों ने इनकी प्रतिभा को पहचाना । एक दिन ऐसा आया जब इन्होने नौकरी छोड़ी तो तब के हिसाब से बहुत बड़ी रकम पाँच-पाँच लाख रुपए इन्हें मेकॉन के अधिकारियों विवेक कपिला,अमरेन्द्र कुमार सिंह,स्वाधीन सिंह,विजय खन्ना और सीडी बालमुचू ने पूंजी के रूप में दी । उन्होने तब लटमा रोड में 50 फ्लैट वाली पहली बिल्डिंग बनाई जिसमें 80 % मेकॉन के और 20 % हाईकोर्ट के कर्मी थे। उसके बाद उन्होने पीछे मुड़कर नहीं देखा। एसबीआई टावर,जेशु टावर,सिंह मेंशन जैसे अनेक अपार्टमेंट बनाए पर मन में कहीं न कहीं कसक थी कि समाज के लिए कुछ किया जाए। एक दिन इनकी मां ने कहा कि हमलोगों का अपना एक स्कूल नहीं होगा जिसमें से बच्चे कुछ बनकर निकलें तुम्हारे पिता की भी यही इच्छा थी । इसे ईश्वर का दिखाया मार्ग समझकर 2010 में 14 एकड़ में जेके इंटरनेशनल स्कूल की शुरूआत की जो तब का श्रेष्ठ स्कूल था पर दरवाजे सभी के लिए खुले थे। आज यूपी, बिहार, काठगोदाम(नैनीताल) में कुल 9 स्कूल इनके माध्यम से संचालित हो रहे हैं और किसी भी प्रतिभावान बच्चे को अपने सीएसआर फंड से जरूर मदद करते हैं ताकि उनकी तरह किसी को शिक्षा के लिए तरसना न पड़े।

### दारू हंडिया मीट भात खिलाकर नहीं दिल जीतकर हो राजनीति : जीतेंद्र सिंह

आजसू के नवनियुक्त केंद्रीय सचिव सह महानगर प्रभारी रांची जीतेंद्र सिंह ने कहा है कि झारखंड में सच्चे अर्थों में गांव से लेकर शहर तक युवाओं, किसानों, महिलाओं और बुजुर्गों से लेकर हर जाति संप्रदाय के लोगों को लेकर चलने वाली आजसू पार्टी की कोर कमेटी के सभी माननीय सदस्यों सुदेश महतो जी,चंद्र प्रकाश चौधरी जी,डॉ देवशरण भगत जी,रामचंद्र सहिस जी,सुनीता महतो जी,लंबोदर महतो जी को हृदयतल से आभार जिन्होंने झारखंड के सच्चे अर्थों में विकास का मुझे सहयात्री बनाया और उस विशाल परिवार का हिस्सा बनाया जिसने कम समय में अपने अपने कार्यक्षेत्र और कर्मभूमि में विकास की वह लंबी लकीर खींची है जो सभी के लिए प्रेरक है। हम आजसू पार्टी परिवार सत्ता की नहीं सभी के विकास और सबके सम्मान की राजनीति करते हैं। श्री सिंह ने खास बातचीत में कहा कि झारखंड में चुनाव के समय दारू मीट भात और हँडिया पिलाकर अनेक लोगों ने वोट लिए पर उनकी पार्टी के सुप्रीमो सुदेश महतो लोगों का दिल जीतने पर विश्वास रखते हैं और सभी को लेकर चलते हैं यही कारण है कि आज झारखंड में विकास और विश्वास का प्रतीक आजसू पार्टी है जिसके बिना यहाँ की राजनीति अधूरी है। जहां जहां उसे जनता का आशीर्वाद मिला वहां विकास की लंबी लकीर खींची गई है और लोग आज सिल्ली को दूसरी दिल्ली बुलाते हैं।

### एक झलक



गरीबों को खाद्य सामग्री प्रदान करतीं जीतेंद्र सिंह की पत्नी।



बच्चों के पतंगबाजी हुनर को निखारने में जुटे समाजसेवी जीतेंद्र सिंह



जेके क्रिकेट एकेडमी के उद्घाटन में शामिल हुए पूर्व भारतीय क्रिकेटर सब्बा करीम



साथियों के संग क्रिकेट के रंग में रंगे समाजसेवी जीतेंद्र सिंह



रांची के राजकुमार माही के साथ समाजसेवी जीतेंद्र सिंह

आजसू युवाओं की पार्टी है, साथ ही हर वर्ग के लोग, हर धर्म, हर संप्रदाय के लोग इस पार्टी को पसंद करते हैं। सुदेश जी विकास पुरुष माने जाते हैं और पार्टी से जुड़कर जेके ग्रुप ऑफ कंपनीज और मैं उनके कंधों को मजबूत करने हेतु कृतसंकल्पित हैं।

**- जीतेंद्र सिंह**
समाजसेवी सह डायरेक्टर जेके ग्रुप ऑफ कंपनीज

मीडिया इनिशिएटिव

## एक नजर

### मांडर में विभिन्न योजनाओं का शिलान्यास

**मांडर।** शनिवार को मांडर प्रखंड के विभिन्न जगहों पर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने योजनाओ का शिलान्यास किया। ग्राम नवाटाड़ में कल्याण विभाग द्वारा स्वीकृत योजना अंतर्गत संत जॉन हाई स्कूल नवाटाड़ परिसर में हॉस्टल के ऊपरी तले में निर्माण कार्य, इस योजना मे लगभग 1.99 करोड़ के लागत से हॉस्टल कमरा 50 बेड, एक बड़ा हॉल लाइब्रेरी एवं बाथरूम की सुविधा बच्चों के लिए दी जायेगी। मांडर रेफरल अस्पताल में एक नया आधुनिक अस्पताल भवन का शिलान्यास, कनभिठा में ग्रामीण विकास विभाग द्वारा मुख्यमंत्री ग्राम सेतु योजना अंतर्गत कनभिठा और बरटोली के बीच सरना के नीचे कनभिठा नदी पर पुल निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। पुल निर्माण कार्य लगभग 4 करोड़ राशि की लागत से किया जाना है।

### दो पहिया एवं चार पहिया वाहनो का चेकिंग अभियान चलाया गया

**सिल्ली।** मुरी ओपी प्रभारी कुंदन कुमार के नेतृत्व में झारखंड मोड पर दो पहिया एवं चार पहिया वाहनों का चेकिंग अभियान चलाया गया जिसमें दो पहिया वाहनों को हेलमेट, गाड़ी के कागजात, लाइसेंस, आदि का चेकिंग किया गया। चेकिंग के दौरान जिनके पास हेलमेट आदि कागजात नहीं रहने पर उन्हें समझा कर छोड़ दिया गया और अगले बार से गाड़ी लेकर रोड पर चले तो हेलमेट और गाड़ी का कागजात अपने साथ लेकर चले। साथ ही दोबारा अगर चेकिंग के दौरान पकड़े जाएंगे तो गाड़ी जप्त कर ली जाएगी साथ में चालान भी काटा जाएगा। इस अभियान में एस आई मुन्ना सिंह, आशीष रंजन, मुंशी रितेश कुमार वर्मा, तिवारी जी आदि पुलिस के जवान मौजूद थे।

### साहिबगंज में 38 लाख के अवैध लॉटरी टिकट के साथ एक गिरफ्तार

साहिबगंज। जिले में पुलिस की लगातार कार्रवाई के बावजूद अवैध लॉटरी की धंधा बंद होने का नाम नहीं ले रहा है। ताजा मामला नगर थाना क्षेत्र से सामने आया है। पुलिस अधीक्षक को गुप्त सूचना मिली कि अवैध लॉटरी की एक बड़ी खेप साहेबगंज आयी है। इस सूचना पर पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव के निर्देश पर एक छापेमारी टीम का गठन कर त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश दिया।
इसके बाद टीम ने नगर थाना क्षेत्र के तहत रसूलपुर दहला में अवैध लॉटरी कारोबारी मो. शाहरुख आलम उर्फ विक्की के मकान और दुकान में छापेमारी की। छापेमारी के दौरान इनके पास से अवैध लॉटरी की एक बडी खेप बरामद की गई। इसकी बाजार में अनुमानित कीमत 38 लाख से ऊपर बताई जा रही है।

# पेपर लीक मामले में दोषियों पर अब एफआईआर नहीं होना संदेहास्पद




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
छात्र आजसू के रांची विश्वविद्यालय अध्यक्ष अभिषेक शुक्ला ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा के आखिर 25 दिन बीत की जाने के बाद भी राज्य सरकार पेपर लीक मामले में सीबीआई जांच की अनुशंसा क्यों नहीं कर रही है यह सरकार पर कहीं ना कहीं प्रश्न चिन्ह खड़ा करता है। लगभग हर एक दिन कहीं ना कहीं से इस पेपर लीक मामले में संलिप्त अपराधी पकड़े जा रहे हैं परंतु उनके ऊपर अभी तक एक भी एफआईआर पेपर लीक कानून अधिनियम 2023 के तहत क्यों नहीं किया गया यह कहीं ना कहीं इशारा करती है की जेएसएससी सीजीएल पेपर लीक मामले में सरकारी तंत्र मे ऊंचे पदों पर बैठे पदाधिकारी भी इस मामले मे सन लिप्त है और सरकार उन्हें बचाने का भरपूर प्रयास कर रही है। जेएसएससी के पूर्व अध्यक्ष नीरज सिन्हा का इस्तीफा भी साफ-साफ इशारा करता है की सरकार इस मामले के जड़ तक पहुंच कर कार्रवाई करने के बजाय इस मामले की लीपा पोती कर ठंडा बस्ते में डालने का प्रयास कर रही है। अभिषेक शुक्ला ने आगे कहा के राज्य सरकार द्वारा एसआईटी का गठन इस मामले में दोषी पर कार्रवाई करने के लिए नहीं बल्कि उन्हें बचाने के लिए किया गया है। वहीं दूसरी तरफ जेएसएससी सीजीएल के अभ्यर्थी एवं युवा वर्ग इस पेपर लीक मामले से काफी रोष मे है। 2019 से लेकर अभी तक जितने भी राज्य सरकार द्वारा वैकेंसी निकाली गई है सभी वैकेंसी विवाद एवं जांच के दायरे के में है। इस सरकार के 5 वर्षों के कार्यकाल में एक भी परीक्षा ऐसी नहीं हुई जिस पर विवाद नहीं हुआ हो। अखिल झारखंड छत्र संघ आजसू जेएसएससी सीजीएल पेपर लीक मामले की सीबीआई जांच होने तक ,संवैधानिक तरीके से प्रदर्शन कर रहे छात्र-छात्राओं पर से एफआईआर वापस लिए जाने एवं पेपर लीक मामले में संलिप्त दोषियों पर एफआईआर होने तक आंदोलनरत रहेगी।

# द्रौपदी मुर्मू के रांची के प्रस्तावित दौरे को लेकर आदेश जारी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
भारत के राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के रांची में प्रस्तावित दौरे के अवसर पर सुरक्षा-व्यवस्था, विधि व्यवस्था एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी राहुल कुमार सिन्हा द्वारा आदेश जारी किया गया है। द्रौपदी मुर्मू का दौरा 28 फरवरी को प्रस्तावित है। शांति व्यवस्था संधारण हेतु चार जोन में दंडाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। सभी प्रतिनियुक्तियां दिनांक 28 फरवरी 2024 के पूर्वाह्न 8:00 बजे से माननीय राष्ट्रपति महोदया के प्रस्थान के 02 घंटा पश्चात तक प्रभावी रहेंगी। उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी द्वारा जारी आदेश में माननीय राष्ट्रपति महोदया की सुरक्षा, रूट लाइनिंग के प्रमुख चौक चौराहों पर दंडाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति, कार्यक्रम स्थल में अग्निशमन व्यवस्था, पेयजल-शौचालय व्यवस्था, विद्युत व्यवस्था, मेडिकल, वाहन पार्किंग, खाद्य पदार्थों की जांच आदि को लेकर संबंधित पदाधिकारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया है। संबंधित पदाधिकारियों को ससमय सभी तैयारियाँ पूरी करने का निर्देश उपायुक्त द्वारा दिया गया है।

**27 फरवरी 2023 को कार्यक्रम की ब्रीफिंग एवं रिहर्सल :** कार्यक्रम की ब्रीफिंग एवं रिहर्सल दिनांक 27 फरवरी 2023 को पूर्वाह्न 11:00 से केंद्रीय विश्वविद्यालय मनातू रांची में किया जाएगा। जिसमें सभी दंडाधिकारी, सभी स्तर के पुलिस पदाधिकारी एवं बल को उपस्थित रहने का आदेश दिया गया है। राष्ट्रपति के रांची परिभ्रमण के अवसर पर कार्यक्रम स्थल की सुरक्षा के संपूर्ण प्रभार में अनुमंडल पदाधिकारी, सदर, रांची रहेंगे। माननीय राष्ट्रपति महोदय के झारखंड परिवहन के दौरान संपूर्ण रूट लाइन एवं कार्यक्रम स्थल तथा आसपास के क्षेत्र को नो ड्रोन जोन घोषित करने का आदेश दिया गया है।

## सीसीएल में राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही बैठक संपन्न

# राजभाषा का कार्यान्वयन महत्वपूर्ण : निदेशक




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
शनिवार को सीसीएल, दरभंगा हाउस, राँची के नये भवन के तीसरे तल पर अवस्थित सभागार में निदेशक (वित्त) पवन कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही बैठक सम्पन्न हुई। इस अवसर पर निदेशक (कार्मिक) हर्ष नाथ मिश्र, महाप्रबंधक (का./राजभाषा) संजय कुमार ठाकुर, विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्षगण, महाप्रबंधकगण एवं राजभाषा नोडल अधिकारी सहित सीसीएल के क्षेत्रों से आए प्रतिनिधि उपस्थित थे। बैठक की अध्यक्षता करते हुए निदेशक (वित्त)पवन कुमार मिश्रा ने अपने उद्बोधन में कहा कि राजभाषा कार्यान्वयन अत्यंत महत्वपूर्ण है। सभी विभागों के राजभाषा कार्यान्वयन में प्रगतिशील दृष्टिकोण होनी चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि हमें प्रत्येक कार्मिक को जागरूक करने के साथ साथ नये-नये तकनीकों को अंगीकार करने की आवश्यकता है। निदेशक (कार्मिक) हर्ष नाथ मिश्र ने कहा कि यह राजभाषा की बैठक ही नहीं है, अपितु हमारे कार्य का ही एक महत्वपूर्ण भाग है । उन्होंने आगे कहा कि सभी विभागों/क्षेत्रों को समग्र रूप से राजभाषा संबंधी कार्यों में उत्तरोतर वृद्धि के लिए विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है तथा जब हम दैनिक संवाद हिंदी भाषा में ही करते हैं तो कार्यालयीन कार्यों में भी इसका प्रयोग सहजता से किया जा सकता है। उन्होंने सुझाव दिया कि हिन्दी के अधिकाधिक प्रयोग को बढ़ावा देने के लिए प्रत्येक बैठक में अच्छे कार्य करने वाले विभागों और क्षेत्रों शील्ड एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाए। महाप्रबंधक (का./राजभाषा) संजय कुमार ठाकुर ने बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों का हार्दिक स्वागत किया साथ ही राजभाषा विभाग द्वारा किये गये संबंधित विषयों पर प्रकाश डाला। उन्होंने आगे राजभाषा संबंधी गतिविधियों से सबको अवगत कराया। बैठक में मूल रूप से हिंदी में पत्राचार, टिप्पण आलेखन व अन्य कार्यालयीन कार्य करने संबंधी प्रोत्साहन योजना तथा हिंदी पुस्तक लेखन प्रोत्साहन योजना , इत्यादि पर विस्तार से चर्चा हुई। राजभाषा में विगत तिमाही में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए तकनीकी : एनआईएमसी विभाग, गैर तकनीकी सामान्य प्रशासन विभाग एवं क्षेत्र : रजरप्पा क्षेत्र को चल शील्ड देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में राजभाषा एवं अन्य विभागों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### कुडमी हुंकार महारैली आज मोरहाबादी मैदान में

रांची। टोटेमिक कुड़मी विकास मोर्चा की महारैली रविवार को मोरहाबादी ग्राउंड में होगी. इसकी जानकारी मोर्चा के केंद्रीय मीडिया प्रभारी ओम प्रकाश महतो ने दी. कहा कि रविवार को मोरहाबादी मैदान में टोटेमिक कुड़मी/कुरमी (महतो) जनजाति को अनुसूचित जनजाति की सूची में सूचीबद्ध करने एवं कुड़माली भाषा को संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल करने की मांग को लेकर टोटेमिक कुरमी/ कुड़मी हुंकार महारैली होगी. इस महारैली की शुरूआत कुड़माली नेगाचारी से होगी, कुड़माली चारी गुरु आनंद कडवार दिन के 10 बजे भुंई पूजा और झंडा गड़ी करेंगे. मौके पर टोटेमिक कुरमी/कुडमी (महतो) समाज के मुख्य संयोजक शीतल ओहदार उपस्थित रहेंगे. महारैली में झारखंड के विभिन्न जिलों से 5 लाख की संख्या में कुड़मी समाज के लोग अपने पारंपरिक वेशभूषा, पारंपरिक नाच-गाना छऊ नाच, झुमर नाच, पता नाच,नटुवा नाच,घोड़ा नाच एवं गाजे -बाजे के साथ रांची के मुख्य पथ से गुजरते हुए मोरहाबादी पहुंचेंगे. उन्होंने कहा की कुडमी हुंकार महारैली ऐतिहासिक होगी और आने वाले दिनों में राज्य की दशा और दिशा तय करेगी.

## सांसद ने अनिकेत कुमार के परिजनों से किया मुलाकात

# हम अनिकेत के परिवार की हर सम्भव मदद करेंगे : जयंत सिन्हा



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
हजारीबाग सांसद जयंत सिन्हा ने रामगढ़ मिलोनी क्लब स्थित अनिकेत कुमार के आवास जाकर 24 फरवरी को अनिकेत के परिजनों से मुलाकात की । इस क्रम में उन्होंने अनिकेत कुमार के परिजनों से मिलकर अनिकेत की मौत पर शोक संवेदना व्यक्त की । इस दौरान अनिकेत के पिता महेंद्र राम ने सांसद जयंत सिन्हा को मामले के सम्बन्ध में बताया । घटना पर दुःख व्यक्त करते हुए सांसद जयंत सिन्हा ने अनिकेत के पिता से कहा की मैं इस मामले में जांच कमेटी बनाकर मामले की न्यायिक जांच कराने की मांग करता हूं । ताकि पीड़ित परिवार को न्याय मिल सके । सांसद ने कहा की मैं राज्य सरकार से पीड़ित परिवार को मुआवजा एवं मदद देने की मांग करता हूं ।

# बुद्धा पब्लिक स्कूल ने 21वां वार्षिकोत्सव मनाया



**नवीन मेल संवाददाता। सिल्ली**
सिल्ली प्रखंड अंतर्गत शनिवार के दिन बुद्धा पब्लिक स्कूल में 21वां वार्षिकोत्सव मनाया। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि डॉक्टर केदार सिंह बिनोवा भावे यूनिवर्सिटी (हजारीबाग) के एच ओ डी हिंदी विशिष्ट अतिथि एन के मुरलीधर मुख्य संपादक खबर मंत्र, एच एम पब्लिक स्कूल के अरविंद कुमार, कैलाश कुमार डीएवी बेड़ो, मुजाहिद अंसारी प्राइम रोज पब्लिक स्कूल बूटी, आलोक विपिन टोपनो, अमीन अंसारी, मुकेश कुमार, गोपाल कुमार चंदेल, संवेद कुमार एवं विद्यालय के निदेशक रणधीर कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य वी सुधीर राव ने किया। मुख्य अतिथि ने विद्यालय में उपस्थित विद्यार्थियों एवं अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि यह स्कूल ग्रामीण क्षेत्र के लिए वरदान साबित हो रहा है। विद्यालय से उच्च शिक्षा प्रणाली के तहत बच्चे शिक्षा अर्जित कर देश के विभिन्न क्षेत्रों में अपना योगदान दे रहे हैं जो कि काबिले तारीफ है वही स्कूल के निदेशक ने कहा कि इस विद्यालय के माध्यम से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देना ही मेरा लक्ष्य है ताकि आसपास के क्षेत्र में शिक्षा का प्रचार प्रसार हो। गुणवत्तायुक्त शिक्षा प्राप्त कर बच्चे अपने भविष्य को संवार सकते हैं। छोटे-छोटे बाल कलाकारों ने सांस्कृतिक एवं रंगारंग कार्यक्रमों से आए हुए मेहमानों का मन मोह लिया। विद्यालय प्रांगण में स्वास्थ्य एवं दंत चिकित्सा शिविर भी स्कूल प्रबंधन की ओर से लगाया गया था ताकि बच्चे लाभान्वित हो सके।

## संत रविदास की प्रथम जयंती समारोह का आयोजन

# संत रविदास ने सामाजिक समरसता की मिसाल प्रस्तुत की : संजय राम



**नवीन मेल संवाददाता। लापुंग**
संत रविदास अपने आध्यात्मिक और सामाजिक संदेशों से समाज में व्याप्त कुरीतियों को न सिर्फ दूर किया बल्कि सामाजिक समरसता की ऐसी मिसाल प्रस्तुत किया जिसकी पूरी दुनिया लोहा मानती है। हमें संत रविदास के दिखाए मार्गों पर चलते हुए समाज में एकजुटता लाने और लोगों को एक सूत्र में बांधने की जरूरत है उक्त बातें लापुंग प्रखंड के डाडी. सेमरटोली में रविदास जन कल्याण समिति डाडी. फतेहपुर के तत्वाधान में आयोजित संत रविदास की प्रथम जयंती समारोह के दौरान बतौर मुख्य अतिथि झारखंड ग्रामीण प्रदेश गुरु रविदास महासंघ के केंद्रीय अध्यक्ष संजय राम ने कही। डाड़ीसेमरटोली में रविदास जन कल्याण समिति डाड़ी फतेहपुर के तत्वाधान में आयोजित संत रविदास की जयंती धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनायी गई। संत रविदास के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर तथा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजसेवी सह रविदास जन कल्याण समिति डाडी. फतेहपुर के अध्यक्ष दिनेश राम ने कार्यक्रम की अध्यक्षता किया जबकि संचालन कृष्णा राम ने किया। इस मौके पर गांव के समाजसेवी ज्योतिष राम साहु ने कहा कि संत रविदास अलौकिक शक्ति से संपूर्ण समाज को एक सूत्र में बांधने का प्रयास किया। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में झारखंड ग्रामीण प्रदेश गुरु रविदास महासंघ के कार्यकारी अध्यक्ष संदीप राम तथा संगठन सचिव संजय राम ने भी अपने विचार रखें। संजय राम ने संत रविदास जन कल्याण समिति के कार्यकताओं के बीच कैलेंडर का वितरण किया और संत रविदास के दिखाए मार्गों पर चलने का संकल्प दिलाया। इस मौके पर संत रविदास की विधिवत पूजा अर्चना कर उनका आशीष लिया तथा लोगों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। इस मौके पर समरसता खिचड़ी के भंडारा का भी आयोजन किया गया। दिनेश राम ने कहा कि लापुंग प्रखंड में संत रविदास की यह पहले जयंती मनाई जा रही है। आने वाले दिनों में हम पूरी भव्यता और वृहद रूप में संत रविदास की जयंती मनाएंगे।

# हिरासत में युवक की मौत पर बवाल 53 घंटे बाद हुआ अंतिम संस्कार

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
झारखंड के रामगढ़ जिले में पुलिस हिरासत में दलित युवक अनिकेत भुइयां की मौत के 53 घंटे बाद शनिवार दोपहर उसके परिजन शव के अंतिम संस्कार को राजी हुए। परिजनों का आरोप है कि रामगढ़ थाने की पुलिस ने पीट-पीटकर अनिकेत की हत्या कर दी है। उनका कहना था कि जब तक पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं होती, शव का अंतिम संस्कार नहीं करेंगे। हिरासत में मौत का मामला झारखंड विधानसभा में 23 फरवरी को नेता प्रतिपक्ष एवं कई अन्य विधायकों ने उठाया था। इसके बाद रामगढ़ जिला प्रशासन ने राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के निर्देशों के अनुसार इसकी न्यायिक जांच कराने का निर्णय लिया है।

अनिकेत को रामगढ़ की पुलिस 21 फरवरी को चोरी के कथित मामले में पूछताछ के लिए थाना लेकर आई थी। 22 फरवरी को उसकी संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। पुलिस ने परिजनों को जानकारी दी कि अनिकेत ने थाना के हाजत में कंबल के फंदे से लटककर आत्महत्या कर ली है। दूसरी तरफ परिजनों का कहना है कि पुलिस ने टॉर्चर कर अनिकेत को मार डाला है। झारखंड विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी, हजारीबाग के सांसद जयंत सिन्हा, गिरिडीह के सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी भी अनिकेत के घर पहुंचे थे। उन्होंने पुलिस को कठघरे में खड़ा करते हुए दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने समेत परिजनों को उचित मुआवजा देने की मांग की थी। शनिवार को जिला प्रशासन के अधिकारियों ने परिजनों को समझा-बुझाकर शव के अंतिम संस्कार पर राजी कराया। प्रशासन ने लिखित तौर पर अंतिम संस्कार के लिए परिजनों का 30 हजार नकद देने और सरकारी नियमों के अनुसार 15 लाख रुपए मुआवजे की प्रक्रिया शुरू करने, 5 डिसमिल जमीन, राशन कार्ड, मृतक के आश्रितों को योग्यता अनुसार नौकरी और एक आश्रित को पेंशन देने की बात कही है।

## न्यूज बॉक्स

### सात पड़हा सरना प्रार्थना सभा का आयोजन



**चान्हो।** प्रखंड अंतर्गत ग्राम कोको में शनिवार को सात पड़हा स्तरीय सरना प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि सुख पहन समाजसेवी सह पड़ह सरकार के संयोजक जगरे उरांव विशिष्ट अतिथि ग्राम पंचायत रघुनाथपुर के मुखिया महादेव भगत और मंगल देव उरांव, सुनील उरांव , घनश्याम उरांव, चिंतामणि उरांव , प्रार्थना सभा संरक्षक जयपाल भगत, सुनील उरांव, चंद्र नाथ उरांव, सत्यनारायण उरांव ,समिति अध्यक्ष अजय उरांव, उपाध्यक्ष अशोक उरांव, सचिव रूपेश लोहार, उप सचिव सुखदेव उरांव , लातेहार जिला से किशन दयाल उरांव, अशोक उरांव, बेतवा उरांव, मगही उरांव, प्रार्थना सभा राष्ट्रीय अध्यक्ष साथ में साथ पड़ह लुंडरी के पहन विजय उरांव साथ में तमाम ग्राम के धर्मावलंबियों समेत अन्य उपस्थित हुए।

### एच एस प्रसाद बाल विकास विद्यालय में मातृ पितृ कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**सिल्ली।** सिल्ली प्रखंड अंतर्गत शनिवार के दिन एच एस प्रसाद बाल विकास विद्यालय में मातृ पितृ कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम से पूर्व मुख्य अतिथि रांची जिला परिषद उपाध्यक्ष बिना चौधरी, विशिष्ट अतिथि प्रखंड प्रमुख जितेंद्र बडाईक एवं उप प्रमुख आरती देवी ने स्वर्गीय हरिराम कुम्हार सेवानिवृत्ति शिक्षक एवं विद्यालय के संस्थापक के आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित किया। यह कार्यक्रम मातृ पितृ दिवस के रूप में मनाया गया। छोटे-छोटे बाल कलाकारों ने अपने-अपने माता-पिता का वंदना कर चरण स्पर्श किया तथा विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक एवं रंगारंग कार्यक्रम से अभिभावकों का मन मोह लिया साथ ही साथ अपने गुरुजनों को भी सम्मान देते हुए उन्हें नमन किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के संचालक नरसिंह प्रजापति ने बताया कि कार्यक्रम की शुरूआत 2008 से किया जा रहा है और इसका मुख्य उद्देश्य है कि बच्चे शिक्षा के साथ-साथ अपने माता-पिता एवं गुरुजनों का सम्मान करना भी सीखें जिससे हमारी संस्कृति और सभ्यता का पहचान बना रहे। संस्कृति और सभ्यता के बिना समाज का परिकल्पना हम लोग नहीं कर सकते। कार्यक्रम में पूजा देवी, कार्तिक चंद्र महतो, नकुल सिंह मुंडा, महादेव मुंडा, ललिता देवी, प्रतिमा कुमारी, विशाखा देवी, बबिता देवी, ब्रजकिशोर नंदन, मुरलीधर सिंह घटवार, शिव शंकर महतो का काफी सराहनीय योगदान रहा। मौके पर विद्यालय के सभी बच्चे और उनके अभिभावक मौजूद रहे।

### मुरी ओपी में शांति समिति की बैठक संपन्न



**मुरी।** मुरी ओपी थाना के प्रांगण में शनिवार के दिन शबे बारात को लेकर थाना प्रभारी कुंदन कुमार के अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में त्यौहार को शांतिपूर्ण तरीके से मनाने को लेकर उपस्थित गणमान्य लोगों ने अपने-अपने विचार एवं सुझाव दिए। वहीं थाना प्रभारी ने कहा कि त्योहार के समय नशापान से दूर रहें। चौक चौराहे पर नशापन करके उद्दंडता करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। सभी दो पहिया वाहन चालक हेलमेट का प्रयोग अवश्य करें क्योंकि जीवन अनमोल है। 18 वर्ष से कम आयु वाले युवक मोटरसाइकिल का प्रयोग ना करें अन्यथा पकड़े जाने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। प्रखंड विकास पदाधिकारी रेनू बाला ने कहा कि किसी व्यक्ति को सांप या अन्य कोई जीव जंतु काट ले तो झाड़ फूंक के चक्कर में तथा झोलाछाप डॉक्टर से इलाज करवाने से परहेज करें। चिकित्सा हेतु सामुदायिक अस्पताल लेकर जाएं वहां दवाइयां उपलब्ध है और इलाज भी सही तरीके से हो पाएगा। मौके पर सहायक अवर निरीक्षक मुन्ना सिंह, रितेश वर्मा, पूर्व जिप सदस्य सुशील महतो, सांसद प्रतिनिधि विनोद साहू, मुखिया लालू राम उरांव, पूर्व पंसस बालिका देवी, फलाहारी महतो, शिशुपाल महतो,नकुल महतो, मोहम्मद फारूख, मंजूर आलम, मोहम्मद चांद हुसैन समेत दर्जनों लोग मौजूद रहे।

### रांची में सिटी बसों के फेयर सिस्टम के लिए चौथी बार टेंडर जारी




**रांची।** रांची नगर निगम द्वारा चौथी बार बसों का किराया वसूलने के सिस्टम के लिए टेंडर जारी किया गया है. दरअसल, रांची नगर निगम जल्द शहरवासियों को सस्ता ट्रांसपोर्ट मुहैया करवाने के लिए 240 सिटी बसों का परिचालन शुरू करने वाला है. इन सिटी बसों में किराया वसूलने के लिए ऑटोमेटिक फेयर कलेक्शन सिस्टम का इस्तेमाल किया जाना है. इसी सिस्टम को लगाने के लिए नगर निगम एजेंसी की तलाश कर रही हैं. इसके लिए रांची नगर निगम पहले भी तीन बार टेंडर निकाला चुका है, पर किसी एजेंसी ने इसमें दिलचस्पी नहीं दिखाई. एजेंसी के चयन के बाद सबसे पहले वर्तमान में चल रही सिटी बसों पर यह सिस्टम लगाया जाना है. उसके बाद नयी बसें खरीदने के बाद उन बसों में ही यह सिस्टम लगाया जाना है.

### ऑनलाइन सट्टा के अड्डे पर रांची पुलिस ने की छापेमारी

रांची। ऑनलाइन सट्टा के अड्डे पर रांची पुलिस ने छापेमारी की है. शनिवार की शाम रांची पुलिस की टीम ने कार्रवाई करते हुए जिले के सदर थाना क्षेत्र के दीपाटोली स्थित न्यू नगर में छापेमारी की. इस दौरान पुलिस ने छह युवकों को हिरासत में लिया है और उनसे पूछताछ की जा रही है, वहीं मौके से पुलिस में करीब 15 लाख रुपये भी बरामद किये हैं. बताते चलें कि वरीय पुलिस अधिकारी को गुप्त सूचना मिली थी कि सदर थाना क्षेत्र में ऑनलाइन सट्टा का कारोबार फल फूल रहा है. इसके बाद पुलिस ने यह कार्रवाई की है.

संसेक्स 73,142.80 ▼ -15.45
डॉलर 82.885 ▲ +0.040

तापमान (डिग्री सेल्सियस)
आज का अनुमान

| | अधिकतम | न्यूनतम | (न्यूनतम) |
|---|---|---|---|
| रांची | 23.0 | 13.0 | 18.0 |
| धनबाद | 28.0 | 15.0 | 21.0 |
| जमशेदपुर | 30.0 | 16.0 | 24.0 |
| पलामू | 28.0 | 14.0 | 21.0 |

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते



रांची, फाल्गुन कृष्ण पक्ष 01, विक्रम संवत 2080 | रांची, रविवार, 25 फरवरी 2024, वर्ष-25, अंक-26, पृष्ठ-10, मूल्य ₹3.00, रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com

संपादकीय सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ रैदास के ... 06 | रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित | भूमि पेडनेकर ने जताई हॉलीवुड में काम ...10 देश विदेश

## रांची सर्राफा

सोना (10 ग्राम) 59,100

चांदी (1 किलो) 76,500

## व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों की प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर है, जिसमें आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में इस नंबर 82925 53444 पर भेज सकते हैं। आपत्तिजनक सामग्री भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर 8292373444 संपर्क करें।

# राज्य की तस्वीर और तकदीर बदलने के संकल्प के साथ काम कर रही सरकार

- हर व्यक्ति सामाजिक-आर्थिक और शैक्षणिक रूप से मजबूत बनाएंगे
- झारखंड को विकसित बनाने के लिए शुरू किए कार्य, जारी रहेंगे

सरायकेला खरसावां में विकास योजनाओं का उद्घाटन-शिलान्यास करते हुए बोले चंपाई



**नवीन मेल संवाददाता। सरायकेला/रांची।**
मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने कहा कि राज्य की तस्वीर और तकदीर बदलने के संकल्प के साथ सरकार काम कर रही है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार झारखंड को एक ऐसा आदर्श राज्य बनाने के लिए प्रतिबद्ध है, जहां हर व्यक्ति सामाजिक-आर्थिक और शैक्षणिक रूप से मजबूत होगा। समाज में किसी के साथ कोई भेदभाव नहीं होगा। हर किसी को पूरे मान-सम्मान के साथ हक-अधिकार मिलेगा।

चंपाई सोरेन शनिवार को सरायकेला खरसावां जिले के टाउन हॉल में विभिन्न विकास योजनाओं के उद्घाटन -शिलान्यास समारोह को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड खनिज संसाधनों के मामले में देश के सबसे धनी राज्यों में एक है। यहां के कोयला, लोहा, तांबा, सोना और यूरेनियम जैसे खनिजों से देश- दुनिया जगमग कर रहा है लेकिन इस राज्य के जो आदिवासी-मूलवासी हैं, उन्हें इसका लाभ नहीं मिल सका। आज भी उनके साथ गरीबी और पिछड़ेपन का टैग लगा है। अब हमारी सरकार यहां के स्थानीय लोगों को आगे बढ़ाने के लिए कृत संकल्पित है और इस दिशा में सभी समुचित कदम उठाए जा रहे हैं।

**शुरू हो चुका है बुनियादी समस्याओं के समाधान का सिलसिला :** मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड के अलग राज्य बने 23 वर्ष से ज्यादा हो चुके हैं लेकिन यहां की बुनियादी समस्याओं को दूर करने की दिशा में कोई सार्थक प्रयास नहीं हुआ। वर्ष 2019 में हेमन्त सोरेन के नेतृत्व में सरकार बनने के उपरांत यहां की बुनियादी समस्याओं के समाधान का सिलसिला शुरू हो गया है।

### स्कूल ऑफ एक्सीलेंस खोला

मुख्यमंत्री ने कहा कि समाज तभी आगे बढ़ेगा, जब लोग शिक्षित होंगे। इसी बात को ध्यान में रखकर सरकार यहां के बच्चों को बेहतर शिक्षा देने के लिए प्रतिबद्ध है। इसी कड़ी में निजी स्कूलों की तर्ज पर स्कूल ऑफ एक्सीलेंस खोले गए हैं। छात्रवृत्ति राशि में तीन गुना इजाफा किया गया है। बच्चियों की पढ़ाई ना छूटे, इसके लिए उन्हें सावित्रीबाई किशोरी समृद्धि योजना से जोड़ा जा रहा है। विदेश में उच्च शिक्षा के लिए शत- प्रतिशत स्कॉलरशिप सरकार दे रही है। बच्चे इंजीनियर, डॉक्टर और अफसर बनें, इसके लिए उन्हें आर्थिक सहायता दी जा रही है।

## हेमंत सोरेन के संघर्ष का अनुभव कर गौरवान्वित हूं: कल्पना सोरेन



**नवीन मेल संवाददाता। रांची।**
पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का सोशल मीडिया अकाउंट अब उनकी पत्नी कल्पना मुर्मू सोरेन हैंडल कर रही हैं। उन्होंने पति के ट्विटर अकाउंट एक्स व इंस्टाग्राम पर शनिवार को एक पोस्ट किया है। कल्पना ने लिखा है कि पिछले 24 दिनों से अन्यायपूर्ण कारावास का सामना कर रहे हेमन्त सोरेन के संघर्ष को अनुभव कर मैं गौरवान्वित हूं और दुखी भी। प्रतिकूल परिस्थितियों में भी दृढ़ता और सिद्धांतों से समझौता नहीं करने की उनकी हिम्मत के फलस्वरूप आज वे जेल में हैं। कल्पना ने लिखा है कि बाबा साहेब के शब्द छीने हुए अधिकार भीख में नहीं मिलते, अधिकारों को वसूल करना पड़ता है, ने हेमन्त को हमेशा प्रेरित किया है। राज्यवासियों की सेवा और उनके अधिकारों की रक्षा हेमंत की पहली प्राथमिकता रही है। परिवार और बच्चे उनके लिए बाद में आते हैं। बाबा दिशोम गुरु के संघर्ष से हमें जो राज्य मिला, उसे संवारना और लोगों को हक-अधिकार दिलाना ही उन्होंने अपना सर्वस्व माना। कल्पना ने लिखा है कि हेमंत सामाजिक न्याय और अधिकार के लिए सदैव संघर्ष करते रहे हैं। राज्यवासियों के अधिकारों को हासिल करने का उनका संकल्प मुझे उनकी आवाज को और गति देने के लिए प्रेरित करता है। उनकी यह संघर्षशीलता हमें सिखाती भी है कि हक-अधिकारों की रक्षा और उन्हें हासिल करना हमारा कर्तव्य है। यह न केवल अपने लिए, बल्कि समाज के उत्थान और समृद्धि के लिए भी। आज अन्याय के खिलाफ हेमन्त लड़ रहे हैं। न्याय के लिए हमें यह लड़ाई मिलकर लड़नी और जीतनी है।

## एक नजर

### नक्सलियों ने ग्रामीण चिकित्सक की गोली मारकर की हत्या

**पश्चिमी सिंहभूम (चाईबासा)।** जिले के अति नक्सल प्रभावित टोंटो थाना अंतर्गत बांदाबेड़ा गांव में भाकपा माओवादी संगठन के नक्सलियों ने ग्रामीण चिकित्सक जितेन लांगुरी की उनके घर पर गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस के अनुसार बांदाबेड़ा गांव निवासी ग्रामीण चिकित्सक जितेन लांगुरी शुक्रवार शाम घर पहुंचे और गाड़ी खड़ी कर घर में चले गए। इसके कुछ देरी बाद हथियारबंद नक्सलियों ने उन्हें आवाज देकर घर से बाहर बुलाया। लागुरी घर से बाहर निकलते ही नक्सलियों ने गोली मारकर उनकी हत्या कर दी। घटना के बाद शनिवार को इसकी खबर ग्रामीणों को मिली और इसकी सूचना पुलिस को दी गई। हत्या के वजह का पता नहीं चल नहीं पाया है।

### नए आपराधिक कानून 1 जुलाई से होंगे लागू

**नई दिल्ली।** देश में 1 जुलाई से औपनिवेशिक काल के तीन आपराधिक कानूनों के स्थान पर तीन नए कानून लागू हो जायेंगे। गृह मंत्रालय ने इस संबंध में एक नोटिफिकेशन जारी किया है। तीन नए कानूनों को पिछले साल दिसंबर में संसद ने मंजूरी दी थी और बाद में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने उन पर अपनी सहमति दी थी। भारतीय न्याय (द्वितीय) संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा (द्वितीय) संहिता और भारतीय साक्ष्य (द्वितीय) अधिनियम 1860 के भारतीय दंड संहिता, 1873 की दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) और 1872 की भारतीय साक्ष्य अधिनियम का स्थान लेंगे। गृह मंत्रालय ने इन तीनों कानूनों के लागू होने की तारीख को लेकर आज तीन अधिसूचनाएं जारी कीं।

### प्रश्नपत्र लीक के बाद यूपी पुलिस सिपाही भर्ती परीक्षा-2023 निरस्त

#### छह माह के भीतर ही पूर्ण शुचिता के साथ फिर से होगी परीक्षा : मुख्यमंत्री

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर सूबे में 17 व 18 फरवरी को आयोजित पुलिस सिपाही भर्ती परीक्षा-2023 को निरस्त कर दिया गया है। यह कार्रवाई प्रश्नपत्र लीक होने के आरोपों के बीच की गई है। अगले 6 माह के भीतर पूरी शुचिता के साथ दोबारा परीक्षा आयोजित की जाएगी। इस आशय के आदेश गृह विभाग ने शनिवार को जारी कर दिए हैं। इससे पहले उक्त परीक्षा के संबंध में जारी एसटीएफ की जांच और अब तक की कार्यवाही की समीक्षा करते हुए शनिवार को मुख्यमंत्री ने कहा कि युवाओं की मेहनत से खिलवाड़ और परीक्षा की शुचिता से समझौता स्वीकार नहीं किया जा सकता। ऐसे अराजक तत्वों के खिलाफ कठोरतम कार्रवाई होनी तय है।

# झारखंड में हुई ट्रांसफर पोस्टिंग के तरीके से चुनाव आयोग नाराज

- मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने आला अफसरों को लिखी चिट्ठी
- अफसरों की ट्रांसफर-पोस्टिंग में नहीं हुआ आयोग के निर्देश का पालन
- 26 फरवरी को तीन बजे तक भेजा जाना है आयोग को प्रतिवेदन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची।**
झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी-सह-सचिव के रवि कुमार ने शनिवार को राज्य के सभी अपर मुख्य सचिव, प्रधान सचिव और सचिव को चिट्ठी लिखी कहा है कि चुनाव आयोग के निर्देश के आधार पर झारखंड में हुई ट्रांसफर पोस्टिंग संतोषजनक नहीं है। पत्र में लिखा गया है कि लोकसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर निर्वाचन आयोग के आदेश पर अधिकारियों की ट्रांसफर-पोस्टिंग के कंप्लायंस के बारे में जानकारी दें।

चिट्ठी के मुताबिक, 21 दिसंबर 2023 को लोकसभा चुनाव 2024 को देखते हुए आयोग ने राज्य में एक ही जगह पर चार साल या उससे अधिक समय से पदस्थापित पदाधिकारियों की ट्रांसफर-पोस्टिंग के बारे में दिशा-निर्देश जारी किया था। अफसरों की ट्रांसफर-पोस्टिंग में आयोग के निर्देश का पूरी तरह पालन नहीं हुआ। पदाधिकारियों का ट्रांसफर एक ही संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के सीमावर्ती जिले में कर दिया गया है, जो स्थानांतरण नीति की मूल भावनाओं के खिलाफ है। इसलिए आयोग की ओर से निर्देश दिया जाता है कि जिन पदाधिकारियों का पहले ट्रांसफर किया गया है, लेकिन आयोग के निर्देश का पूरी तरह से पालन नहीं किया गया है, उनका ट्रांसफर नियम के अनुरूप किया जाए। 26 फरवरी को तीन बजे तक भेजा जाना है आयोग को प्रतिवेदनज्ञात हो कि लोकसभा चुनाव के मद्देनजर पदाधिकारियों की ट्रांसफर-पोस्टिंग से संबंधित अनुपालन प्रतिवेदन मुख्य सचिव एवं पुलिस महानिदेशक के स्तर से 26 फरवरी 2024 को अपराह्न 3 बजे तक आयोग को भेजा जाना है। इसलिए निर्वाचन आयोग के दिशा-निदेर्शों के अनुरूप तत्काल समुचित कार्रवाई करें। इसके पहले 23 फरवरी को झारखंड के मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने एक चिट्ठी लिखी थी, जिसमें यही बातें कहीं गईं थीं।

जिलों से मिली चिट्ठी से चुनाव आयोग है नाराज मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी झारखंड ने सभी जिला निर्वाचन पदाधिकारियों को चिट्ठी लिखकर कहा था कि लोकसभा चुनाव 2024 से पहले ट्रांसफर-पोस्टिंग की कार्रवाई पूरी कर लें। उन्होंने कहा था कि जिलों की ओर से जो सूचना आयोग को दी गई है, उसके मुताबिक, विभागों ने ट्रांसफर-पोस्टिंग तो की है, लेकिन जिला स्तर पर कई पदाधिकारियों को रिलीज नहीं किया गया है। वहीं, कुछ लोगों का ट्रांसफर हो चुका है, उन्हें रिलीज भी कर दिया गया है, लेकिन उन्होंने नई जगह पर ज्वाइन नहीं किया है। ऐसे मामलों में आयोग का निर्देश है कि जल्द से जल्द पदाधिकारियों को रिलीज कर दें।

## झारखंड के गुमला में सड़क हादसे में तीन युवकों की मौत

**नवीन मेल संवाददाता। रांची।**
झारखंड के गुमला जिले में शनिवार को एक सड़क हादसे में तीन युवकों की मौत हो गयी। तीनों युवक शादी समारोह में हिस्सा लेकर घर लौट रहे थे। घटना गुमला जिले के टोंटो पेट्रोल पंप के सामने की है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि तीनों युवक बाइक पर सवार थे। उन्होंने हेलमेट भी नहीं पहन रखा था। तेज रफ्तार बाइक असंतुलित होकर वाहन से टकरा गयी। तीनों युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों में गुमला के टोटो दारटोली निवासी चीकू गोप, केसीपारा गांव का इंद्रजीत और एक अन्य युवक शामिल हैं। मालूम हो कि गुमला, लोहरदगा जैसे जिलों में आये दिन दुर्घटना में युवक जान गंवा रहे हैं।

## कांग्रेस परिवारवाद, भ्रष्टाचार और तुष्टीकरण से आगे नहीं सोच सकती : प्रधानमंत्री



**एजेंसी। नई दिल्ली।**
प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कांग्रेस पर हमला करते हुए कहा कि कांग्रेस ने सरकारें बार-बार बनाईं लेकिन भविष्य का भारत बनाना भूल गई। उन्होंने कहा कि कांग्रेस परिवारवाद, भ्रष्टाचार और तुष्टीकरण से आगे नहीं सोच सकती। प्रधानमंत्री वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से विकसित भारत विकसित छत्तीसगढ़ कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। प्रधानमंत्री ने कार्यक्रम के दौरान 34,400 करोड़ रुपये से अधिक की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन, लोकार्पण और शिलान्यास किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि कांग्रेस ने सरकारें बार-बार बनाईं लेकिन भविष्य का भारत बनाना भूल गईं। क्योंकि उनके मन में सरकार बनाना ही प्रमुख था, देश को आगे बढ़ाना उनका एजेंडा था ही नहीं।

# गंगा स्नान को जा रहे लोगों की ट्रैक्टर ट्राली तालाब में पलटी, 24 की मौत

- 30 गंभीर रूप से घायल, अस्पताल में चल रहा है इलाज
- मृतकों में 13 महिलाएं, 10 बच्चे और एक पुरुष शामिल



**एजेंसी। कासगंज।**
मैनपुरी बदायूं हाइवे पर पटियाली क्षेत्र में दरियावगंज के पास गड़ैया की पुलिया पर शनिवार को सुबह श्रद्धालुओं से भरी ट्रैक्टर ट्राली सड़क किनारे तालाब मे पलट गई। इसमें 24 लोगों की मौत हो गई जबकि 30 लोग घायल हैं। सभी श्रद्धालु एटा के जैथरा क्षेत्र के गांव कसा और उसके आसपास के हैं। बताया गया कि गांव के एक बच्चे के मुंडन संस्कार के साथ ही सभी गंगा स्नान करने कादरगंज जा रहे थे। घटना के बाद मौके पर अफरातफरी मच गई। पुलिस-प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंचे और पांच घंटे तक तालाब में जाल आदि डालकर डूबे लोगों की खोज होती रही। जो भी निकलता उसे एंबुलेंस से पहले पटियाली सीएचसी और वहां से जिला अस्पताल भेजा जाता रहा था।

**मुंडन संस्कार के लिए जा रहे थे ग्रामीण :** एक बच्चे के मुंडन संस्कार के साथ ही गंगा स्नान के लिए ग्रामीण ट्रैक्टर ट्रॉली में बैठकर सुबह आठ बजे कादरगंज के लिए निकले थे। ट्रॉली में कुल 54 लोग सवार थे। इनमें महिला और बच्चों की संख्या अधिक थी।

### पीएम ने कासगंज हादसे पर की मुआवजे की घोषणा



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हादसे में जान गंवाने वाले लोगों के परिजनों को दो-दो लाख रुपये और घायलों को 50-50 हजार रुपये के मुआवजे की घोषणा की। साथ ही मृतकों के प्रति शोक व्यक्त किया और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है।

## इंडिया
## आर्थिक संतुलन के लिए मुफ्त अनाज की समीक्षा आवश्यक है



सुनील बादल

भारत में कहावत प्रचलित है कि गरीबी है इसलिए समस्या है और समस्या है इसलिए गरीबी है। आज भारत ऊंची छलांग लगाकर विश्व की पाँचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है और अब सवाल इस बात पर उठ रहे हैं कि सभी पार्टियों के चुनावी एजेंडे से गरीबों को ऐसे ही मुफ्त या रियायती दर पर अनाज देना जारी रखा गया तो कहीं ग्रामीण अर्थव्यवस्था असंतुलित तो नहीं हो जाएगी क्योंकि कृषि प्रधान देश में अब खेतों में काम करने वाले मजदूरों का अकाल पड़ता जा रहा है । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाल ही में राज्यसभा में कहा कि पिछले नौ वर्षों में देश में 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकले हैं। लोगों को गरीबी से बाहर लाने में 80 करोड़ लोगों को दिए जा रहे निःशुल्क खाद्यान्न और अन्य कल्याणकारी योजनाओं की बड़ी भूमिका है। इससे पहले नीति आयोग की तरफ से भी वैश्विक मान्यता के मापदंडों पर आधारित बहुआयामी गरीबी इंडेक्स (एमपीआई) दस्तावेज जारी किया गया था। बहुआयामी गरीबी इंडेक्स निकालने के लिए बिजली, स्वास्थ्य, शिक्षा एवं वित्तीय समावेशन जैसी सुविधाओं पर आधारित 12 विभिन्न मानकों-पोषक तत्व, बच्चे की मृत्यु दर, माताओं के स्वास्थ्य, बच्चों के स्कूल जाने की उम्र, स्कूल में उनकी उपस्थिति, रसोई, ईंधन, स्वच्छता, पेयजल, बिजली, आवास, संपदा व बैंक खातों को शामिल किया जाता है। इसके अनुसार, पिछले नौ वर्षों में भारत में करीब 25 करोड़ लोग बहुआयामी गरीबी से बाहर आ गए हैं। लेकिन अब भी देश में करीब 15 करोड़ लोग बहुआयामी गरीबी का सामना कर रहे हैं। इस रिपोर्ट के अनुसार, सरकार की विभिन्न लोक कल्याणकारी योजनाओं की इसमें अहम भूमिका रही है। उल्लेखनीय है कि रिपोर्ट के अनुसार, उत्तर प्रदेश में पिछले नौ वर्षों में 5.94 करोड़, बिहार में 3.77 करोड़, मध्य प्रदेश में 2.30 करोड़, तो राजस्थान में 1.87 करोड़ लोग एमपीआई मानकों के हिसाब से गरीबी से मुक्त हुए है। इस हिसाब से अब करीब 15 करोड़ लोग एमपीआई मानक से जुड़ी सुविधाओं से वंचित रह गए हैं। ऐसे लोगों की संख्या बिहार में सबसे ज्यादा 26.59 फीसदी, झारखंड में 23.34 फीसदी, उत्तर प्रदेश में 17.40 फीसदी, छत्तीसगढ़ में 11.71 फीसदी, राजस्थान में 10.77 फीसदी, तेलंगाना में 3.76 फीसदी, हिमाचल में 1.88 फीसदी, तमिलनाडु में 1.48 फीसदी, केरल में 0.48 फीसदी है। सरकार ने 2030 तक देश के ऐसे सभी नागरिकों को बहुआयामी गरीबी से बाहर करने का लक्ष्य रखा है। विगत छह नवंबर को संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (यूएनडीपी) द्वारा प्रकाशित रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत में गरीबी 2015-2016 के मुकाबले 2019-2021 के दौरान 25 फीसदी से घटकर 15 फीसदी पर आ गई है। विश्व बैंक और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) सहित दुनिया के विभिन्न सामाजिक सुरक्षा संगठनों द्वारा बहुआयामी गरीबी घटाने में भारत की खाद्य सुरक्षा की जोरदार सराहना की गई है। आईएमएफ द्वारा प्रकाशित शोध पत्र में कहा गया है कि सरकार द्वारा चलाई गई प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत मुफ्त खाद्यान्न कार्यक्रम ने कोविड-19 के कारण लगाए गए लॉकडाउन के प्रभावों की गरीबों पर मार को कम करने में अहम भूमिका निभाई है और इससे अत्यधिक गरीबी में भी कमी आई है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश किए गए अंतरिम बजट में बहुआयामी गरीबी के दायरे से देश की सभी जनता को पूरी तरह से मुक्त करने के पक्के इरादों और प्रयासों की कवायद स्पष्ट रूप से दिखाई दी है। इस नए अंतरिम बजट में वित्त मंत्री ने चालू वित्त वर्ष 2023-24 के तहत बहुआयामी गरीबी के दायरे से बाहर निकालने वाले विभिन्न मदों पर किए गए वित्तीय आवंटन की तुलना में औसतन 10 प्रतिशत से अधिक की बढ़ोतरी की है। भारत को अब भी निम्न आय वाला देश माना जाता है। विभिन्न वर्गों की प्रति व्यक्ति आय में संतुलित वृद्धि से अधिक लोग गरीबी के दायरे से बाहर आएंगे और उनका जीवन बेहतर होगा। इसके साथ-साथ बहुआयामी गरीबी का सामना कर रहे परिवारों के युवाओं को कौशल प्रशिक्षण और डिजिटल कौशल से सुसज्जित करके रोजगार के जरिये सशक्तिकरण का अभियान सुनिश्चित करना होगा। इस बात पर भी ध्यान देना होगा कि विकास की प्रक्रिया और गरीबी उन्मूलन में देश के कुछ प्रदेश बहुत पीछे छूट गए हैं। इन राज्यों के समावेशी विकास पर विशेष ध्यान देना होगा। चूंकि कोविड-19 के बाद स्थितियाँ बिगड़ी थीं पर सुपात्र को ही सहायता मिले इसकी निगरानी भी हो और समीक्षा भी अन्यथा भारत में जुगाड़तंत्र से गरीब की परिभाषा बदल जाती है।




### पिछले कई दिनों से था फरार

## दिल्ली में पकड़ा गया हल्द्वानी हिंसा का मास्टरमाइंड अब्दुल मलिक



**एजेंसी। नई दिल्ली।**
उत्तराखंड के हल्द्वानी में हुई हिंसा के मास्टरमाइंड अब्दुल मलिक को शनिवार को दिल्ली में गिरफ्तार कर लिया गया है। अब्दुल मलिक पिछले काफी दिनों से फरार बताया जा रहा था। पुलिस लगातार उसकी तलाश में जुटी थी। हल्द्वानी में हिंसा भड़काने के बाद वह दिल्ली में आकर छिपा बैठा था। उसके वकील ने अग्रिम जमानत याचिका भी दायर कर दी है। वकील ने कहा कि उन्हें पता चला है कि उनके मुवक्किल को दिल्ली में गिरफ्तार कर लिया गया है जबकि इस हिंसा से उनका कोई लेना देना नहीं है। पुलिस महानिरीक्षक और उत्तराखंड पुलिस के प्रवक्ता नीलेश आनंद भरणे ने कहा हमने मुख्य आरोपी अब्दुल मलिक को दिल्ली से गिरफ्तार कर लिया है।

## देवकमल हॉस्पिटल में कटे फटे होंठ और तालु की सर्जरी शुरु



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

देवकमल अस्पताल में कटे होंठ और तालु की सर्जरी की जा रही है। यह प्रोग्राम 24 से लेकर 27 फरवरी तक अयोजित किया जाएगा। शनिवार को आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जोन एफ केनेडी, निर्देशक स्वास्थ्य विभाग, झारखंड सरकार, इंडियन ऑयल के कमलेश राय, महाप्रबंधक एवं राकेश रोशन (सीएसआर प्रमुख), प्लास्टिक सर्जन और अन्य मेडिकल कर्मचारी मौजूद थे। झारखंड चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष किशोर मंत्री ने कहा है कि हमारे चैंबर में कुल 12000 सदस्य है। हम सबको सुचित करेंगे ताकि सब लोग जागरूक हो जाएं और उन लोगों को भी आगे लाएं। जोन एफ केनेडी ने कहा कि हमारे यहां जितने भी प्रोग्राम होते हैं वहां मैं सभी बातों को बताऊंगा। इंडियन ऑयल के महाप्रबंधक कमलेश राय ने कहा कि हम और भी लोगों की सेवा करना चाहते हैं। कैंप में लगभग 100 से 150 मारिजो के मुफ्त सर्जरी का लक्ष्य है।

# रिम्स में सिटी स्कैन, अल्ट्रासाउंड रिपोर्ट की नहीं मिलती है फोटो, होती है परेशानी

**अमित कुमार। रांची**

रिम्स में रोजाना हजारों लोग इलाज करने आते हैं, जिसमें सिटी स्कैन के लिए औसत 125 से 150 मरीज होते हैं और अल्ट्रासाउंड के लिए 70 से 80 मरिज होते हैं। लेकिन इनमें से किसी भी मरीज को जांच रिपोर्ट का नैगेटिव फोटो नहीं दिया जाता है। मरीज को जांच रिपोर्ट के नाम पर डॉक्टर द्वारा लिखित रिपोर्ट दे दिया जाता है। ऐसी स्थिति में बाहर के निजी डॉक्टरो को सिर्फ रेडियोलोजी विभाग द्वारा जारी लिखित रिपोर्ट पर ही भरोसा कर मरीज का इलाज करना पड़ता हैं। वहीं रिम्स के मरीज की जांच रिपोर्ट पर सिर्फ रिम्स के ही डॉक्टर इलाज कर सकेंगे।

### सालो से बंद पड़े है कई उपकरण

पिछले दो सालो से रिम्स अल्ट्रासाउंड और सीटी स्कैन का फोटो निकालने वाली जरूरी उपकरण खराब पड़े हुए हैं। अल्ट्रासाउंड कक्ष में दो मशीनें हैं। इसमें से एक मशीन कई साल से खराब है। दूसरा भी अधिकांश समय बंद ही है। नतीजन मरीजों को बाहरी जांच घर का सहारा लेना पड़ता है।



अस्पताल के सुत्रों से पता चला कि रिम्स में साल 2019 में इसके लिए टेंडर निकालने की बात भी चल रही थी, लेकिन प्रक्रिया शुरू होती, उससे पहले ही रुक गई। रिम्स के रेडियोलॉजी विभाग के सीटी स्कैन मशीन की खरीद को लेकर क्रय समिति की बैठक समय-समय पर हुई थी। बैठक में क्रय से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर विचार करने के बाद समिति की सहमति से निर्णय लिया गया कि सरकार के जेम पोर्टल द्वारा सीटी स्कैन समेत अन्य मशीनों की खरीद की जाएगी। सीटी स्कैन मशीन जेम पोर्टल से क्रय के लिए निविदा-दाताओं को निविदा भरने के समय भी निर्धारित की गई थी। आज चार साल से अधिक समय बीतने के बाद भी अब तक खरीदारी नहीं हो सका है।

हमारे यहां रिपोर्ट लिखित में दिया जा रहा है। इस रिपोर्ट पर पूरे रिम्स के मरीजो का इलाज चलता है। बाहर के डॉक्टर हमारे रिपोर्ट पर क्या प्रतिक्रिया देती है, यह उसके स्वविवेक पर निर्भर करता है।
**डॉ सुरेश टोप्पो, एचओडी रेडियोलोजी**

तकनीकी कारणों से सीटी स्कैन और अल्ट्रासाउंट पर रिपोर्ट की फोटो नहीं दी जा रही थी। लेकिन अब व्यवस्था में सुधार हो रही है। आने वाले समय में लिखित रिपोर्ट के साथ नैगेटिव फोटो भी दी जाएगी।
**हिरेन बिरुआ, रिम्स सुप्रिटेंडेंट**

### धनेसर लोहरा, मोरहाबादी



पिछले साल अपने संबंधी का इलाज के लिए आये और आज अपने परिवार के लिए आये हुए है। उस वक्त से अब तक रिम्स की व्यवस्था में कोई सुधार नहीं हुई है। सीटी स्कैन और अल्ट्रासाउंड के लिए अब भी आंखो देखी रिपोर्ट नहीं मिल रही है।

### अनिल मुंडा, नगड़ी



अपने पिता का इलाज रिम्स में कराने के बाद डॉक्टर ने कहा कि अल्ट्रासाइंड रिपोर्ट लेकर आये। डॉक्टर को लिखित रिपोर्ट दिए जाने के बाद मरीज में सुधार नहीं हुआ तो निजी अस्पताल में दिखाने पर डॉक्टर ने रिम्स की रिपोर्ट को नकार दिया। फिर से जांच कराने को कहा।

## आर्यसमाज के अजय सहगल गार्ड ऑफ ऑनर से हुए सम्मानित

**रांची।** डीएवी पब्लिक स्कूल हेहल में डीएवी कॉलेज प्रबंधन समिति,नई दिल्ली के सचिव अजय सहगल का स्वागत एनसीसी के कैडिट्स ने गार्ड ऑफ ऑनर देकर किया। इस अवसर पर श्री सहगल ने डीएवी पब्लिक स्कूल हेहल के प्राचार्य, शिक्षकों एवं स्थानीय प्रबंधन समिति के सदस्यों के साथ एक मीटिंग की और डीएवी हेहल की शैक्षणिक गतिविधियों,उपलब्धियों एवं सत्र-2024-25 के लिए शैक्षणिक रणनीतियों पर मंथन किया। उन्होंने कहा कि डीएवी संस्था का उद्देश्य अंग्रेजी शिक्षा के साथ-साथ विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति से जोड़ने,नैतिक मूल्य तथा वैदिक चेतना से जागृत करना एवं समाज को अच्छे नागरिक प्रदान करना है। उन्होंने विद्यालय के प्राचार्य एस के मिश्रा को बधाई देते हुए कहा कि इनकी कार्य कुशलता, मेहनत एवं ईमानदारी को देखकर डीएवी कॉलेज प्रबंधन समिति ने जिम्मेदारी सौंपी है।

## एक नजर

### छात्रा का अपहरण कर शारीरिक संबंध बनाने के दोषी को दस साल की सजा

**रांची।** पॉक्सो के विशेष न्यायाधीश आसिफ इकबाल की अदालत ने शनिवार को नाबालिग छात्रा का अपहरण कर शारीरिक संबंध बनाने के दोषी पवन मिर्धा को दस साल कैद की सजा सुनाई है। साथ ही 10 हजार रुपये का जुमार्ना लगाया है। अदालत ने मामले में अभियुक्त को 29 फरवरी को दोषी पाया था। मामले को लेकर कोतवाली थाना में 12 जनवरी, 2018 को प्राथमिकी दर्ज हुई थी। पवन पर आरोप है कि आठ जनवरी, 2018 को जब नाबालिग स्कूल के लिए घर से निकली थी तब उसने उसे बहला फुसलाकर अपहरण कर लिया। इसके बाद नाबालिग को दोस्त के घर ले जाकर जबरदस्ती उसके साथ शारीरिक संबंध बनाया था।

### रांची में चार दुकानों के ताले तोड़कर चोरी का प्रयास

**रांची।** राजधानी के जगन्नाथपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत पंचमुखी हनुमान मंदिर के पास चार दुकानों के ताले तोड़कर चोरी का प्रयास किया गया। दुकानदार जब शनिवार सुबह दुकान खोलने गया तब ताला टूटा देखा और इसकी सूचना पुलिस को दी। लेकिन इसको लेकर दुकानदारों में काफी आक्रोश है। उनका कहना है कि इन दिनों चोरी की घटनाएं बढ़ गयी हैं। पुलिस चोरों को पकड़ नहीं पाती है। इसके बावजूद चोर इस तरह की घटना को अंजाम दे रहे हैं। थाना प्रभारी हरदेव प्रसाद ने बताया कि चार दुकानों के ताले तोड़े गए हैं।

### मासिक लोक अदालत में 173 वादों का निष्पादन

**रांची ।** रांची जिला विधिक सेवा प्राधिकार की ओर से शनिवार को व्यवहार न्यायालय में मासिक लोक अदालत का आयोजन किया गया। इसके लिये सात बैंच का गठन किया गया। इस लोक अदालत में कुल 173 वादों का निष्पादन किया गया और एक करोड़ दो लाख 72 हजार 500 रुपये की वसूली हुई।

## हेमंत को जेल भेजने पीछे केंद्र सरकार की साजिश : झामुमो



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) की ओर से रांची के मोराबादी स्थित बापू वाटिका के समक्ष 10वें दिन शनिवार को चतरा जिलाध्यक्ष पंकज प्रजापति की अध्यक्षता में उपवास कार्यक्रम संपन्न हुआ। मौके पर चतरा जिला अध्यक्ष पंकज प्रजापति ने कहा कि हेमन्त सोरेन को बहुत दिनों से प्रताड़ित किया जा रहा है। बेवजह कोई ठोस साक्ष्य नहीं होने पर भी उनको जेल भेजा गया। ईडी तो चेहरा है। इसके पीछे केंद्र की भाजपा सरकार की साजिश है। झारखंड जैसे पिछड़े राज्य को हेमन्त सोरेन आगे बढ़ाने का काम कर रहे थे। पहली बार कोई सरकार गांव-गांव तक सभी के दरवाजे तक पहुंची है। आदिवासी, दलित, अल्पसंख्यक और पिछड़ा विरोधी केंद्र की भाजपा सरकार को यहीं बात नहीं पची कि हेमंत सोरेन सभी को हक अधिकार दिला रहे हैं। रांची जिला अध्यक्ष मुस्ताक आलम ने कहा कि हेमंत सोरेन को लगातार केंद्र की ओर से प्रताड़ित करने के विरोध में बापू वाटिका के समक्ष चल रहे उपवास कार्यक्रम का आज 10वां दिन है और आज चतरा जिला से कार्यकर्ता आए हैं। केंद्र की तानाशाही का हम विरोध तब तक करते रहेंगे जब तक हेमन्त सोरेन को न्याय नहीं मिलता है। उपवास कार्यक्रम मे मुख्य रूप से चतरा जिला से केंद्रीय सदस्य वंदना सिंह, बबलू केसरी, सुरेश साव, असलम अंसारी, पुरान राम, अल्पसंखयक मोर्चा अध्यक्ष एकरामुल हक, सचिव सरताज अली सहित अन्य मौजूद थे।

## धर्म के रक्षक और महान समाज सुधारक थे संत रविदास

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

विश्व हिंदू परिषद रांची महानगर की बिरसानगर समिति ने हटिया चौक स्थित शिव मंदिर परिसर में संत रविदास जयंती मनाई। कार्यक्रम में एकत्र श्रद्धालुओं ने संत रविदास के चित्र पर पुष्प अर्पण कर पूजन किया। साथ ही रविदास समाज के बन्धुओं को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। मौके पर विहिप के प्रांत सामाजिक समरसता प्रमुख मिथिलेश्वर मिश्र ने कहा कि गुरु रविदास धर्म के रक्षक एवं महान समाज सुधारक थे। उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन परोपकार और मानव कल्याण के लिए समर्पित किया। उन्होंने अपने उपदेश और पदों के माध्यम से समाज को समानता एवं समरसता की शिक्षा दी। मिश्र के कहा कि संत रविदास मुगल काल में मुस्लिम शासकों की ओर से जबरन कराए जा रहे धर्मांतरण के खिलाफ थे। सनातन धर्म की रक्षा में भी उन्होंने कार्य किया। रविदास समाज ने मुगल शासकों के अत्याचारों को सहन किया लेकिन अपने धर्म से नहीं हटे। संत रविदास के बताए मार्ग पर चलकर ही सनातन धर्म और राष्ट्र की रक्षा हो सकती है। कार्यक्रम में बिरसानगर के अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार गुप्ता, मंत्री विजय मिश्र, मुकेश गिरी ,रविदास समाज से चंदेश्वर राम सहित अन्य लोग उपस्थित थे।



## झारखंड तीसरा मोर्चा राज्य की जनता को नया विकल्प देने का काम करेगा : लालचंद महतो



**रांची ।** झारखंड तीसरा मोर्चा की आवश्यक बैठक पुराना विधानसभा सभागार में मोर्चा के संयोजक सह पूर्व मंत्री लालचंद महतो की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक की कार्यवाही शुरू करने के पूर्व संत रविदास जी को जयंती के मौके पर पुष्पांजलि की गई। बैठक को संबोधित करते हुए मोर्चा के संयोजक लालचंद महतो ने कहा कि झारखंड तीसरा मोर्चा राज्य की जनता को विकल्प देने का काम करेगी। उन्होंने एनडीए व राज्य में महागठबंधन सरकार को लूट झूठ की सरकार बताते हुए कहा कि झारखंड के आम जनता राज्य गठन के इन 22 सालों में ठगा महसूस कर रही है जिन्हें आने वाला दिन में झारखंड तीसरा मोर्चा विकल्प देने का काम करेगी। श्री महतो ने राज्य के न्याय प्रिय लोगों से तीसरा मोर्चा को हर तरह से सहयोग देकर झारखंड में मजबूत बनाने की अपील की है। बैठक में 19 फरवरी 2024 को राजभवन के समक्ष हुई झारखंड तीसरा मोर्चा का ईवीएम हटाने और लोकतंत्र बचाने के सवाल पर हुई धरना कार्यक्रम की समीक्षा की गई।

## रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन में स्वामी श्रीरामचरण की जयंती मनाई गई



**रांची।** रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के अन्नपूर्णा सेवा में भोजन प्रसाद वितरण किया। मुख्य आयोजन सर्जना चौक स्थित राम मंदिर में किया गया जिसमें विजयवर्गीय समाज के भाई-बहन उपस्थित हुए। दीप प्रज्वलित कर विजयवर्गीय सभा रांची के अध्यक्ष संजीव विजयवर्गीय ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया, पूजा अर्चना के पश्चात भजन कीर्तन का सुमधुर कार्यक्रम किया गया। स्वामी श्रीरामचरण जी के जीवन का स्मरण किया गया, संजीव विजयवर्गीय ने उनके बताए मार्ग पर चलने की अवश्यकता बताई, इस अवसर पर संजीव विजय वर्गीय सचिव बी के विजयवर्गीय पुरुषोत्तम दास विजयवर्गीय हरिप्रसाद विजय जय नारायण विजय सांवरमल चौधरी, संतोष विजय, प्रेम कुमार विजय,राजा विजय, संदीप विजय, किशोर विजय,महिला समिति की अध्यक्ष श्रीमती सुशीला विजयवर्गीय, गीता विजय, रेखा विजय, इन्दिरा विजय, संगीता विजय,माया विजय, सुधा विजय के साथ काफी संख्या में भाई-बहन उपस्थित थे।

## जीतेंद्र सिंह बनाए गए आजसू पार्टी के केंद्रीय सचिव सह प्रभारी



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो के निदेर्शानुसार वरिष्ठ समाजसेवी जीतेंद्र सिंह को केंद्रीय सचिव सह रांची महानगर मनोनीत किया गया है। मौके पर श्री सुदेश कुमार महतो ने कहा कि जीतेंद्र जी के सामाजिक अनुभव और प्रगतिशील नेतृत्व से पार्टी को एक नई दिशा मिलेगी। इस दौरान जीतेंद्र सिंह ने कहा कि केंद्रीय अध्यक्ष श्री सुदेश कुमार महतो और आजसू पार्टी ने मुझपर भरोसा दिखाया है उसके लिए मैं हृदय से आधार प्रखट करता हूँ। दायित्व जो मुझे सौंपा गया है उसे मैं पूरी प्रतिबद्धता के साथ पूरा करूँगा और पार्टी के विचारों एवं सिद्धांतों को जन-जन तक पहुँचाने का कार्य करूँगा। जीतेंद्र सिंह को केंद्रीय सचिव सह रांची महानगर प्रभरी बनाए जाने पर आजसू पार्टी के वरीय उपाध्यक्ष एवं सांसद चन्द्रप्रकाश चौधरी, केंद्रीय महासचिव एवं विधायक लम्बोदर महतो, केंद्रीय मुख्य प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत, उपाध्यक्ष हसन अंसारी, रांची जिला अध्यक्ष संजय महतो, रांची महानगर अध्यक्ष ज्ञान सिन्हा, सुनील यादव, बंटी यादव, रमेश गुप्ता, विरेंद्र प्रसाद आशुतोष गोस्वामी, हरिश सिंह इत्यादि ने बधाई दी।

## कृषि विभाग जिलों में सिंगल विंडो सेवा की व्यवस्था करे : किशोर मंत्री

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

फेडरेशन चैम्बर की अहारी उप समिति की बैठक चैम्बर भवन में संपन्न हुई। बैठक में राज्य के किसानों की समस्या एवं रांची के वाणिज्यिक खेती एवं कृषि उद्योग के विकास की चर्चा की गयी` राज्य के अनेकों किसान को प्रधानमंत्री सम्मान निधि का लाभ नहीं मिल रहा है मुख्यमंत्री एवं कृषि मंत्री व सभी सांसद एवं विधायक से अपील की जाती है सभी प्रखंड में एक सप्ताह का कैंप लगवाकर यह व्यवस्था की जाये के सभी किसानों को इस योजना का लाभ मिल जाये ` राज्य में वाणिज्यिक बागवानी एवं अन्य नगदी फसलों की खेती की असीम संभावनाएं हैं। राज्य में अधिकांश खेत में सिंचाई सुविधा एवं पूंजी के अभाव में अनेकों किसान अपनी भूमि में खेती नहीं कर पा रहे हैं। इस कारण राज्य के लाखों ग्रामीण का अन्य राज्य में पलायन हो रहा है। राज्य के अनेक उद्यमी एवं प्रगतिशील किसान वाणिज्यिक खेती करने को इच्छुक है वे रिक्त पड़े खेत को लीज में लेकर खेती करना चाहते हैं परन्तु राज्य के कानूनी प्रावधानुसार खेती के लिए 5 वर्ष की लीज का प्रावधान है जो वाणिज्यिक खेती के लिए व्यावहारिक नहीं है।



### नारायणन ने चैंबर पदाधिकारियों के साथ की बैठक

तीन दिवसीय झारखण्ड दौरे पर आये ब्रिटिश उच्चायोग, कोलकाता के सीनियर ट्रेड एडवाइजर अनूप नारायणन ने आज चैंबर पदाधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में स्टील, माइनिंग, मैनुफैक्चरिंग और इंजीनियरिंग सेक्टर्स के प्रोत्साहन से जुडे विषयों पर प्रमुखता से चर्चा की गई। सदस्यों ने यूके की तकनीक का झारखण्ड के स्टेकहोल्डर्स के बीच आदान-प्रदान करने को महत्वपूर्ण बताया। कहा गया कि इससे व्यापार-उद्योग के क्षेत्र में संभावनाएं बढ़ेंगी। विदित हो कि ब्रिटिश उच्चायोग, कोलकाता के अधिकारी ने 22 फरवरी को भी चैंबर पदाधिकारियों के साथ बैठक कर रेस्पांसिबल माईनिंग, टूरिज्म, टेक्सटाइल, सिल्क, वन उत्पाद, होर्टिकल्चर, फ्लोरिकल्चर, एग्रीकल्चर सेक्टर्स के विकास से जुडी बिंदुओं पर झारखण्ड चैंबर की राय जानी थी।

## राज्यसभा सदस्य महुआ माजी ने खेलो इंडिया सीनियर नेशनल वीमेन वुशु लीग का किया उद्घाटन



**रांची।** खेल गांव स्थित ठाकुर विश्वनाथ साहदेव इंडोर स्टेडियम मे खेलो इंडिया सीनियर नेशनल वीमेन वुशु लीग प्रारम्भ हुई। इस प्रतियोगिता की मुख्य अतिथि राज्य सभा सांसद श्रीमती महुआ माझी थी. उन्होंने अपने उदगार व्यक्त करते हुए कहा की लड़किया हर क्षेत्र मे आगे आ रही है. उन्होंने झारखण्ड और भारत मे खेल के क्षेत्र मे लड़कियों के सशक्त कदमो की भूरी भूरी प्रशंसा की. इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप मे उपस्थित श्रीमती किरण पासी, निदेशक,झारखण्ड शिक्षा परियोजना ने वुशु के खिलाड़ियों के बेहतरीन प्रदर्शन की कामना की. इस अवसर पर भारतीय खेल प्राधिकरण के प्रभारी सह खेलो इंडिया लीग के ऑब्जर्वर बी महापात्रा, वुशु एसोसिएशन ऑफ इंडिया के सी इ ओ सुहेल अहमद सहित, धीरसेन सोरेंग, सुनील शांकरी, उदय साहू, प्रियदर्शी अमर, डॉ कविता सिंह, यह प्रतियोगिता 27 तारिख तक चलेगी जिसमे महिला खिलाडी12 लाख के कैश अवार्ड और पदको के लिए जोर आजमाइश करेंगे।

## श्री श्याम मंदिर में 101 वें श्याम भंडारे का आयोजन

# तीन हजार भक्तों ने श्याम भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

हरमू रोड स्थित श्री श्याम मंदिर में शनिवार को 101 वें श्याम भंडारे का आयोजन शाम साढ़े चार प्रारंभ हुआ। मंदिर से जुड़े राजकुमार नारसरिया, उषा नारसरिया, विवेक नारसरिया, सोनी, मनीष और ज्योति कुमारी नारसरिया ने भंडारे का महाप्रसाद मंदिर में विराजमान खाटूनरेश, शिव परिवार, बजरंगबली, लड्डू गोपाल, शालिग्राम, गरुड़ जी व गुरुजनों का अर्पित किया। श्री श्याम मित्र मंडल के प्रथम महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया उपमंत्री अनिल नारनौली के नेतृत्व में भोग अर्पित करने के समय खाटू नरेश का भजन गाकर उनसे भोग स्वीकार करने का मनुहार किया। भोग लगे प्रसाद को विशाल भंडारे में मिश्रित करके मंदिर के आचार्यों को प्रसाद खिलाकर आशीर्वाद प्राप्त किया गया। इसके बाद श्याम मंदिर परिसर 3100 से ज्यादा भक्तों को भोग वितरित किया गया। श्री श्याम मित्र मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी के मार्गदर्शन में गुरुवार से मंदिर में ही भंडारे का प्रसाद निर्मित किया जा रहा था। आज चुकी शुभ अंक 101 वा भंडारा था इसलिए अनेक प्रकार का प्रसाद विशेष रूप से निर्मित किया गया था। खीर, चूरमा, गुलाब जामुन, केसरिया जलेबी, ऑरेंज आइसक्रीम, समोसा, मटर कचोरी, आलू झोल वाली सब्जी, वेजिटेबल पुलाव व विभिन प्रकार के प्रसाद भक्तजनों को परोसे गए।



### माघी पूर्णिमा पर पद्मावती वल्लभ का हुआ तिरूमंजन सेवा

**रांची।** माघी पूर्णिमा व्रत के उपलक्ष्य पर शनिवार को श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर मंदिर में कई अनुष्ठान का आयोजन किया गया। श्री वेंकटेश्वर के विश्वरूप दर्शन के सुप्रभातम और मंगलाशासनम के बाद षोडशोपचार विधि से तिरुवाराधन हुआ। इसके बाद अनेकों विधि से तिरूमंजन-महाभिषेक हुआ। वेदध्वनियों के से स्तवन किया गया और बालभोग में नैवेद्य के रूप में पायसान्न का भोग लगा। भक्तों के भारी भीड़ से मंदिर परिसर भरा हुआ था। श्रद्धालुओं ने अपने अभीष्ट मनोरथों की पूर्ति के लिए अर्चना कराया और मंगल प्रार्थना किया। अर्चक सत्यनारायण गौतम गोपेश आचार्य और नारायण दास ने मिलकर पूजनादि अनुष्ठान संपन्न कराया।

### चैती दुर्गा मंदिर में भोग वितरण

**रांची।** श्री चैती दुर्गा मंदिर,भुताहा तालाब में प्रत्येक शनिवार की भांति इस शनिवार को भी भोग वितरण किया गया। मंदिर के पुजारी सुभाष चन्द्र मिश्रा के द्वारा भोग लगाया गया तथा मंदिर परिसर में जुटे भक्तों के बीच प्रसाद वितरण किया गया, इसमें खिचड़ी,अचार, चिप्स, पूरी सब्जी एवं कचोरी आदि वितरण किया गया। इस वितरण कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित महासमिति के मुख्य संरक्षक किशोर साहू, रमेश सिंह, संजय सिंह (लल्लू सिंह), शंकर दुबे, राहुल सिंह,विशाल कृष्णा, शेखर गुप्ता, दिलीप गुप्ता, राजू चौरसिया, महेंद्र वर्मा, जय कांत चौधरी, नमन भारतीय,राहुल रजक,आदि उपस्थित थे।

## जेबीकेएसएस खिजरी व अंश क्लब कांके सेमीफाइनल में



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

चायबगान मैदान महिलौंग में चल रहे हैं प्रथम सरला बिरला मेमोरियल फुटबॉल टूनामेंट जिसे महिलौंग फुटबॉल क्लब के द्वारा आयोजित किया गया है। आज तीसरे क्वार्टर फाइनल में सेंट जॉन फुटबॉल अकैडमी का मुकाबला जेबीकेएसएस खिजरी के साथ हुआ जिसमें दोनों ही टीमों ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया लेकिन जीत जेबीकेएसएस खिजरी को मिला। मध्यांतर तक दोनों ही टीमें है बराबरी पर थीं लेकिन मध्यांतर के बाद जेबीकेएसएस ने ताबड़तोड़ हमले किए जिसका नतीजा हुआ कि 35 मिनट में निशांत केरकेटा ने शानदार गोल कर अपने टीम को 1-0से आगे कर दिया तथा 40 मिनट में और एक गोल कर अपने टीम को 2-0 से आगे कर दिया जो कि अंत तक कायम रहा इस तरह से जेबीकेएसएस सेमीफाइनल में अपना स्थान पक्का किया इस मैच के मुख्य अतिथि वाई बी एन यूनिवर्सिटी के चेयरमैन श्री रामजी यादव तथा विशिष्ट अतिथि श्री मनीष नाथ कैंब्रिज इंस्टीट्यूट आफ टेक्नोलॉजी से थे। दूसरा क्वार्टरफाइनल बिरसा चौक फुटबॉल क्लब और अंश क्लब कांके के बीच खेला गया जिसमें राकेश के द्वारा किया गया एकमात्र गोल के बदौलत अंश क्लब कांके एक 1-0 से विजयी होकर सेमीफाइनल में अपना स्थान पक्का किया इस मैच के मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार जितेंद्र सिंह के द्वारा राकेश को दिया गया।

## रिकर्व तीरंदाज सावित्री कुमारी ने व्यक्तिगत वर्ग में कांस्य पदक जीता

**खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स तीरंदाजी प्रतियोगिता शिलांग मेघालय -2024**

**रांची।** व्यक्तिगत में दूसरा पदक सेंटर ऑफ एक्सीलेंस एकलव्य केंद्र रांची की एवं रांची यूनिवर्सिटी की ओर से तीरंदाज सावित्री कुमारी ने रिकर्व में कांस्य पदक जीती खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स तीरंदाजी में जो शिलांग मेघालय में आयोजित सेंटर ऑफ एक्सीलेंस रांची के तीरंदाज दीपक कुमार ने टीम स्पर्धा में गुरुनानक देव यूनिवर्सिटी अमृतसर को हराकर कल स्वर्ण पदक जीता एवं आज रिकर्व तीरंदाज सावित्री कुमारी ने व्यक्तिगत वर्ग में कांस्य पदक जीती झारखंड कुल 02 पदक हासिल किए 1 स्वर्ण पदक 1 कांस्य पदक सावित्री कुमारी रांची यूनिवर्सिटी से प्रतिनिधित्व की हैं दोनों तीरंदाज एवं उनके प्रशिक्षकों को इस शानदार प्रदर्शन के लिए एवं झारखंड का नाम रोशन करने पर रांची यूनिवर्सिटी के खेल डायरेक्टर, चंचल भट्टाचार्य जी, झारखंड तीरंदाजी संघ के सचिव, द्रोणाचार्य पूर्णिमा महतो जी, बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

# मुख्यमंत्री से रांची रेल मंडल के डीआरएम ने की मुलाकात



**नवीन मेल संवाददाता। रांची** मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन से शनिवार को मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में रांची रेल मंडल के डीआरएम जसमीत सिंह बिंद्रा ने मुलाकात की।

मुख्यमंत्री को डीआरएम ने 26 फरवरी को जमशेदपुर और नामकुम रेलवे स्टेशन में अमृत स्टेशन, आरओबी (रोड ओवर ब्रिज) तथा आरयूबी (रोड अंडर ब्रिज) के शिलान्यास मौके पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम में सम्मिलित होने के लिए आमंत्रित किया। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी वर्चुअल माध्यम से देश में दो हजार रेल परियोजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास करेंगे। इस अवसर पर झारखंड में रेल विकास की कई योजनाओं का शुभारंभ भी किया जाएगा। इस उपलक्ष्य में 26 फरवरी को रेल मंडल रांची की ओर जमशेदपुर और नामकुम रेलवे स्टेशन पर कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है।

## संक्षिप्त खबरें

### राज्यपाल ने गृह मंत्री अमित शाह से दिल्ली में की मुलाकात



**रांची।** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने शनिवार को केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह से नई दिल्ली में भेंट की।

### झारखंड पुलिस के डॉग स्क्वॉयड में एक साथ आठ स्वान बहाल



**रांची।** झारखंड पुलिस का स्वान दस्ता मजबूत होगा। इसे लेकर एक साथ आठ स्वान को भर्ती किया गया हैं। सभी आठ स्वान उच्च कोटि के लैब्राडोर नस्ल के हैं। पहली बार विशुद्ध रूप से यह झारखंड का अपना स्वान दस्ता होगा। सीआईडी के स्वान दस्ते के कैंप में लियो, एलेक्स, बाबू, बारु, सैंडी, हनी, रूबी और किटी नाम के स्वान हैं। इनकी ट्रेनिंग सीआईएसएफ के एक मात्र वर्ल्ड क्लास कैंप में कराई जाएगी, सबसे खास बात यह है कि ये ट्रेनिंग कैंप रांची में ही है। स्वान दस्ते के सभी आठ स्वानों को छह माह की कड़ी ट्रेनिंग से गुजरना होगा। इसके बाद उन्हें स्वान दस्ते में शामिल किया जाएगा।

### डीएसपीएमयू : मिला गोल्ड मेडल



**रांची।** डीएसपीएमयू के दीक्षांत समारोह के दूसरे दिन शनिवार को बीएससी कैमेस्ट्री की टॉपर स्नेहा शर्मा को विवि के अधिकारियों ने उपाधि व स्वर्ण पदक देकर सम्मानित किया।

# रांची कृषि कॉलेज के पूर्ववर्ती छात्र संघ के सम्मेलन



### मातृ संस्था व विद्यार्थियों की नयी पीढ़ी के विकास में एलुमनाई एसोसिएशन का योगदान महत्वपूर्ण : साजी थॉमस

**नवीन मेल संवाददाता। रांची** बीएयू के रांची कृषि कॉलेज के पूर्ववर्ती छात्र संघ के दो दिवसीय सम्मेलन का शुभारंभ शनिवार को हुआ। पूर्ववर्ती छात्र संघ का यह 15वां सम्मेलन है। मौके पर अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के उपनिदेशक साजी थॉमस ने कहा कि अपनी मातृ संस्था और विद्यार्थियों की नयी पीढ़ी के विकास में किसी भी एलुमनाई एसोसिएशन का महत्वपूर्ण योगदान होता है। अमेरिका में ये संगठन बहुत शक्तिशाली होते हैं एवं हर वर्ष भव्य उत्सव में उनका मिलना होता है। संस्था के विकास एवं छात्र-छात्राओं की नयी पीढ़ी को करियर परामर्श एवं मार्गदर्शन देने के लिए ऐसे संगठनों का सशक्त होना आवश्यक है। पढ़ाई पूरी करने के बाद प्रोफेशनल दुनिया में आने पर जिंदगी चुनौतियों से भरी होती है, जिससे बहुत कुछ सीखने को मिलता है। साजी थॉमस ने कृषि महाविद्यालय से 1983 में स्नातक की उपाधि प्राप्त की थी। आईएआरआई, नई दिल्ली से मास्टर डिग्री प्राप्त करने के बाद पिछले तीन दशक से विश्व बैंक और आईएमएफ में कार्यरत रहे।

# मोदी की गारंटी को सफल बनाने में अग्रसर हो अल्पसंख्यक समाज : कर्मवीर सिंह

### अल्पसंख्यक मोर्चा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष अनवर हयात का हुआ पदभार कार्यक्रम

**नवीन मेल संवाददाता। रांची।** भाजपा प्रदेश अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अनवर हयात के सम्मान समारोह मे कार्यकताओं को संबोधित करते हुए प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा कि देश ही नहीं विदेशों में भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यों की सराहना की जा रही है। आज देश का हर नागरिक अपने को गर्वान्वित महसूस कर रहा है यही वजह है कि अल्पसंख्यक समाज के लोग हर दिन सैकड़ो की संख्या में भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अल्पसंख्यक मोर्चा पूरी मुस्तादी के साथ बूथ पर कार्य करें और बूथ जीतने का प्रयास करें। अपने संबोधन में मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अनवर हयात ने कहा कि मैं अपने शीर्ष नेताओं का तहे दिल से उन्हो शुक्रगुजार हूं कि उन्होंने मुझ पर विश्वास जताते हुए पुनः एक बार मोर्चा का प्रदेश अध्यक्ष बनाने का काम किया। उन्होंने कहा कि आने वाले चुनाव में अल्पसंख्यक मोर्चा पूरी तरह से बथ जीतने का कार्य करेगी और आगामी कार्यक्रमों में सनेह संवाद कार्यक्रम के अंतर्गत मोदी जी के विकास कार्यों को और उससे लाभान्वित हुए लोगों को संपर्क कर उनके साथ संवाद स्थापित करेगी साथ ही समाज के उन लोगों तक भी मोदी जी के कार्यों को पहुंचने का कार्य करेगी।



कार्यक्रम में भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष बालमुकुंद सहाय ने कहा कि अल्पसंख्यक मोर्चा के सभी पदाधिकारी प्रवास कर जिला में तथा मंडल में जाकर अल्पसंख्यक बहुल बूथ पर कार्य करते हुए अल्पसंख्यक वोट को पार्टी के झोली में लाने का प्रयास करें तथा अल्पसंख्यक समाज के साथ में मिलकर पार्टी के नीति सिद्धांत और देश को विकास के रास्ते पर देखने के लिए अपनी अहम भूमिका निभाएं इसके लिए अल्पसंख्यक मोर्चा अभी से ही इस कार्य में लग जाए।आज किस कार्यक्रम में कमाल खान भाजपा की प्रदेश प्रवक्ता राफिया नाज, सोना खान, काजिम कुरैशी, तारिक इमरान, ताजदार आलम, आरिफ नासिर भट्ट, शमीम रजा, लड्डू खान, नैयर आजम, सोनी तबस्सुम, इसरार खान, नजीर खान, सोनू एजाज, यासीन भारती, एंथोनी स्वामी, अलाउद्दीन सिद्दीकी, फातिमा शाहीन, सोनी तबस्सुम, बाबू खान, सरदार भाटिया, नजमुल हुदा, सैयद किरमानी, महताब आलम, कामरान अथर, ग्रामीण जिला अध्यक्ष इमरान खान, महानगर अध्यक्ष जॉनी वाकर खान, असद खान आलमगीर अंसारी मो कलीम जुम्मन खान निसार खान नासिर अंसारी सरदार सुरजीत सिंह आदि मुख्य रूप से शामिल थेकार्यक्रम के पश्चात अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अनवर हयात की अध्यक्षता में अल्पसंख्यक मोर्चा के पदाधिकारीयो व सैकड़ों की संख्या में कार्यकताओं ने हजरत कुतुबुद्दीन रसालदार शाह बाबा के मजार पर चादरपोशी कर स्नेह संवाद कार्यक्रम के तहत अल्पसंख्यक समाज के लोगों को साथ देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के विकास कार्यों को बताने का काम किया।

### बोकारो में ड्यूटी के दौरान ट्रेन की चपेट में आने से दो रेलवे कर्मियों की मौत

**बोकारो :** चंद्रपुरा-गोमो तेलो रेल लाइन के तेलो स्टेशन से करीबन डेढ़ किलोमीटर की दूरी पर दांदूडीह के समीप शनिवार तड़के ड्यूटी पर तैनात रेलवे के दो ट्रेक मैन (पेट्रोलिंग मेन) की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गयी। तेलो स्टेशन मास्टर की सूचना पर वरीय अनुभाग अभियंता रेल पथ चंद्रपुरा रंजीत कुमार घटनास्थल पर पहुंचे और घटना की जानकारी ली। अभियंता ने बताया कि 03:45 बजे सूचना मिलने के बाद तत्काल घटनास्थल पर पहुंचकर घटना की जानकारी ली। दोनों कर्मियों के शव क्षत-विक्षत पड़े थे। घटना इस्लामाबाद हटिया एक्सप्रेस गाड़ी संख्या 18623 की चपेट में आने से हुई। ड्यूटी के रिकॉर्ड के आधार पर दोनों की पहचान मोहन कुमार शर्मा (40) एवं राहुल कुमार (28) के रूप में हुई है। दोनों पेट्रोलिंग गश्ती में ड्यूटी कर रहे थे।

### आत्मनिर्भर भारत के निर्माण के लिए तीसरी बार मोदी को पीएम बनाना होगा : कोचे मुंडा

**नवीन मेल संवाददाता। खूंटी।** भाजपा विधायक और खूंटी संसदीय क्षेत्र के संयोजक कोचे मुंडा ने कहा कि यदि हमें भारत को विश्व गुरु और आर्थिक महाशक्ति के साथ आत्मनिर्भर बनाना है, तो हमें तीसरी बार नरेन्द्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाना होगा। भाजपा कार्यकर्ताओं की जिम्मेवारी है कि वे केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के लाभार्थियों के घरों में जाकर उन्हें आनेवाले लोकसभा चुनाव में फिर से कमल को खिलाने के लिए प्रेरित करें। विधायक शनिवार को तोरपा स्थित नगर भवन में आयोजित लाभार्थियों की समृद्धि, मोदी की गारंटी के तहत आयोजित कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में गांवों और गरीबों का जितना विकास हुआ।

### युवा चौपाल कार्यक्रम से ढाई लाख युवाओं को जोड़ेगी युवा मोर्चा : शशांक राज

**रांची।** भारतीय जनता युवा मोर्चा की एक बैठक प्रदेश कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष शशांक राज ने किया। बैठक में मोर्चा द्वारा 25 फरवरी से शुरू होने वाले शक्ति केंद्र स्तरीय युवा चौपाल को लेकर तैयारी की गई। प्रदेश अध्यक्ष शशांक राज ने कहा कि युवा चौपाल के माध्यम से नव मतदाताओं एवं युवाओं को मोदी के जनकल्याणकारी नीति एवं योजनाओं को बताते हुए पार्टी में अधिक से अधिक संख्या में जोड़ना है। साथ ही कहा कि चौपाल कार्यक्रम 25 फरवरी से प्रदेश भर में आरंभ होगा और समापन 5 मार्च को होगा। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम के माध्यम से सभी शक्तिकेन्द्र, पंचायत एवं वार्डों से 2.5 लाख युवाओं के बीच युवा मोर्चा के कार्यकताओं को पहुंचना है।


पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय
भारत सरकार
सत्यमेव जयते

झारखण्ड में स्वच्छ ऊर्जा, मोदी सरकार की गारंटी



"आज भारत 67 अरब डॉलर के निवेश के अवसर प्रदान करता है क्योंकि हम अपने ऊर्जा मिश्रण में प्राकृतिक गैस की हिस्सेदारी 6% से बढ़ाकर 15% कर रहे हैं" - नरेन्द्र मोदी

देवघर में सीजीडी के तहत पाइप्ड नेचुरल गैस (पीएनजी) का उद्घाटन

मुख्य विशेषताएं
- संथाल परगना प्रमंडल का पीएनजी प्राप्त करने वाला पहला जिला।
- देवघर भौगोलिक क्षेत्र में 3 जिले, 6264 वर्ग किमी एरिया एवं 6 लाख से अधिक घर शामिल हैं।
- सीजीडी निवेश ₹303 करोड़।
- देवघर भौगोलिक क्षेत्र के अन्य जिलों में 6500 पीएनजी कनेक्शन दिए गए।
- 350 किमी एमडीपीई नेटवर्क विस्तार के जरिए 2027 तक संपूर्ण देवघर शहर के 30,000 परिवारों को पीएनजी कनेक्शन।

एवं

पीएनजी एवं सीएनजी के लिए गोड्डा-दुमका भौगोलिक क्षेत्र में गैस नेटवर्क का शिलान्यास

मुख्य विशेषताएं
- गोड्डा-दुमका भौगोलिक क्षेत्र में 6 जिले, 14507 वर्ग किमी एरिया एवं 14 लाख से अधिक घर शामिल हैं।
- परियोजना लागत ₹1750 करोड़।
- पाइप्ड नेचुरल गैस से गोड्डा, दुमका, पोड़ैयाहाट, शिकारीपाड़ा, वासुकिनाथ, महागामा, पथरगामा, जामताड़ा, मिहिजाम, पाकुड़, लिट्टीपाड़ा और साहिबगंज जैसे क्षेत्र विशेष रूप से लाभान्वित।
- वाहनों को स्वच्छ ईंधन उपलब्ध कराने के लिए 100 सीएनजी स्टेशनों का निर्माण।

लाभ
- पाइप्ड नेचुरल गैस के जरिए झारखण्ड के स्थानीय लोगों, वाहनों और उद्योगों को निरंतर स्वच्छ, पर्यावरण-अनुकूल, किफायती एवं सुरक्षित ईंधन की आपूर्ति।
- सीधे रसोई तक ईंधन की उपलब्धता से बेहतर अनुभव, समय और लागत में बचत।
- बिहार सहित झारखण्ड के लाखों लोगों के जीवन में बदलाव।
- सामाजिक और आर्थिक विकास में बढ़ोतरी।
- क्षेत्रवासियों के लिए प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर।

श्री हरदीप सिंह पुरी
केंद्रीय मंत्री–पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस व आवासन एवं शहरी कार्य
के कर–कमलों द्वारा
(वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से)

गरिमामयी उपस्थिति
डॉ. निशिकांत दुबे, सांसद
श्री नारायण दास, विधायक, देवघर
श्री अमित कुमार मंडल, विधायक, गोड्डा

25 फरवरी, 2024 | देवघर



## एक नजर

### बाइक सवार ने की दिन दहाड़े एक लाख की लूट

**हजारीबाग।** तिलैया झूमरा निवासी कैलाश कुमार कुशवाहा से अपराधियों ने दिन दहाड़े एक लाख रुपए लूट लिए।बताया जाता है कि कैलाश दोपहर के समय पोस्ट ऑफिस से पैसा निकालकर अपने गंतव्य की ओर जा रहे थें तभी एक अपाची बाइक से आए दो अनजान लोगों द्वारा लूटपाट की घटना को अंजाम दिया गया।

इस घटना की शिकायत सदर थाना में भूत भोगी ने दर्ज किया है। पुलिस अधीक्षक ने इस मामले में सख्त कार्रवाई का भरोसा दिया है।

### लचरागढ़ में दो दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन

कोलेबिरा। प्रखंड क्षेत्र के लचरागढ़ इंद टांड़ मैदान में शनिवार से क्रिकेट क्लब लचरागढ़ की ओर से दो दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया है। क्रिकेट खेल में पुरस्कार जोड़ा खस्सी है,जिसमें फाइनल मैच जीतने वाली विजेता टीम को प्रथम पुरस्कार बड़ा खस्सी वहीं उपविजेता टीम को पुरस्कार के रूप में छोटा खस्सी दिया जाएगा।खेल आठ टीमों के बीच हो रही है,जशनिवार को कुल तीन मैच खेली गई,उद्घाटन मैच लचरागढ़ बी और ऐडेगा के बीच खेला गया जिसमें 56 रन के स्कोर से लचरागढ़ की टीम विजयी हुई,दूसरी मैच लसिया और बरसलोया के बीच जिसमें11 रन से लसिया,वहीं तृतीय और आज का अंतिम मैच लचरागढ़ ए वर्सेस कारीमाटी के बीच खेला गया जिसमें 77 रन के स्कोर से रोमांचक तरीके से खेलते हुए लचरागढ़ अ की टीम विजई हुई।आज सेमीफाइनल और फाइनल मैच खेला जाएगा।

### लोक अदालत में 61 मामलों का निष्पादन और 7 लाख की हुई वसूली

**सिमडेगा।** झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, झालसा राँची के निर्देशन एवं में जिला विधिक सेवा प्राधिकार, डालसा सिमडेगा के तत्वावधान में शनिवार को मासिक लोक अदालत का आयोजन व्यवहार न्यायालय परिसर में किया गया। इस अवसर पर कुल चार बेंच का गठन किया गया। पीडीजे राजकमल मिश्र ने वादीगणों, आम जनता को आग्रह पूर्वक कहा कि सुलहनीय वादों के निष्पादन में लोक अदालत सरल, सस्ता एवं सुलभ मार्ग है। मासिक लोक अदालत में कुल 61 लंबित मामलों का निष्पादन किया गया तथा 742100/- रुपये की राजस्व वसूली की गयी। इसके अतिरिक्त, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार, सिमडेगा के प्रकोष्ठ में जिला मोनिट्रिंग कमिटी की बैठक आयोजित की गई जिस पर विभिन्न एजेंडो पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई एवं अधिकारियों को आवश्यक दिशा- निर्देश दिया गया। विशेषकर आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत दिनांक 09 मार्च को होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों के निष्पादन हेतु विभिन्न विभागों के अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिया गया।

# अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ का हुआ चयन



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**
अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ सिमडेगा की शनिवार को आवश्यक बैठक जिला अध्यक्ष प्रेम कुमार शर्मा के अध्यक्षता में संघ भवन सिमडेगा में संपन्न हुई। इस बैठक में प्रमंडलीय अध्यक्ष अजय कुमार सिंह की उपस्थित में रिक्त पड़े पदों की जानकारी दी एवं इनको भरने के लिए सर्व सम्मति से जिला उपाध्यक्ष श्रवण बड़ाइक एवम सुशील बेक जिला संयुक्त सचिव अरविंद बा,जिला कोषाध्यक्ष सुबोध कुमार,जिला अंकेक्षक - सुमित सिन्हा,अंजनी कुमार सिंह, कार्यकारिणी सदस्यपाबरूस टोप्पो , प्रदीप प्रसाद, प्रमोद टेटे, दीप्ति रानी दत्ता, धनेश्वर यादव, सरोज राय ,आमोद रंजन ,ज्योति सोरेंग, ज्योति मुकुट मानी तिर्की।इस अवसर पर प्रमंडलीय अध्यक्ष अजय कुमार सिंह ने चुने गए सभी सदस्यों को बधाई दी एवम संगठन हित में जिला कमेटी के साथ मिलकर शिक्षक हित में कार्य करने का अपील किए। जिला अध्यक्ष एवम महासचिव ने उपस्थित सभी सदस्यों से अपील किए कि संगठन हित में सभी जिला कमेटी का सहयोग करे एवम किसी के बहकावे में आकर गलत कदम नहीं उठाए ।इन्होंने उपस्थित सभी पदाधिकारियों एवम सदस्यो से कहे कि किसी भी सदस्य को जिला कमेटी या जिला कमेटी के किसी भी सदस्य से कोई नाराजगी या विचार देना हो तो समय समय पर होने वाली बैठक में आकर अपना विचार दे ,ताकि सही समय में सही निर्णय लिया जा सके।जिला महामंत्री राजकुमार राम ने कहा कि संगठन को कमजोर होने नही दिया जाएगा।जल्द ही सभी प्रखंडों को और भी मजबूत किया जायेगा। मौके पर परितोष दत्ता, अमर कुमार सिंह, अजीत तिर्की, संजय चौरसिया, मृगेंद्र कुमार, संतोष रोहित, श्रवण बड़ाइक, सुशील बेक, अरविंद बा, सुबोध कुमार, पावरुस टोप्पो, प्रदीप प्रसाद, प्रमोद टेटे, दीप्ति रानी दत्ता, धनेश्वर यादव, सरोज राय, सतीश कुमार, संजय कुमार, सुमित सिन्हा, महेंद्र उराव, शंभू प्रसाद,सहित अन्य शिक्षक उपस्थित थे।

### सवालों के घेरे में वन विभाग

# दिन के उजाले में कट रहे हैं पेड़, रात में होती है ढुलाई



**नवीन मेल संवाददाता। जलडेगा**
वन विभाग के कर्मचारियों की लापरवाही के मामले अधिकांशतः सामने आते ही रहते है। वन विभाग के कर्मचारियों और अधिकारियों की लापरवाही उनकी कार्यप्रणाली को संदेहात्मक बनाती है। जिसके चलते क्षेत्र में वनों की कटाई पर रोक नहीं लगा पाती है। दरअसल इसी लापरवाही के कारण ही वनों की कटाई पर अंकुश नहीं लग पाता है और विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों को बदनामी का दंश झेलना पड़ता है। सिमडेगा जिले के जलडेगा प्रखंड में आये दिन हरे भरे वृक्षों को काटा जा रहा है। और जब तक विभाग को इसका पता चलता है तब तक प्रायः देखा गया है कि वन विभाग की टीम अधिकांश कार्यवाही में नाम पर केवल जंगलों में कटे पेड़ों के ठूंठ को देखकर ही इतिश्री कर लेता है जिसके चलते वृक्ष की कटाई निरंतर जारी है। मामला जलडेगा थाना क्षेत्र से जुड़ा है। जलडेगा के जंगलो को फिर से लकड़ी तस्करों की बुरी नजर लग चुकी है। कोनमेरला पंचायत क्षेत्र के बड़कीटांगर गांव के आसपास के जंगलों के साल पेड़ों की कटाई बदस्तूर जारी है।

# एकल अभियान का दस दिवसीय आचार्य अभ्यास वर्ग प्रारंभ



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा** सरना मंदिर सलडेगा एकल अभियान के तत्वधान 10 दिवसीय आचार्य अभ्यास वर्ग प्रशिक्षण प्रारंभ हुई,इस प्रशिक्षण में संच बिरु,ठेठइटांगर एवं सिमडेगा के नए आचार्यों का दस दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग आवासीय चल रहा है। प्रशिक्षण वर्ग में शनिवार को विहिप जिलाध्यक्ष कौशल राज देव सिंह देव द्वारा आचार्यों को मार्गदर्शन दिया गया।कौशल राज सिंह देव द्वारा बताया गया कि समाज में संस्कारित आचार्यों की आवश्यकता है, आचार्यों के द्वारा संस्कार शिक्षा पठन-पाठन एवं राष्ट्र प्रेमी बच्चों का निर्माण होना बहुत ही आवश्यक हो गया है।हम सब गाँव का वातावरण अच्छा बनाकर शिक्षित भारत,स्वच्छ भारत, संस्कारित भारत एवं स्वाभिमानी भारत का निर्माण करेंगे ताकि भविष्य में भारत देश का नाम दुनिया में आत्मनिर्भर देश का हो जाए। हमारी धर्म संस्कृति की रक्षा करना प्रत्येक सनातनी का कर्तव्य है,जहाँ भी अपना धर्म संस्कृति मिट जाती है वह देश विभक्त हो जाता है,इसलिए प्रत्येक गाँव संगठित हो, गाँव संगठित होगा तभी शिक्षित होगा तभी हम सरकार की सभी सुविधा को लेकर लाभान्वित हो सकेंगे।

### भाजपा जिला कार्यालय में गांव चौपाल व सामाजिक बैठक पर हुई चर्चा

**सिमडेगा।** जिला भाजपा कार्यालय में शनिवार को गांव चौपाल एवं सामाजिक बैठक कार्यक्रम की तैयारी एवं समीक्षा बैठक करते प्रदेश अध्यक्ष भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा शिवशंकर उरांव इस कार्यक्रम में शामिल हुए। मौके पर उन्होंने कहा कि गांव चौपाल का आयोजन करते हुए केंद्र सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का काम करें ताकि आने वाले लोकसभा चुनाव तक लोगों को केंद्र सरकार की योजनाओं की जानकारी हो और आने वाले चुनाव में हम अधिक से अधिक लोगों का जन समर्थन प्राप्त कर सकेंगे ।बैठक में प्रदेश सोसल मीडिया संयोजक डॉ राम कुमार मांझी, जिला भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा अध्यक्ष बसंत नारायण मांझी, राकेश रविकांत प्रधान महामंत्री, सुजान मुंडा, मोहन बड़ाइक, कृष्ण बड़ाइक, गजानंद बेसरा, मुनेश्वर तिर्की, जयंती देवी,उत्तम केरकेट्टा, अमरेन्द्र बड़ाइक, एवं अन्य सभी पदाधिकारियों की उपस्थिति रहे।

### लचर प्रशासनिक व्यवस्था से महाविद्यालय को क्षति

# कई बार मजिस्ट्रेट को दी है सूचना : सीएस




**नवीन मेल संवाददाता। बरही** रामनारायण यादव महाविद्यालय में इंटर और मैट्रिक की परीक्षाएं को लेकर परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं. परंतु लचर प्रशासनिक व्यवस्था के कारण महाविद्यालय को क्षति का सामना करना पड़ रहा है. शुक्रवार को संपन्न हुई परीक्षा के दौरान महाविद्यालय परिसर स्थित स्टूडेंट रिसोर्स सेंटर के बैनर पोस्ट सहित महाविद्यालय केसीसी टीवी का कैमरा भी परीक्षार्थियों ने क्षतिग्रस्त कर दिया. इस संबंध में केंद्राधिक्षक तुलेश्वर प्रसाद मेहता ने बताया कि परीक्षा के दौरान पुलिस बल नही होते है. परीक्षा समाप्ति के बाद परीक्षार्थी के साथ कई बाहरी लोग भी परीक्षा केंद्र परिसर में प्रवेश कर जाते हैं. इन शरारती लोगों के द्वारा किस प्रकार का नुकसान या क्षति पहुंचाया जा रहा है. इस संबंध में प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी को भी लिखित शिकायत कर पुलिस बल की मांग को गई है. परंतु इस दिशा में कोई सकारात्मक पहल नही हुई है. महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ बिमल किशोर ने बताया कि परीक्षा केंद्र पर समुचित सुरक्षा नहीं होने से महाविद्यालय को क्षति हो रहा है.

### 157 मरीजों की हुई स्क्रीनिंग

# 35 आईवीएफ मरीजों को दिया गया परामर्श



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
जिले के पदमा स्थित मां विंध्यवासिनी कॉलेज आफ एजुकेशन में रविवार को शिक्षकों में नैतिकता,जागरूकता एवं व्यावसायिकता विषय पर दो दिवसीय सेमिनार का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन ,गणेश वंदन एवं स्वागत गान से हुआ।शुरू किया गया ।मुख्य अतिथि कोबरा बटालियन ,बरही के कमांडेंट पवन कुमार सिंह रहे।सेमिनार में देश के जाने-माने शिक्षाविद प्रो डॉ. अरविंद झा ,प्रो डॉ.रश्मि चौधरी, प्रो .डॉ एससी. राय एवं प्रो. डॉ रविकांत ने विस्तार पूर्वक अपने अपने विचार रखें ।मुख्य वक्ता के रूप में इग्नू के प्रो डॉ. अरविंद कुमार झा ने शिक्षकों के व्यावसायिक, नैतिकता पर व्याख्यान विस्तार पूर्वक दिया ' सेमिनार में विनोबा भावे विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक

### नि:संतान दंपति के लिए आईवीएफ शिविर का हुआ आयोजन

# जनता की सेवा करना ही आरोग्यम अस्पताल का दायित्व है : हर्ष अजमेरा

**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
एचजेडबी आरोग्यम अस्पताल एवं क्षितिज हॉस्पिटल इसरी के संयुक्त तत्वाधान में शिविर नि:संतान दंपति के लिए आईवीएफ शिविर आयोजन किया गया,यह आयोजन सुबह 10:00 बजे से दोपहर करीब 2:00 बजे तक निरंतर रूप से चला रहा। शिविर में ओपीडी/परामर्श इस क्षेत्र के सबसे भरोसेमंद नाम डॉ. रंजन शरण के कुशल निर्देशन में अनुभवी स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. सुधा भेंगरा द्वारा सेवा दिया गया। इस शिविर में 157 मरीजों की स्क्रीनिंग की गई, जिनमें से 35 आईवीएफ मरीजों को सफल परामर्श दिया गया। इसी शिविर से आसपास के लोगों में काफी खुशी का माहौल देखने को मिला सभी



ने अस्पताल के निर्देशक एवं डॉक्टर के प्रति आभार जताया। आरोग्यम अस्पताल के आईवीएफ सेंटर मे 100 से भी अधिक सूने घरों में किलकारियाँ गूंजी वैसे ही आरोग्यम आईवीएफ सेन्टर आकर सन्तान सुख प्राप्त कर सकते हैं। शिविर को सफल बनाने में क्षितिज अस्पताल के डॉ. अशोक ने अपना बहुमूल्य योगदान दिया ।मौके पर अस्पताल के निर्देशक हर्ष अजमेरा ने कहा कि जनता जनार्दन की सेवा करना ही आरोग्यम अस्पताल का सबसे बड़ा दायित्व है। अस्पताल के द्वारा अब तक 100 से भी अधिक घरों में किलकारियाँ गूंजी है। अस्पताल में किफायती दर मे सेवा प्रदान की जाती है। मौके पर मार्केटिंग टीम मनीष कुमार, राघिब फैजी,परिचर्या कर्मचारी अंशू तिर्की, रीना तिर्की सहित कई लोग मौजूद थे।

## न्यूज बॉक्स

### जिला कांग्रेस कार्यालय में लोकसभा से संबधित महत्वपूर्ण बैठक संपन्न



**हजारीबाग।** जिला कांग्रेस कार्यालय कृष्ण बल्लभ आश्रम में 2024 लोकसभा के मद्देनजर एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया । बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार यादव ने की । बैठक में तीन जोन बांटकर तीन संयोजक तथा सभी प्रखंडों में दो-दो प्रभारी नियुक्त किए गए । निसार खान, कृष्णदेव प्रसाद सिंह, विकास यादव को संयोजक वहीं अशोक देव, ललितेश्वर प्रसाद चौधरी को नगर का अजय गुप्ता, राजीव मेहता को कटकमसांडी का प्रदीप मिश्रा, गोविंद राम को कटकम दाग का जावेद इकबाल, मो. रब्बानी को सदर का कैलाशपति देव, भैया असीम कुमार को दारू का विशेश्वर स्वर्णकार, सुरेन्द्र मिश्रा को टाटीझरिया का उपेन्द्र कुमार राय, ओमप्रकाश झा को विष्णुगढ़ का अनवर हुसैन, यमुना यादव को पदमा का अरूण चौधरी, कृष्णा मेहता को बरकठ्ठा का नारायण साव, समसुद्दीन अंसारी को चलकुशा का रीतलाल मंडल, मनोज मेहता को इचाक प्रखंड का प्रभारी नियुक्त किया गया है। मौके पर महानगर अध्यक्ष मनोज नारायण भगत प्रखंड अध्यक्षों में नौशाद आलम, नरसिंह प्रजापति, अब्बास अंसारी, गौतम मेहता, अब्दुल मनान वारसी, मुस्ताक अंसारी, मुगेश्वर प्रसाद चौधरी, निसार अहमद भोला के अतिरिक्त कई कांग्रेसी उपस्थित थे।

### संत शिरोमणि गुरु रविदास, बाबा संत गाडगे महाराज व सबरी माता की जयंती मनाई गई



**हजारीबाग।** झारखंड राज्य अनुसूचित जाति/ जनजाति अधिकार मोर्चा एवं अखिल भारतीय अनुसूचित जाति कल्याण सेवा समिति के द्वारा बड़ा बाजार सरदार चौक स्थित कार्यालय में संत शिरोमणि गुरु रविदास, बाबा संत गाडगे महाराज एवं सबरी माता की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केंद्रीय अध्यक्ष राजेश राम ने कहा संत शिरोमणि गुरु रविदास अपने काल में समता मूलक समाज की परिकल्पना किए थे, जिसमें सभी धर्म समाज के लोग मिलजुल कर रहे। प्रदेश अध्यक्ष प्रकाश पासवान ने कहा संत शिरोमणि गुरु रविदास के बताए मार्ग पर चलने की आवश्यकता है, जिन्होंने कर्म करने पर ज्यादा जोर दिया । केंद्रीय उपाध्यक्ष प्रोफेसर माधो राम ने कहा आज बहुत चालाकी से हमारे संत महापुरुष के इतिहास को मिटाया जा रहा है, आवश्यकता है इन्हें संग्रहित कर अपने आने वाले पीडिया को बताने का। प्रदेश महासचिव नंदू वीर राम भुइयां ने कहा हमारे जितने भी संत एवं महापुरुष हुए हैं, इनको स्कूलों एवं कॉलेज के पाठ्यक्रमों में शामिल किया जाए ताकि हमारी पीढ़ियां संत महापुरुषों के बारे में जानकर जागरूक हो सके । माता शबरी के बारे में कहा की माता शबरी प्रकृति के पुजारी थी ,और अपना शादी से पहले हो रहे पशु की बली को सहन नहीं कर पाई और अपने घर छोड़कर चली गई ताकि उनके बलिदान ना हो सके। कार्यक्रम में केंद्रीय कार्य समिति सदस्य छेदी राम, केंद्रीय कोषाध्यक्ष शशि भूषण प्रसाद, केंद्रीय सचिव राजू रवि, प्रदेश कोषाध्यक्ष बबलू कुमार पासवान, मिलन रजक ,दीपक महतो, प्रदेश मीडिया प्रभारी संतोष कुमार, प्रदेश सचिव राजकुमार रजक, दिलीप पासवान ,लुपुंग पंचायत मुखिया आदि उपस्थित थे ।

### चुनाव सुधार के मुद्दे पर खतियानी परिवार की हुई बैठक



**हजारीबाग।** पुराना सचिवालय अवस्थित धरना स्थल के समीप खतियानी परिवार की बैठक मो हकीम की अध्यक्षता मे हुई जिसमे देश की वर्तमान राजनितिक परिदृश्यों की समीक्षा करते हुए केन्द्र और चंडीगढ़ की सरकार पर आक्रोश व्यक्त किया गया कि सरकार द्वारा धन बल और दमनकारी नितियों के सहारे चुनाव परिणाम बदल दिए जाते है जो लोकतंत्र के लिए घातक और शर्मनाक है।बैठक में इस बात पर भी मंत्रना हुई कि चुनावो मे धन बल और गुंडागर्दी को पूरी तरह से समाप्त किया जाए ताकि देश का निर्धन व्यक्ति भी चुनावो मे खडे होकर सांसद, विधायक बन सके।बैठक में पार्टी बदलने वाले सांसदों विधायकों को मिलने वाली सुविधाओं को बंद करने की भी मांग की गई। बैठक में सईद अहमद,मो. साबीर,बाबु भाई विद्रोही,बोधी साव,सुरेश महतो,महबुब आलम,महेश विश्वकर्मा,हनजला हाश्मी,अनवर हुसैन,अशोक राम,शम्भू ठाकुर,तनवीर अख्तर,प्रवीण मेहता,जीलानी खान,चन्द्र राम,निसार अहमद समेत कई अन्य उपस्थित थें।

### आदिवासी एकता मंच की बानो में हुई बैठक



**बानो।** आदिवासी एकता मंच की शनिवार को बैठक मंच के अध्यक्ष बिलकन बगरैल की अध्यक्षता में डांक बंगला परिसर में हुई।जिसमें आदिवासी समुदाय के समुदायिक चुनवतियो, समुदायिक एकता, संस्कृति, एवं अनुसूचित क्षेत्र के सरकारी प्रावधानों पर गंभीर मंथन किया गया।जंगल, वन अधिकार एवं सरकारी प्रावधानों पर समुदाय के अगुओ को जागृत किया गया। बैठक में काफी संख्या में मंच के सदस्य उपस्थित थे।पमो पहन, जॉर्ज महतो, सबन पहन, सुधीर लुगुन, डोरोथी लुगुन, हीरामनि, अनूप मिंज, जिला परिसद बिरजो कंडुलना, जगदीस बागे,करमा बडिंग,सोमारी कैथवर,कृपा हेमरोम आदि लोग उपस्थित थे।

### ट्रक के नीचे दबने से कर्मी की हुई मौत

**ठेठईटांगर।** थाना क्षेत्र के सिरिंगबेड़ा के पास रोड निर्माण कार्य में लगे ट्रक के नीचे दबने से शनिवार को पश्चिम बंगाल के रानीगंज निवासी सैफुल इस्लाम नामक व्यक्ति की मौत हो गई। इधर मामले की जानकारी पुलिस को दी गई जिसके बाद पुलिस ने मृतक के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाने के पश्चात शव साथियों को सौंप दिया ,वहीं साथियों की मदद से एंबुलेंस द्वारा उसके शव को उसके पैतृक गांव रानीगंज भेजा गया। जानकारी देते हुए पुलिस ने बताया कि सिरिंगबेड़ा के पास सड़क निर्माण कार्य चल रही है, वहां पर ट्रक खड़ी थी और वहां पर काफी संख्या में लोग काम कर रहे थे।

# माघ पूर्णिमा के मौके पर हुई सत्यनारायण कथा व शांति पाठ



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**
सिमडेगा थाना परिसर स्थित हनुमान मंदिर प्रांगण में शनिवार को माघ पूर्णिमा के मौके पर सत्यनारायण कथा नवग्रह शांति पाठ हवन पूजन का आयोजन किया गया। मौके पर पुजारी सोमनाथ मिश्रा के द्वारा सभी प्रकार के धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कारण इस दौरान काफी संख्या में महिलाएं मौजूद कर सत्यनारायण व्रत एवं नवग्रह शांति पाठ तथा हवन किया। जानकारी देते हुए पुजारी ने बताया कि 28 वर्षों से लगातार मंदिर प्रांगण में पूर्णिमा के मौके पर सत्यनारायण कथा हवन पूजन आदि अनुष्ठान किए जाते हैं, जिसमें काफी संख्या में लोगों की सहयोग होती है। उन्होंने कहा कि लगातार आगे दिन प्रतिदिन हनुमान मंदिर में कई प्रकार के आयोजन किए जाएंगे , वही उन्होंने बताया कि माघ पूर्णिमा के दिन इस प्रकार का आयोजन से घर परिवार में सुख समृद्धि बनी रहती है हनुमान वाटिका मंदिर परिवार से जुड़े अभय सिंह, अनुज बक्शी, जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल - वस्त्र तथा अन्न वितरण, सड़क पर यत्र तत्र भटकते गौवंशीय पशुओं के इलाज और देखरेख तथा चारे की व्यवस्था, निःशुल्क श्रीमद्भगवद्गीता और अन्य धार्मिक पुस्तकों का वितरणआदि का आयोजन एवं प्रत्येक मंगलवार को मंगलवारी महाआरती एवं भंडारा प्रसाद वितरण आदि कार्यक्रम भी संचालित किया जाता रहा है ।

### संत रविदास जयंती पर कार्यक्रम का आयोजन

# हिन्दू या मुस्लिम से नहीं मानवता से था संत रविदास को मतलब : बिमला

**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**
संत शिरोमणि रविदास की जयंती शनिवार को मोची समाज सिमडेगा के जिलाध्यक्ष जितनाथ राम के अगुवाई में नगर के वार्ड नम्बर 13 हरिपुर मुहल्ला में मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूवात अतिथियों के द्वारा संत रविदास जी के चित्रों पर दिप प्रज्वलित एवं माल्यार्पण कर किया गया। कार्यक्रम को मुख्य अतिथि पूर्व विधायक विमला प्रधान ने संबोधित करते हुए संत शिरोमणि रविदास के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि रविदास का जन्म आज के ही दिन माघ पूर्णिमा 1976 ई0 को उत्तर प्रदेश शहर के गोबर्धनपुर गांव में एक मोची परिवार में हुआ था।गुरु रविदास मध्यकाल में एक संत कवि सतगुरु थे। इन्हें संत शिरोमणि सत गुरु की उपाधि दी गई थी इन्होंने रविदासिया



पंथ की स्थापना की थी रविदास जन्म ऐसे समय हुआ था जब उत्तर भारत के कुछ क्षेत्रों में मुगलों शाशन था चारो तरफ अत्याचार,गरीबी, भ्ष्टाचार एवं अशिक्षा का बोल बाला था उस समय मुस्लिम शासकों के द्वारा प्रयास किया जाता था कि अधिकांश हिंदुओं को मुस्लिम बनाया जाए ।उस समय रविदास की ख्याति लगातार बढ़ रही थी । उनके लाखो भक्त थे, जिनमें हर जाति समुदाय के लोग शामिल थे । यह सब देखकर एक मुस्लिम सदना पीर उनको मुसलमान बनाने आए थे। उसका यही सोचना था कि अगर रविदास मुस्लिम बन जाते हैं तो उनके लाखो भक्त भी मुस्लिम हो जाएंगे। ऐसा सोचकर उन पर हर प्रकार का दबाव बनाया गया था लेकिन संत रविदास तो एक महान संत थे। उन्हें किसी हिन्दू या मुस्लिम से नहीं मानवता से मतलब था। भाजपा पूर्व जिला अध्यक्ष संजय ठाकुर ने कहा ।

### एसपी ने नव पदस्थापित थाना प्रभारी के साथ की समीक्षा बैठक

सिमडेगा। सिमडेगा एसपी सौरभ ने शनिवार को जिले के सभी नव पदस्थापित थाना प्रभारी के साथ एसपी कार्यालय सभागार में समीक्षा बैठक का आयोजन किया। मौके पर मुख्य रूप से सपा के अलावा डीएसपी पतरस बरवा, डीएसपी बैजू उरांव मौजूद रहे। मौके पर एसपी ने सभी नव पदस्थापित थाना प्रभारी को पीपीटी के माध्यम से जिले की भौगोलिक स्थिति आपराधिक इतिहास क्षेत्र के छोटी-बड़ी बिंदुओं एवं विधि व्यवस्था से संबंधित है सभी प्रकार की जानकारी दी। मौके पर एसपी ने बताया कि जिले के सभी थाना क्षेत्र में सभी थाना प्रभारी क्षेत्र में सामुदायिक पुलिसिंग को विशेष जोर देते हुए पुलिस और पब्लिक के बीच मधुर संबंध स्थापित करें ताकि लोग थाना बेहिचक आकर अपनी समस्याओं को रख सके। उन्होंने कहा कि पूर्व की तरह सभी थाना क्षेत्र में विधि व्यवस्था बनी रहे इसके लिए सभी नव पदस्थापित थाना प्रभारी इसका विशेष ध्यान रखेंगे।

## एक नजर

### चपवा में धूमधाम से मनी शबरी जयंती

**हजारीबाग।** भेलवारा पंचायत के प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम चपवा के सचिव तपेश्वर राम ने कहा कि माता शबरी के जूठे बेर खाकर भगवान राम ने दुनिया को समता भाईचारा और बंधुत्व का संदेश दिया . ग्रंथों के अनुसार माता शबरी भगवान श्री राम की परम भक्त थी. शबरी का असली नाम ह्लश्रमणाह्व था. ये भील सामुदाय के शबर जाति से संबंध रखती थीं. इसी कारण कालांतर में उनका नाम शबरी हुआ. इनके पिता भीलों के मुखिया थे, उन्होंने श्रमणा का विवाह एक भील कुमार से तय किया था. विवाह से पहले परंपरा के अनुसार कई सौ पशुओं को बलि देने के लिए लाया गया. जिन्हें देख श्रमणा का हृदय द्रवित हो उठा कि यह कैसी परंपरा जिसके कारण बेजुबान और निर्दोष जानवरो की हत्या की जाती है. इसी कारणवश शबरी अपने विवाह से एक दिन पूर्व अपना घर त्याग कर दंडकारण्य वन में पहुंच गई. दंडकारण्य में मातंग ऋषि तपस्या किया करते थे. श्रमणा उनकी सेवा करना चाहती थी परंतु वह भील जाति से थी जिसके कारण उन्हें लगता था कि उन्हें सेवा करना का अवसर नहीं मिलेगा।

### हजारीबाग की संगीता राज्यपाल के हाथों सम्मानित

**हजारीबाग।** केबी महिला महाविद्यालय की एनसीसी अन्डर ऑफिसर संगीता कुमारी को राज्यपाल के हाथों सम्मानित किया गया है। शुक्रवार को राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने रीपब्लिक डे कैम्प में भाग लेने वाले राज्य के सभी कैडेटों से मुलाकात की और उन्हें सम्मानित किया। संगीता कुमारी अपने बटालियन से चयनित एकमात्र सीनियर विंग कैडेट थीं जिन्होंने आरडीसी कर्तव्य पथ परेड में हिस्सा लिया था।

ज्ञात हो केबी महिला महाविद्यालय में प्रशासनिक लापरवाही के कारण एनसीसी सेवा बंद हो चुकी है, ऐसे में उनकी ट्रैनिंग मार्खम कॉलेज से पूरी हुई। उनकी इस सफलता पर मार्खम कॉलेज कंपनी भी काफी खुश है। संगीता बताती हैं, जीजा एवं बड़ी दीदी का इस सफलता में अहम योगदान है और सेना में अफसर बन कर उनका नाम रौशन करना चाहती हैं।

### नगर भवन बानो प्रांगण में हुई भाजपा प्रखंड समिति की बैठक

**बानो।** नगर भवन बानो के प्रांगण में भारतीय जनता पार्टी प्रखंड समिति की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष कामेश्वर सिंह ने किया। बैठक में मोदी सरकार के अभिनंदन पत्र को जन-जन तक पहुंचाने हेतु कार्यकताओं के बीच अभिनंदन पत्र का वितरण किया गया ।प्रखंड अध्यक्ष कामेश्वर सिंह ने कहा कि मोदी सरकार की उपलब्धियां के बारे में घर-घर तक पहुंचाएं तथा जानकारी दें। भारत सरकार द्वारा चलाये गये योजनाओं लाभार्थियों के बीच अभिनंदन पत्र का वितरण कर सरकार के उपलब्धियां के बारे में जानकारी दें।

पृष्ठ पांच की खबरें पृष्ठ छह पर भी देखें

# डिवाइन पब्लिक स्कूल के तीन एनसीसी कैडेट्स को राज्यपाल ने किया सम्मानित



**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा** प्रखंड के ग्राम गंगपांचो स्थित डिवाइन पब्लिक स्कूल के 3 एनसीसी कैडेट्स को राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने सम्मानित किया।विदित हो कि एनसीसी कैडेट्स को नई दिल्ली में आयोजित गणतंत्र दिवस शिविर 2024 में भाग लेने पर सम्मानित किया गया है। जिसमें विद्यालय के करण कुमार, हिमांशु टुडू और प्रिंस चौधरी ने अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन देते हुए इस मुकाम को हासिल किया। राज्यपाल ने कहा कि कैडेट्स ने प्रतिनिधत्व कर अपनी मेहनत और समर्पण से राज्य का नाम रौशन किया है। उन्होंने कहा कि एनसीसी विविध गतिविधियों के माध्यम से युवाओ को दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन कर रहा है। सम्मान प्राप्त कर विद्यालय लौटने पर विद्यालय के निदेशक इंद्रदेव प्रसाद भारती ने बच्चों का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि एनसीसी युवाओं के लिए व्यक्तित्व को विकास करने और देश की प्रगति में योगदान देने का एक उत्कृष्ट संगठन है। कहा एक अनुशासित व्यक्ति ही अपने जीवन मे सफलता प्राप्त कर सकता है। प्राचार्या स्वाति रंजन ने कहा कि मैं अपनी युवा पीढ़ी से अपील करती हूं कि लोगों की आवयकताओं को ध्यान में रखते हुए समाज के कमजोर एवं वंचित वर्गो के उत्थान हेतु आप कार्य करें। आज राष्ट्र के समक्ष अनेक चुनौतियां है उनका सामना करने के लिए हमारी युवा शक्ति को अनुशासित होकर एक अत्यन्त महत्वपूर्ण योगदान देना पड़ेगा।

## हजारीबाग की संगीता कुमारी को राज्यपाल ने किया सम्मान

**हजारीबाग।** केबी महिला महाविद्यालय की एनसीसी अंडर ऑफिसर संगीता कुमारी को राज्यपाल के हाथों सम्मानित किया गया है। शुक्रवार को राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने रीपब्लिक डे कैम्प में भाग लेने वाले राज्य के सभी कैडेटों से मुलाकात की और उन्हें सम्मानित किया। संगीता कुमारी अपने बटालियन से चयनित एकमात्र सीनियर विंग कैडेट थीं जिन्होंने आरडीसी कर्तव्य पथ परेड में हिस्सा लिया था। ज्ञात हो केबी महिला महाविद्यालय में प्रशासनिक लापरवाही के कारण एनसीसी सेवा बंद हो चुकी है, ऐसे में उनकी ट्रैनिंग मार्खम कॉलेज से पूरी हुई। उनकी इस सफलता पर मार्खम कॉलेज कंपनी भी काफी खुश है। संगीता बताती हैं, जीजा एवं बड़ी दीदी का इस सफलता में अहम योगदान है और सेना में अफसर बन कर उनका नाम रौशन करना चाहती हैं।

### मेगा विधिक सशक्तिकरण शिविर का जिलास्तरीय कार्यक्रम आज

**हजारीबाग।** जिला मुख्यालय के साथ-साथ सभी प्रखंडों में मेगा विधिक सशक्तिकरण शिविर आयोजित किए जायेंगे। मेगा विधिक सशक्तिकरण शिविर का आयोजन जिला विधिक सेवा प्राधिकार के द्वारा आयोजित किए जा रहे है। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सत्य प्रकाश सिन्हा की अध्यक्षता एवं जिला प्रशासन के सहयोग से यह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। जिला प्राविधिक सेवा प्राधिकार के सचिव गौरव खुराना ने गुरुवार को बताया कि इस कार्यक्रम के तहत जिला मुख्यालय सहित सभी प्रखंडों में यह कार्यक्रम 25 फरवरी को समय 11:00 पूर्वाह्न से प्रारंभ होगा। टाउन हॉल में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में जिला के प्रधान जिला जज, उपायुक्त,पुलिस अधीक्षक, प्रखंड विकास पदाधिकारी,अंचलाधिकारी समेत कई पदाधिकारी भी मौजूद रहेंगे। सशक्तिकरण शिविर के दौरान न्यायिक पदाधिकारी, मध्यस्थ, पैनल अधिवक्ता और पारा लीगल वालंटियर मौजूद रहेंगे।

## चाणक्य आईएएस एकेडमी में करियर काउंसलिंग का आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** कौशल्या प्लाजा स्थित चाणक्य आईएएस एकेडमी में शनिवार को करियर काउंसलिंग का आयोजन किया गया, जिसमें मोटिवेशनल स्पीकर व चाणक्य आईएएस एकेडमी के वाइस प्रेसिडेंट विनय मिश्रा, जेनरल मैनेजर रीमा शामिल हुए और विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। दरअसल इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्र-छात्राओं को अपने लक्ष्य के प्रति जागरूक करना था। इस मौके पर चाणक्य आईएएस एकेडमी के वाइस प्रेसिडेंट व मोटिवेशनल स्पीकर विनय मिश्रा ने करियर काउंसलिंग में शामिल छात्र-छात्राओं को उनके लक्ष्य के प्रति सचेत करते हुए परिश्रम को सफलता की कुंजी बतायी। इस बीच सिविल सेवा के विशेषज्ञ और अनुभवी शिक्षकों की टीम छात्र-छात्राओं को विषय चुनाव और लक्ष्य चुनाव के बारे में पूर्ण जानकारी देकर विद्यार्थियों का ज्ञान वर्धन किया। साथ ही विद्यार्थियों को सिविल सेवा परीक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां दी गई। काउंसलिंग के दौरान संस्थान के वाइस प्रेसिडेंट विनय मिश्रा ने बताया कि 12वीं पास होने के बाद कोई भी विद्यार्थी सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी कर सकता है।

### पीएम के कार्यक्रम का ग्यारह स्थानों पर होगा लाइव प्रसारण

**बरही।** स्वास्थ्य सुविधाओं को सुलभ बनाने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा देश के विभिन्न राज्यों में रविवार को शिलान्यास कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा. शिलान्यास कार्यक्रम का बरही के ग्यारह विभिन्न स्थानों पर लाइव प्रसारण किया जायेगा. उक्त जानकारी अनुमंडलीय अस्पताल की उपाधीक्षक डॉ प्रकाश ज्ञानी ने प्रेस वार्ता आयोजित कर दी. उन्होंने बताया कि हालांकि बरही ने स्वास्थ्य संबंधित किसी भी योजना का शिलान्यास नही होना है, सभी योजनाएं निमार्णाधीन है. फिर भी पीएम के कार्यक्रम को अनुमंडलीय सहित बरही प्रखंड के पीएचसी गौरियाकरमा, आयुष्मान सेंटर गुड़ियो, बिजैया, पंचमाधव, करियातपुर, कुंडवा, पड़रिया और पदमा प्रखंड के पदमा, गरुकुरहा, सरैया, परतन और चंपाड़ीह में लाइव प्रसारण की व्यवस्था की गई है. इस कार्यक्रम में सभी सहिया, स्वास्थ्यकर्मी, चिकित्सक, समाजसेवी, जनप्रतिनिधि व प्रबुद्धजन भाग लेंगे.

## देश की उन्नति के लिए संतों का अनुसरण जरूरी : सीके पांडेय



**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा** प्रखंड में संत शिरोमणि रविदास जयंती परंपरागत ढंग से मनाई गई ।इस अवसर पर ग्राम बेलकप्पी के बडासिंगा एवं झुरझुरी के ग्राम कोषमा में आयोजित कार्यक्रम में जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि सह समाजसेवी सी के पाण्डेय ने लोगों से संत रविदास के आदर्शों को जीवन में उतारने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि देश और समाज की उन्नति के लिए संतों का अनुसरण जरूरी है। संतों ने समाज को जागरूक करने का कार्य किया है ।उन्हीं में एक संत रविदास ने रूढ़िवादिता को समाप्त करने की पहल कर समाज को एक नई दिशा प्रदान की। संतों की जयंती पर कार्यक्रमों का आयोजन बेहतर पहल है ।वहीं झुरझुरी के पूर्व मुखिया सुमन कुमार ने अपने उद्बोधन में संत रविदास के जीवन एवं दर्शन पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम के प्रथम चरण में सभी अतिथियों का सम्मान किया गया तथा बाल कलाकारों द्वारा भजन एवं नृत्य प्रस्तुत किए गये। इस अवसर पर चंदवारा के जिप सदस्य महादेव राम, बिनोद दास, बैजंती देवी, यशोदा देवी समेत दर्जनों की संख्या में महिला-पुरूष उपस्थित थे।

## न्यूज बॉक्स

### सरस्वती विद्या मंदिर रजरप्पा प्रोजेक्ट में मनायी गयी संत रविदास जयंती



**रामगढ़।** संत रविदास की 648वीं जयंती के अवसर पर सरस्वती विद्या मंदिर रजरप्पा प्रोजेक्ट में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यालय के भैया-बहन, आचार्य शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रभारी मिथिलेश कुमार खन्ना ने किया। उन्होंने संत रविदास जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए उनके जीवन और संदेशों का परिचय दिया। उन्होंने कहा कि संत रविदास जी हमारे लिए एक प्रेरणा स्रोत हैं। उन्होंने कहा कि संत रविदास ने हमें समाज में एकता, भाईचारा, सामाजिक सद्भावना, समानता और न्याय का जो सन्देश दिया है उसे अपने जीवन में उतारना चाहिए और देश में सामाजिक सद्भाव और विकास में अपना योगदान देना चाहिए। कार्यक्रम में कक्षा नवम की बहन-मानसी पंडा,रागिनी कुमारी,कक्षा अष्टम की नूतन,कक्षा षष्ट की आराध्या साहदेव आदि ने संत रविदास जी की रचनाओं का गायन, भाषण के माध्यम से उनकी भक्ति और ज्ञान का प्रदर्शन किया।कार्यक्रम में आचार्य बच्चूलाल तिवारी, शुक्ला चौधरी, अक्षय सिंह, अमरदीप नाथ साहदेव, इंद्रजीत सिंह, रेखा पाठक आदि उपस्थित थे।

### सफलता के लिए छात्रों को नियमित अभ्यास करना आवश्यक : सत्येंद्र प्रसाद



**बरकट्ठा ।** प्रखंड के कपका स्थित सीबीएसई पैटर्न पर आधारित विद्यालय में क्विज कंप्टीशन का आयोजन किया गया। विद्यालय निदेशक सत्येंद्र प्रसाद ने बच्चों से मैथ, साइंस ,जीके से लगभग 100 प्रश्न किये। जिसमें प्रथम सूरज राणा, द्वितीय आशिक कुमार मंडल और तृतीय स्थान पर रिया मंडल रही। मौके पर निदेशक ने बच्चों से कहा कि नियमित सभी विषयों का अभ्यास करेंगे तो ही आप भविष्य में डॉक्टर, इंजीनियर या आईएएस अफसर बन पाएंगे,नियमित अभ्यास से ही सफलता प्राप्त की जा सकती है। इसके लिए आपको प्रत्येक दिन एक कदम आगे बढ़ना होगा। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य दिनेश कुमार भारती ने बच्चों को सम्मानित करते हुए कहा कि विद्यालय समय-समय पर बच्चों के बीच इस प्रकार के कार्यक्रम का आयोजन करती है। जिससे बच्चों के अंदर अपने गुण की पहचान करने की क्षमता विकसीत होती है। इस अवसर पर संस्था के प्रबंधक निदेशक वीरेंद्र प्रसाद ने कहा की समय-समय पर क्विज का आयोजन होने से बच्चों में सीखने की ललक बढ़ती है तथा एक दूसरे से ज्ञान का आदान-प्रदान होता है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्था के सभी शिक्षक एवं शिक्षिका ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### केजीवीके का प्रयास से लोगों को मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराना है : सुधीर मंगलेश



**रामगढ़।** समग्र ग्राम विकास परियोजना के तहत ग्राम उरबा में सोलर आधारित जलमिनार का उदघाटन दुलमी प्रखंड के उरबा में एचडीएफसी बैंक से संपोषित व केजीवीके द्वारा संचालित समग्र ग्राम विकास परियोजना के तहत प्रखंड के चयनित ग्राम उरबा में सोलर पंप आधारित स्थाई जलमिनार का उदघाटन प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश,वीडीसी सदस्य मुकेश कुमार,परियोजना के सहायक प्रबंधक रोहित पाण्डेय,पिंकी देवी, ग्राम समन्वयक चतुर महतो, अन्नुलाल गंझू, आंगनबाड़ी सहायिका रेखा देवी ने संयुक्त रूप से किया। मौके पर बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश ने कहा कि यह संस्था का अच्छा प्रयास है कि लोगों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के लिए इस तरह का जलमिनार का निर्माण किया जा रहा है। यह काफी अच्छी पहल है क्योंकि गर्मी और बरसात में लोगों को स्वच्छ पेयजल मिल सकेगा। संस्था का प्रयास है कि लोगों के मूलभूत सुविधाओं को उपलब्ध कराना। परियोजना प्रबंधक सोमेन महतो ने कहा कि परिवर्तन कार्यक्रम के तहत संस्था का लक्ष्य है की चयनित सभी 10 ग्रामों के ग्रामीणों को पीने के लिए स्वच्छ पानी आसानी से उपलब्ध कराया जा सके। उन्होंने बताया सोलर आधारित जलमिनार पूरी तरह से स्वचालित है इसमें चार हजार लीटर पानी एकत्रित करने की क्षमता है ।परियोजना के सहायक प्रबंधक रोहित पाण्डेय ने कहा कि अभी और दो सोलर आधारित जलमिनार ग्राम साड़म व कुल्ही में बन कर तैयार है ।इस अवसर पर सुषमा देवी,अर्जुन महतो,चूरामन महतो, अन्नू महतो,रामानंद सागर,रोहित कुमार,विकास कुमार महतो, रामप्रसाद महतो, रोशन कुमार, जलमिनार लाभुक समिति एवं ग्राम विकास समिति के सदस्य उपस्थित थे।

### शिलाडीह पैक्स चुनाव के लिए नामांकन 26 को



बरकटठा। प्रखंड के शिलाडीह पंचायत में पैक्स लिमिटेड का संचालन को लेकर पैक्स अध्यक्ष का चुनाव की तिथि घोषित कर दी गई है। चुनाव प्रक्रिया को लेकर सहायक निबंधक सहयोग समिति कार्यालय हजारीबाग द्वारा पत्र जारी कर बताया गया कि चुनाव के लिए 26 फरवरी को नामांकन पत्र की बिक्री, नामांकन-पत्र जांच, सूची प्रदर्शन किया जाएगा। 27 फरवरी को आपत्ति व निष्पादन, विधिमान्य नामाकन की सूची प्रदर्शन, नामांकन वापसी और वापसी के बाद अंतिम सूची प्रदर्शन, चुनाव चिन्ह आवंटन और 11 मार्च को मतदान तथा परिणाम का घोषणा किया जाएगा। इसके लिए प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी कारु राम और भुपनाथ महतो को निर्वाचन पदाधिकारी नियुक्त किया गया है।

### प्रखंड के विभिन्न स्थानों पर मनाया गया संत रविदास की जयंती

## संत शिरोमणि ने जीवन भर जातपात का विरोध किया : डीआइजी



**नवीन मेल संवाददाता। बरही** कर्मभक्ति के पुजारी संत शिरोमणि रैदास की 647वीं जयंती प्रखंड के बरही, गौरियाकरमा, करियातपुर, मलकोको आदि विभिन्न स्थानों पर धूमधाम से मनाई गई. इस अवसर पर जिला परिषद स्थित डाकबंगला परिसर में अंबेदकर क्लब बाराटांड की ओर से संत रैदास के अनुयायियों ने उनके तस्वीर की विधिवत पूजा कर प्रसाद वितरण किया गया. इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया. जिसमे बतौर मुख्यातिथि हजारीबाग रेंज के डीआईजी सुनील भास्कर शामिल हुए. जिनका गर्मजोशी से स्वागत किया गया. अपने संबोधन में संत रैदास मध्यकाल के भारतीय संत कवि सतगुरु थे. जिन्हे संत शिरोमणि की उपाधि दी गई थी. अपने जीवनकाल में इन्होंने जात पात का घोर विरोध किया. अपनी कर्म को भक्ति मानकर ही सद्ज्ञान देने का काम किया. इन्होंने रविदासीया पंथ की स्थापना की तथा भजन भी गए. इनके कुछ भजन सिख लोगों के पवित्र ग्रंथ गुरुग्रंथ साहिब में भी शामिल हैं. संत रैदास ने लोगो को आत्मज्ञान का मार्ग दिखाया. अपने संबोधन के दौरान इन्होंने शिक्षा पर जोर और विभिन्न सामाजिक कुरीतियों को दूर करने पर जोर दिया. कार्यक्रम में कार्तिक पासवान, साधु शरण दास, विधायक प्रतिनिधि (स्वा०) मो रिजवान अंसारी आदि सहित सैकड़ों महिला पुरुष मौजूद थे. मंच संचालन छोटी आर्यन ने किया. कार्यक्रम सफल बनाने में अध्यक्ष नारायण रविदास, उपाध्यक्ष निरंजन रविदास, सचिव मनोज रविदास, उपसचिव मनोज पेंटर कोषाध्यक्ष अजय रविदास, संजय रविदास, प्रेम प्रकाश, बिरेंद्र रविदास शामिल थे।

## मुखिया का चार दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न

**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** सबकी योजना सबका विकास अभियान के तहत ग्राम पंचायत विकास योजना वित्तीय वर्ष 2024-25 को लेकर चार दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन प्रमंडलीय प्रशिक्षण संस्थान हजारीबाग में किया गया। इसमें मुख्य रूप से जिला पंचायत राज पदाधिकारी, डीपीएम एवं राज्य से आए हुए मास्टर ट्रेनर आदि के द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। इस प्रशिक्षण में हजारीबाग प्रमंडल के जिले रामगढ़, चतरा, बोकारो,धनबाद, कोडरमा, हजारीबाग जिला के मुखिया को प्रशिक्षण दिया गया ताकि वह जिला संसाधन दल के प्रशिक्षक के तौर पर कार्य कर सके। चार दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन आज दिनांक 23 फरवरी 2024 को हुआ। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत सभी प्रशिक्षुओ को सदर प्रखंड के सखिया पंचायत का भ्रमण कराया गया। मौके पर जिला सह प्रखंड संसाधन दल को बताया गया की 15वें वित्त आयोग व मनरेगा योजनाओं से गांव में बेहतर जानकारी देकर सरकारी योजनाओं के प्रति उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें जागरूक करें, ग्राम पंचायत का विकास तब तक संभव नहीं है जब तक की ग्राम सभा में योजनाओं को पारित कर योजनाओं का चयन नहीं किया जाए। वहीं प्रशिक्षण पूर्ण करने के बाद जिला सह प्रखंड संसाधन दल अपने जिले में जाकर ग्रामीणों को प्रशिक्षण देकर ग्रामसभा से जीपीडीपी अंतर्गत योजनाओं का चयन किया जाएगा। मौके पर स्टेट से नामित मास्टर ट्रेनर अरशद अंसारी, सुजीत नायक, सुनील कुमार इत्यादि उपस्थित रहे।

## 25 करोड़ की 59 योजनाओं के कार्यान्वयन के लिए दी गई प्रशासनिक स्वीकृति

**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़** रामगढ़ जिले के विभिन्न क्षेत्रों में किए जाने वाले विकास कार्यों व संचालित की जाने वाले विभिन्न योजनाओं को लेकर डीएमएफटी के न्यास परिषद द्वारा 25 करोड़ 75 लाख 21 हजार 384 रुपए की कुल 59 योजनाओं के कार्यान्वयन हेतु प्रशासनिक स्वीकृति दे दी गयी है। न्यास परिषद के अनुमोदन के उपरांत जलापूर्ति योजनाओं में गोला प्रखंड अंतर्गत बन्दा पंचायत में भुभई पोस्ट मुरपा के राजाराम करमाली के घर के सामने चापानल अधिष्ठापन, बरियातू पंचायत में ग्राम बड़कीकोइया में अनिल कुमार, पिता जोधन महतो के जमीन पर डीप बोरिंग का अधिष्ठापन, पुरबडीह पंचायत में ग्राम रायपुरा के बीनू कुमार महतो के जमीन खाता नंबर 24 प्लॉट नंबर 303 में डीप बोरिंग निर्माण, संग्रामपुर पंचायत में ग्राम मुरुडीह के सार्वजनिक शौचालय के बगल में डीप बोरिंग, रामगढ़ प्रखंड अंतर्गत वार्ड नंबर 9 ग्राम + पोस्ट गण्डके वार्ड नंबर 9 हीरालाल महतो के जमीन में डीप बोरिंग निर्माण, पतरातू प्रखंड अंतर्गत बुध बाजार दोतल्ला में दोतल्ला बुध बाजार पंचायत के ग्राम दुंदवा में डीप बोरिंग कर सौर ऊर्जा आधारित जल मीनार का निर्माण, बलकुदरा पंचायत के ग्राम बलकुदरा टोला मदनाटांड में डीप बोरिंग कर सौर ऊर्जा आधारित जल मीनार का निर्माण, चैनगड्डा पंचायत अंतर्गत बेदिया टोला में जीत राम बेदिया के घर के निकट जल मीनार अधिष्ठापन, डुडगी पंचायत अंतर्गत पतरातू प्रखंड क्षेत्र के डूडगी पंचायत के ग्राम डूडगी में मदरसा अहले सुन्नत में डीप बोरिंग निर्माण,मांडू प्रखंड अंतर्गत दिग्वार पंचायत में वार्ड संख्या चार के दिग्वार पंचायत सचिवालय में बोरवेल मशीन एवं टंकी का अधिष्ठापन, चितरपुर प्रखंड अंतर्गत मायल पंचायत के झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय चितरपुर प्रखंड परिसर के आसपास एवं प्रखंड स्टाफ क्वार्टर में पेजलापूर्ति हेतु समर्सिबल मोटर पंप सहित चार उच्च प्रवाही नलकुल का निर्माण कार्य किया जाएगा।

### राधा गोविन्द विवि में दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन

# राष्ट्रीय शिक्षा नीति से छात्रों को शिक्षा देने में मदद मिलेगी : सचिव



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़** राधा गोविंद विश्वविद्यालय प्रांगण में 24 फरवरी को शिक्षा विभाग द्वारा दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी की शुरूआत हुई ।राष्ट्रीय संगोष्ठी का विषय राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020: संभावनाएं एवं चुनौतियां रहा। कार्यक्रम के प्रथम दिन का शुभारंभ कुलाधिपति एवं अतिथियों द्वारा विश्वविद्यालय के संस्थापक स्व. गोविंद साह एवं स्व. राधा देवी के चित्रों पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। तत्पश्चात सभी अथितियों को पुष्प गुच्छ एवम स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

विश्वविद्यालय के छात्रों ने झारखंड के संस्कृति पर आधारित स्वागत गीत एवं नृत्य प्रस्तुत कर सभी अतिथियों का स्वागत किया। राष्ट्रीय संगोष्ठी का विषय प्रवेश शिक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. अंजू तिवारी ने किया तथा उपस्थित सभी मुख्य अतिथियों का परिचय डॉ. राकेश रंजन ने कराया। राष्ट्रीय संगोष्ठी की शुरूआत कुलसचिव डॉ निर्मल कुमार मंडल के स्वागत उद्बबोधन से हुई। अपने उद्बबोधन में सभी विद्वतजनों को आभार व्यक्त करते हुए कहा कि देश को आत्मनिर्भर, समृद्ध, खुशहाल और आधुनिक भारत के निर्माण में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 का बहुत बड़ा महत्व है। राधा गोविन्द शिक्षा स्वास्थ्य ट्रस्ट के सचिव प्रियंका कुमारी ने कहा की राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 छात्रों को गुणवतापूर्ण शिक्षा देने में मदद मिलेगी। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता बनारस हिंदू विश्वविद्यालय वाराणसी उत्तर प्रदेश शिक्षा विभाग के प्रो. (डॉ.) नागेंद्र कुमार, विनोबा भावे विश्वविद्यालय हजारीबाग शिक्षा विभाग के प्रो.(डॉ.) मृत्युजंय प्रसाद, महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ उत्तरप्रदेश शिक्षा विभाग के प्रो. (डॉ.) शैलेंद्र कुमार वर्मा,प्रधान जज( रिटायर्ड ) महेंद्र प्रताप, डॉ. एस. राधा कृष्णन के डायरेक्टर संजय प्रभाकर, संत कोलंबस महाविद्यालय हजारीबाग राजनीतिक विज्ञान के सहायक प्रोफेसर डॉ रविन्द्र कुमार मिश्रा, मीडिया प्रभारी डॉ संजय सिंह एवं विभिन्न वक्ताओं ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 संभावनाएं एवम चुनौतियां विषय को भावी पीढ़ी के विकास और उत्थान के लिए आवश्यक बताया और विषय की महत्ता पर प्रकाश डाला। विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बी.एन.साह ने राष्ट्रीय संगोष्ठी में उपस्थित सभी गणमान्य अतिथियों का हार्दिक अभिनंदन किए और उन्होंने कहा की नई शिक्षा नीति देश की शिक्षा व्यवस्था को आधुनिक वैश्विक मूल्यों पर खरा उतारने में सक्षम है।

## सियासत

# लोकतंत्र में परिवारवादी परम्परा के निहितार्थ



गिरीश्वर मिश्र

**पीछे** मुड़ कर देखें तो आधुनिक भारत में स्वतंत्रता संग्राम के चलते राजनीति का रिश्ता देश-सेवा और देश के लिए आत्मदान से जुड़ गया था। इस पृष्ठभूमि के अंतर्गत राजनीति में आने वाले आदमी में निजी हित स्वार्थ से ऊपर उठ कर समाज के लिए समर्पण का भाव प्रमुख था। 'सुराजी' ऐसे ही होते थे। वे अपना खोकर सबका हो जाने की तैयारी से राजनीति में आते थे। स्वतंत्रता मिलने के साथ सरकार में भागीदारी ने राजनीति का चरित्र और उसका चेहरा-मोहरा बदलना शुरू किया। देखते-देखते नेता नामक जीव की वेश-भूषा, रहन-सहन आदि में बदलाव शुरू हुआ और जीवन की राह तेजी से आभिजात्य की ओर मुड़ती गई। विधायक या सांसद राजपुरुष होने की ओर बढ़ने लगे। मंत्री होना राजसी ठाट-बाट का पर्याय सा हो गया। नेताओं का भी दरबार लगने लगा और वे प्रजा की सेवा से दूर होते चले गये। जनसेवक होने की जगह वे खुद अपने लिए जनसेवा कराने लगे। और अब इस तरह की व्यवस्था एक स्थायी रूप ले चुकी है। उसका शुद्ध रूप माननीयों के जनता दरबार में दिखता हैं जहां लोग अपनी फरियाद के साथ हाजिरी लगाते हैं। राजनीति सेवा की जगह धन उगाही के व्यापार का रूप लेता गया और राजनेताओं की सम्पत्ति दिन-दूनी रात चौगुनी बढ़ने लगी। राजनीति और धनार्जन की गठजोड़ के नये आयाम खुलते गये और राजनेताओं की आर्थिक समृद्धि का ग्राफ जिस चमत्कारी ढंग से बनने लगा वह अपने में बहुत कुछ कहता है। नेतृत्व करना या राजनीति का कर्म नेता के लिए धन-सम्पदा बटोरने का जरिया बनता गया। आज सब नेताओं के पास आय से अधिक सम्पत्ति होना एक आम बात हो चली है। इसी के साथ एक पक्ष और प्रबल होने लगा कि राजनेता के परिवार और परिजन भी राजनीति में अवांछित दखल देने लगे। जन-सेवा और लोक संग्रह से कोसों दूर ये नये नवेले अगली पीढ़ी के राजनेता ज्यादातर अपनी कर्मठ जन-सेवा की बदौलत नहीं बल्कि वंशधर होने के कारण उसमें शामिल होने लगे। राजनीति जिसका आधार जनता के बीच से आया करता था वह सिमटने लगा। अपने विश्वस्त की तलाश करते वरिष्ठ या 'सीनीयर' राजनेताओं की आंखें घूम फिर कर अपने बेटी-बेटे, पत्नी, भाई, भतीजे और नाते-रिश्तेदारों पर टिकने लगीं। सच कहें तो राजनीति में भागीदारी उसके किरदारों को कुछ निजी या पारिवारिक पेशा, खेती-बारी, दुकानदारी या पुश्तैनी व्यापार जैसा लगने लगा। फलतः जब एक राजनेता अपना उत्तराधिकारी खोजने लगा तो उसे जनता भूल-बिसर गई और वह अकसर जनता की ओर नहीं बल्कि अपने परिवार की ओर देखने लगा। कुछ को इसमें सफलता भी मिलने लगी। आखिर जनता ने जिस नेता पर कभी भरोसा कर समर्थन दिया था उस नेता के खून में भी तो दम होगा। उसे नेता की संतान में भी उसी नेता की छवि दिखने लगी। अगर उसमें नेतृत्व की वह योग्यता हो तो फिर क्या कहने! पर योग्यता न भी हो तो विरासत में मिला जनाधार से कुछ दिन काम चलता है। पर नये नेता के लिए ऐसे अनार्जित जनाधार ज्यादा दिन के लिए टिकाऊ नहीं हो सकते। आज के भारतीय राजनीतिक परिदृश्य में खानदानी नेताओं की जमात बढ़ती ही जा रही है। जैसे स्वतंत्रता मिलने के पहले रियासतें थीं कुछ-कुछ उसी तरह विभिन्न क्षेत्रों में राजनीतिक राजवंशों की बढ़त भी दिख रही है। एक बड़ा नेता राजनीति की अपनी रामकहानी भूल कर अपने पुत्र-पुत्री को अपना राजनीतिक उत्तराधिकार सौंपते दिख रहे हैं। राजनीतिक सरोकारों का इस तरह सिमटना देश और समाज के लिए और नये नेता दोनों के लिए अहितकर होता है। पर यह बात भुला कर विचार से परे हटा दी जाती है। राजनीतिक दल पारिवारिक दल में रूपांतरित हो जाता है और सत्ता का बंटवारा किया जाता है। असंतुष्ट होने पर परिवार टूटने के तर्ज पर पार्टी टूटती है। यह एक अजीब बदलाव है जो जनतंत्र की मूल प्रकृति और चरित्र के उलटा बैठता है। जनतंत्र तो जन से चलता है प्रजा में ही उसकी आत्मा बसती है और प्रजा-जन एक समान होते हैं परंतु नेताओं को प्रजा से न उभरना चिंताजनक हो रहा है। सारी लाज-हया छोड़ राजनीतिक वंशों का आधिपत्य बनाये रखने की घटनाएं राजनीति और लोकतंत्र दोनों के स्वास्थ्य के लिए ठीक नहीं कही जा सकतीं।

# अमृत पीढ़ी : शिक्षा और कौशल के माध्यम से युवाओं का सशक्तिकरण



ए श्रीजा

**केंद्रीय** बजट 2024-25 का व्यापक विषय वर्ष 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र, जिसे 'विकसित भारत' की संज्ञा दी गई है, में परिवर्तित करने पर केंद्रित है। इस बजट में अमृत पीढी अर्थात युवाओं पर विशेष ध्यान दिया गया है और युवा पीढ़ी को कुशलतापूर्वक समर्थ और सशक्त बनाने के लिए परिवर्तनकारी सुधारों की पहल करती राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के महत्व पर भी प्रकाश डालता है। इस उद्देश्य को हासिल करने की दिशा में, पीएम स्कूल फॉर राइजिंग इंडिया (पीएम श्री) की ओर विशेष रूप से ध्यान केन्द्रित किया गया है और इसे उच्च गुणवत्तायुक्त शिक्षा प्रदान करने, समग्र विकास को बढ़ावा देने और पूर्ण रूप से विकसित व्यक्तियों को दिशा देने के लिए तैयार किया गया है। सितंबर 2022 में स्वीकृत, पीएम श्री योजना को राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए एक मॉडल के रूप में कार्य करने हेतु तैयार किया गया है। इन विद्यालयों को समय के अनुरूप एक मानदंड स्थापित करते हुए अपने आसपास के अन्य विद्यालयों का मार्गदर्शन करने में नेतृत्व की भूमिका निभाने के मामले में अनुकरणीय संस्थानों के रूप में विकसित करने की अवधारणा की गई है। इस जनादेश का विस्तार संबंधित क्षेत्रों में नेतृत्व प्रदान करते हुए न्यायसंगत, समावेशी और आनंद से परिपूर्ण परिवेश में उच्च गुणवत्तायुक्त शिक्षा के प्रावधान को सुनिश्चित करना है। यह शैक्षिक दृष्टिकोण न सिर्फ छात्रों की विविध पृष्ठभूमि, बहुभाषी आवश्यकताओं और अलग-अलग शैक्षणिक क्षमताओं को पूरा करता है बल्कि उन्हें राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में उल्लिखित दृष्टिकोण के अनुरूप अपनी शिक्षण यात्रा में प्रतिभागियों के रूप में सक्रिय रूप से भागीदारी भी प्रदान करता है। यह योजना केंद्र सरकार/ राज्य/ केंद्र शासित प्रदेशों/ स्थानीय निकायों द्वारा प्रबंधित विद्यालयों में से वतर्मान विद्यालयों को सक्षम बनाते हुए 14,500 से अधिक पीएम श्री विद्यालयों की स्थापना का प्रावधान करती है। पीएम-श्री विद्यालयों की चयन प्रक्रिया का प्रथम चरण पहले ही पूरा हो चुका है और कुल 6,207 विद्यालयों को पीएम-श्री विद्यालयों के रूप में चयनित किया गया है। वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए परियोजना स्वीकृति बोर्ड (पीएबी) की बैठक में केवीएस/ एनवीएस के साथ 27 राज्यों/ केंद्र शासित प्रदेशों के 6,207 पीएम श्री स्कूलों के लिए कुल 3395.15 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं। सभी राज्यों/ केंद्र-शासित प्रदेशों/ केवीएस/ एनवीएस को योजना के कार्यान्वयन के लिए केंद्र के अंश के रूप में पहली किस्त के तौर पर वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए 630.11 करोड़ रुपये जारी किये गये हैं। वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए बजट अनुमान को 4000 करोड़ रुपये से संशोधित कर 2800 करोड़ रुपये कर दिया गया है। वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए बजट अनुमान 6050 करोड़ रुपये है। पीएम-श्री के अलावा, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के लिए स्वीकृत कुल बजट 2024-25 में 73008.10 करोड़ रुपये है, जबकि 2023-24 में यह 72473.80 करोड़ रुपये था। (सारणी-1) बजट में कौशल भारत मिशन का भी उल्लेख किया गया है जिसके माध्यम से 1.4 करोड़ युवाओं को प्रशिक्षित किया गया है, 54 लाख युवाओं को उन्नत और फिर से कुशल बनाया गया है तथा 3000 नये आईटीआई स्थापित किये गये हैं। बड़ी संख्या में उच्च शिक्षा के नए संस्थान अर्थात 7 आईआईटी, 16 आईआईआईटी, 7 आईआईएम, 15 एम्स और 390 विश्वविद्यालय स्थापित किए जा चुके हैं। नये युग के प्रौद्योगिकी मॉडल में युवाओं को कुशल बनाने से हमारे युवाओं के लिए नये स्टार्ट-अप और उद्यमिता का मार्ग प्रशस्त होगा। चूंकि बजट डिजिटल बुनियादी ढांचे, नवाचार, सम्मेलन पर्यटन, आध्यात्मिक पर्यटन, गति शक्ति, खाद्य प्रसंस्करण इत्यादि जैसे नये मार्गों पर केंद्रित है, इसलिए इन आगामी क्षेत्रों से संबंधित रोजगार प्रोफाइल से सामने आने वाले कौशल प्रशिक्षण को वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों के साथ-साथ आईटीआई में भी कौशल प्रशिक्षण पाठ्यक्रम में शामिल करने पर ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता है। बजट में दस वर्षों में उच्च शिक्षा में महिला नामांकन में 28 प्रतिशत की वृद्धि पर भी ध्यान दिया गया है। एसटीईएम पाठ्यक्रमों में, लड़कियों और महिलाओं का 43 प्रतिशत नामांकन दुनिया में सबसे अधिक में से एक है। ये सभी उपाय कार्यबल में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी में परिलक्षित हो रहे हैं और यह श्रम बल में महिला भागीदारी दर में वृद्धि के रूप में परिलक्षित होता है, यह 2017-18 के 23.3 प्रतिशत से बढ़कर 2022-23 में 37 प्रतिशत हो गया है। संक्षेप में, 2047 तक भारत को विकसित भारत बनाने के लिए युवाओं की शिक्षा और कौशल सबसे महत्वपूर्ण कार्य हैं, जिसमें हमारा जनसांख्यिकीय लाभ निहित है।

**आर्थिक सलाहकार, स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग (डीओएसईएल), शिक्षा मंत्रालय।**

**बजट 2024-25 में प्रमुख योजनाओं के लिए सारणी-1 परिव्यय (करोड़ रुपये में) कार्यक्रम**

| कार्यक्रम | समग्र शिक्षा | पीएम-पोषण | एसटीएआरएस | पीएम श्री | एनआईएलपी | राष्ट्रीय साधन-सह-मेधा छात्रवृत्ति योजना | स्वायत्त निकाय | कुल |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| संशोधित अनुमान 2023-24 | 33000 | 10000 | 700 | 2800 | 100 | 358.00 | 14470 | 72473.80 |
| बजट अनुमान 2024-25 | 37500 | 12467.39 | 1250 | 6050 | 160 | 377.01 | 15638.67 | 73008.10 |



# अब अयोध्या के आसमान में सप्तऋषि भी चमकेंगे



हृदयनारायण दीक्षित

**अयोध्या** अंतरराष्ट्रीय चर्चा में है। श्रीराम जन्मभूमि मंदिर विश्व आकर्षण है। लाखों श्रद्धालु दर्शनार्थ आ रहे हैं। अयोध्या में दर्शनार्थियों का मेला है। प्रसन्नता का विषय है कि यहीं सप्तऋषियों का मंदिर भी बनाने की तैयारी है। श्रीरामजन्मभूमि मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष नृपेन्द्र मिश्र ने यह घोषणा की है। सप्तऋषि मंदिर का निर्माण मार्च से शुरू होना है। भारत के अंतःकरण में ऋषियों के प्रति श्रद्धा है। ऋषि अनूठे हैं। वे प्रकृति की प्रत्येक गतिविधि के द्रष्टा हैं। सो उन्हें ऋषि कहा गया-ऋषयो मंत्र द्रष्टार। जो मंत्र देखता है वही ऋषि है। वैदिक साहित्य के कवि ऋषि कहे जाते हैं। वे संन्यासी नहीं हैं। साधारण गृहस्थ हैं। वे परिवार चलाते हैं। खेती सहित जीविका के अन्य काम भी करते हैं लेकिन मंत्र सृजन भी करते हैं। वे प्रकृति के प्रति आत्मीय हैं। वे मधु प्रिय हैं। मधु और आनंद पर्यायवाची हैं। अस्तित्व के कण कण व हरेक रूप पर उनकी दृष्टि है। वे आश्चर्यजनक द्रष्टा हैं। जल, अग्नि, वायु, पृथ्वी के साथ ही आकाश तक देखते हैं। सूर्य के निराधार लटके होने पर भी उनके मन में प्रश्न थे। भारतीय परंपरा में आनंद प्राप्ति की अनेक साधनाएं थीं। साधनारत लोग साधु कहे गये। साधना में सिद्ध जन मुनि बताये गये लेकिन ऋषि की बात ही दूसरी है। राजा को बड़ा बताना हो तो राजर्षि कहा गया। प्राचीन साहित्य में ब्रह्मवेत्ता की बड़ी प्रशंसा है लेकिन उसे भी और बड़ा बताना हो तो ब्रह्म ऋषि कहने की जरूरत पड़ी। ऋषि पूरी सृष्टि को आत्मीयता से देखते हैं और पूरी आत्मीयता से मंत्र भी गाते हैं। भारत की प्रज्ञा में बहुत गहरे तक ऋषि का सम्मान है। नारद को ही लीजिए। नारद जैसी क्षमता वाला दूसरा पात्र परंपरा में नहीं है। उनके लिए भौगोलिक दूरी का कोई मतलब नहीं। वे सभी लोकों में घूमते हैं। वाद्ययंत्र लेकर समय का अतिक्रमण करते हैं। एक पल में इस लोक में अगले पल दूसरे लोक में। वे वैदिक मंत्रों में मिलते हैं और पुराणकाल की कथाओं में भी। महाभारत और रामायण की भी तमाम कथाओं में उनके विवरण हैं। उन्हें देव कहकर भारत का मन नहीं अघाया। सो देव के साथ ऋषि जोड़ा गया। वे देवर्षि कहे गये। जान पड़ता है कि परंपरा में ऋषि होना ही बड़ा होना है, बिना ऋषि हुए क्या होना? लेकिन ऋषि धरती पर ही थे। भारत के मन को लगा होगा कि कुछ प्रतिष्ठित ऋषियों को आकाश में भी देखा जाय। तब सात ऋषियों को आकाश में प्रतिष्ठित करने का अभिनव आयोजन हुआ होगा। कब हुआ? कैसे हुआ? इसके भौतिक प्रमाण नहीं। लेकिन यह हुआ। इसीलिए आकाश में तारों की एक विशेष आकृति को सप्तऋषि कहा गया। आधुनिक काल में भी आकाश में तारों से बनी एक विशेष आकृति को सप्तऋषि मण्डल कहा जाता है। उन्हें प्रणाम भी किया जाता है। भारत का मन ऊध्व प्रिय है। सूर्य ऊपर और ऊंचे है। सो स्तुतियां पाते हैं। चन्द्र ऊपर है, हम उन्हें ब्रह्माण्ड का मन कहते हैं। हमारी प्रार्थना का ईश्वर कण-कण व्यापी है लेकिन हम उसे 'ऊपर वाला' कहते हैं। स्वर्ग है या नहीं? अब तक सिद्ध नहीं लेकिन हम स्वर्ग को भी ऊपर या आकाश स्थित सुनते आये हैं। समृद्धि संसारी है। हम 'समृद्धि' को ऊपर उठना बताते हैं। यश कीर्ति भी संसारी है, हम यशस्वी को ऊंचा या ऊपर बताते हैं। मेरे जैसे लोगों को ऊंचाई पर डर लगता है। लेकिन ऊंचाई की प्रतिष्ठा है। अग्नि प्रत्यक्ष है, इसकी लौ-लपट ऊपर जाती है। जल हमेशा ऊपर से नीचे को बहता है। लेकिन इस बहाव को भी बादल के रूप में ऊपर जाते देखकर हम प्रसन्न होते हैं। मनुष्य धरती पर है, अन्य ग्रहों में है या नहीं? पता नहीं। लेकिन देवताओं का निवास बहुत ऊपर परमव्योम में बताया जाता है। आकाश तक पहुंचना हमारी प्यास है। इसीलिए हमारे प्रिय सात ऋषि आकाश में चमकते हैं। विकास का क्रम सूक्ष्म से स्थूल की ओर हुआ है। भारतीय चिंतन के पांच महाभूतों-आकाश, वायु, अग्नि, जल और पृथ्वी में आकाश पहला है। आकाश का गुण शब्द बताया गया है। ऋग्वैदिक पूर्वजों के अनुसार, ''ऋचाएं या कविताएं 'परम व्योम' में रहती हैं और वहीं से चलकर जागृत मनुष्यों के चित्त में उतर जाती हैं।'' सप्त ऋषि आकाश में हैं। अयोध्या में उन्हें धरती पर भी प्रतिष्ठित करने की योजना है। आकाश में तारे हैं। तारों के विशेष प्रकार के प्राकृतिक आकर्षक संयोजन भी हैं। रात्रि में आकाश में तारों से बना एक बड़ा मार्ग-हाइवे भी दिखाई पड़ता है। अंग्रेजी में इसे 'मिल्की-वे' कहा जाता है। यह दूधिया मार्ग जैसा दिखाई पड़ता है। लेकिन हम सब इसे 'आकाश गंगा' कहते हैं। गंगा भौगोलिक दृष्टि से उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, बिहार और पश्चिम बंगाल राज्यों से होकर समुद्र में बहती हैं लेकिन गंगाजल में भारत की प्रीति अथाह है। वे ऋग्वेद में स्तुतियां पाती हैं। आदि कवि वाल्मीकि (रामायण बालकाण्ड) गंगा के प्रवाह में सहस्त्रों सूर्यों की दीप्ति देखते हैं। प्रकृति की दिव्य शक्तियां देवता हैं। ऋग्वेद में देवता अमृत बंधु बताये गये हैं। आचार्य वराह मिहिर ने 560 ईस्वी के आसपास ज्योतिर्विज्ञान पर वृहत संहिता लिखी थी। डॉ. सुरेश चन्द्र ने इस की व्याख्या की है। आकाश गंगा या सप्तऋषियों को आकाश में बैठाना भारत का भावरस हो सकता है। वैसे भी हमारे पूर्वजों की दृष्टि आकाश की ओर रही है। कालिदास की रचना 'मेघदूत' में आकाश मार्ग की रम्यता का ललित वर्णन है। वराह मिहिर ज्योतिर्विज्ञानी थे। उन्होंने भी सप्तऋषियों को आकाश में देखा, प्रतिष्ठित किया। लिखते हैं, ''सप्त ऋषियों से उत्तर दिशा सौभाग्यशाली नायिका की तरह सुशोभित होती है।'' बताया है कि पश्चिमी यूनानी ज्योतिष में इन तारों में एक भालू के आकार की कल्पना की गई है। ये सप्तऋषि ध्रुव तारे की परिक्रमा करते हैं। मरिचि, वशिष्ठ, अंगिरा, अग्नि, पुलस्त्य, पुलह और क्रेतु ये सात नाम उन्हें दिये गये हैं। तारों में ऋषि देखना विज्ञान का विषय नहीं है। ऋषि वैदिक परंपरा में कवि हैं। मनुष्य हैं। तारे मनुष्य नहीं हैं। भरतीय भावबोध ने उन्हें आकश में बैठाया है।

## आर्थिक-जगत

# गरीबी के गड्ढ़े वाली दुनिया



ललित गर्ग

**वैश्विक** संस्था ऑक्सफैम ने अपनी आर्थिक असमानता रिपोर्ट में समृद्धि के नाम पर पनप रहे नये नजरिया, विसंगतिपूर्ण आर्थिक संरचना एवं अमीरी गरीबी के बीच बढ़ते फासले की तथ्यपरक प्रभावी प्रस्तुति समय-समय पर देते हुए इसे संतुलित एवं समानतामय संसार-संरचना के लिये घातक बताया है। संभवतः यह एक बड़ी क्रांति एवं विद्रोह का कारण भी बन सकता है। ऑक्सफैम के अनुसार आर्थिक असमानता के लिहाज से पिछले कुछ साल काफी खराब साबित हुए हैं। आज देश एवं दुनिया की समृद्धि कुछ लोगों तक केन्द्रित हो गयी है, भारत में भी ऐसी तस्वीर दुनिया की तुलना में अधिक तीव्रता से देखने को मिल रही है। भारत में भी भले ही गरीबी कम हो रही हो, लेकिन अमीरी कुछ लोगों तक केन्द्रित हो गयी है। बीते चार सालों की घटनाएं, इनमें चाहे कोरोना हो या युद्ध या इससे उपजी महंगाई, बेरोजगारी, अभाव इन सभी कारणों के चलते साल 2020 के बाद दुनियाभर में करीब 5 अरब लोग गरीब हुए हैं। दूसरी ओर इसी रिपोर्ट के अनुसार दुनिया के पांच शीर्ष धनाढ्यों की दौलत पिछले चार साल में 869 अरब डॉलर बढ़ी है। क्या यह आश्चर्य का विषय नहीं कि विकसित दुनिया की दौड़ में कुछेक लोग सबसे आगे दौड़ रहे हैं और बड़ी संख्या में गरीब दहलीज पर खड़े हैं? वो लोग जो अमीरी के शीर्ष पर हैं, वे वर्चुअल दुनिया और एक ग्लोबल बाजार के मालिक हैं। ऐसे लोगों के सामने आम आदमी की गरीबी दूर करने का नहीं, बल्कि अपनी समृद्धि बढ़ाने का लक्ष्य है। यह ऐसी दौड है जो असंतुलन को न्यौतती हैं, दुःख, अभाव एवं असंतोष बढ़ाती है। भारत में अंबानी एवं अडाणी छोटे व्यापारियों के निवाले छीन रहे हैं तो दुनिया के सबसे अमीर शख्सों में शुमार एलन मस्क की कंपनी न्यूरालिंक ने इंसान के दिमाग में कृत्रिम चिप का प्रत्यारोपण बाजारवादी नीतियों का हिस्सा एवं ईश्वर की रची मानव-संरचना में बेहूदा हस्तक्षेप है। संवेदनशील मस्तिष्क में चिप लगाने के क्रम में इंसान के रोबट बन जाने की आशंकाएं भी निर्मूल नहीं हैं। ध्यान रहे कि इस प्रत्यारोपण का लक्ष्य मानव-कल्याण कदापि नहीं है। जाहिर है मस्तिष्क में चिप लगाने का प्रयोग उनके बाजार के गणित का ही हिस्सा है। वही मस्क जिन्होंने ट्विटर खरीदने और उसे एक्स में तब्दील करने के क्रम में कर्मचारियों की निर्ममता से छंटनी की थी। वही मस्क जो विश्व के अरबपतियों को अंतरिक्ष में सैर-सपाटा कराने के अलावा दुनिया के तमाम बड़े मुनाफे के कारोबार में लगे हुए हैं। यह सवाल मानवीय बिरादरी के लिये हमेशा मंथन का विषय रहेगा कि विज्ञान की खोज एवं कुछेक लोगों तक केन्द्रित होती समृद्धि मानवता की संहारक नहीं बन रही है? जनता में आक्रोश एवं विद्रोह का बड़ा कारण नहीं बन रही है? भारतीय लोग इनदिनों इस बात से बहुत खुश होते रहते हैं कि भारत शीघ्र ही दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने जा रहा है। लेकिन दुनिया के इस तीसरे सबसे बड़े मालदार एवं समृद्ध देश की असली हालत क्या है? ऑक्सफॉम के ताजा आंकड़ों के मुताबिक सिर्फ 100 भारतीय अरबपतियों की संपत्ति 54.12 लाख करोड़ रु. है यानि उनके पास इतना पैसा है कि वह भारत सरकार के डेढ़ साल के बजट से भी ज्यादा है। गरीब और मध्यम वर्ग के लोगों को अपनी रोजमर्रा के जरूरी चीजों को खरीदने पर बहुत ज्यादा टैक्स भरना पड़ता है, क्योंकि वर्तमान सरकार ने ऐसी व्यवस्था कर दी है कि वह बताये बिना ही चुपचाप काट लिया जाता है। इसी का नतीजा है कि देश के 70 करोड़ लोगों की कुल संपत्ति देश के सिर्फ 21 अरबपतियों से भी कम है। प्रश्न यह है कि क्या समृद्धि लोगों की शक्ति ही समाज के विकसित होने का मापदंड होती जा रही है? क्या इधर जीवन मूल्यों पर मनुष्य या मानव समाज की पकड़ कमजोर हो रही है और बाजार की मजबूत? क्योंकि इन समृद्ध लोगों की बाजारवादी नीतियों से खरीदना, निरंतर खरीदना एक सामाजिक आदत-सी बन गई है।

# सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ रैदास के पद मार्ग प्रशस्त करते रहेंगे



विजय केसरी



**महान** समाज सुधारक, संत कवि रैदास का प्रादुर्भाव समाज में व्याप्त कुरीतियों को समाप्त करने के लिए हुआ था। समाज में व्याप्त कुरीतियां के खिलाफ उनके पद आज भी संघर्षरत है। जिस कालखंड में रैदास का प्रादुर्भाव हुआ था। उस काल को भक्ति काल के रूप में जाना जाता है। इसी भक्ति काल में रैदास सहित कई जाने-माने संतों का प्रादुर्भाव इस धरा पर हुआ था । रैदास का जन्म चमार जाति में हुआ था। रैदास चर्मकार का काम किया करते थे। वे बहुत ही मन लगाकर चप्पल - जूतों को बनाया करते थे। उनकी प्रसन्नता देखते बनती थी। किसी ने उन्हें कभी उदास देखा था। जब उन्हें काम से फुर्सत मिलती, वे ईश्वर भक्ति में लीन हो जाय करते थे। उनकी भक्ति सबसे निराली थी। वे किसी भी धर्म , पंथ और विचार में भेद नहीं किया करते थे। उनका मानना था कि जब संसार एक है ,हवा और पानी एक है, तब अलग-अलग ईश्वर कैसे हो सकते हैं ? वे एक ईश्वरवाद के पक्के समर्थक थे। उनका संपूर्ण जीवन ईश्वर भक्ति में बीता था। वे अपने ही घर के बाहर बनी दुकान में चर्मकार का काम किया करते थे। उनकी ईश्वर भक्ति को देखकर आसपास के लोग रोजाना उनसे मिलने आया करते थे। वे अपने मिलने वालों का बहुत ही आदर सत्कार किया करते थे। वे ईश्वर भक्ति के गूढ़ रहस्यों को बताया करते थे। धीरे धीरे कर रैदास की प्रसिद्धि देश के विभिन्न राज्यों तक पहुंच गई थी। उनसे मिलने के लिए कई रियासतों के राजवाड़े आया करते थे। रैदास को स सम्मान अपने महलों में बुलाया करते थे। उनकी वाणी ऐसी थी, जो भी एक बार उन्हें सुन लेता था, उनका मुरीद बन जाता था। रैदास ने कभी भी किसी भक्त से कुछ भी नहीं मांगा। उन्हें यह पक्का विश्वास था कि जिसने यह जीवन दिया है, वही उसका लालन-पालन करेगा। वे इसी अटल विश्वास के साथ लगातार अपने सामाजिक दायित्वों का निर्वहन करते हुए आगे बढ़ते रहे थे। रैयदास जातिवाद के कट्टर विरोधी थे। वे जात पात के बंधनों में बंटे भारतीय समाज को जात पात के बंधनों से आजाद करना चाहते थे । इस संदर्भ में उन्होंने लिखा ,..जाति, जाति में जाती है, जो केतन के पात, रैदास मनुष ना जुड़ सके, जब तक जाति ना जात अर्थात भारतीय समाज के लिए जाति का बंधन एक ऐसा बंधन था, जो केले के तंबू के समान है। परत दर परत केले के थंब को छिलते चले जाइये। अंत में कुछ भी ना निकलेगा। उसी तरह जात पात का बंधन है, जात पात के बंधन से मनुष्य को कुछ भी हासिल नहीं हो सकता है। हर व्यक्ति को चाहिए कि जात पात के बंधनों से मुक्त होकर सामाजिक दायित्वों का निर्वहन करें। जब तक भारतीय समाज जात पात के बंधनों से मुक्त नहीं होगा, तब तक हमारा यह समाज खुशहाल नहीं हो सकता है। जाति प्रथा के कारण कई कुरीतियां और विषमताएं हमारे समाज में जन्म ले ली है। यह हमारे विकास की गति को पूरी तरह अवरुद्ध कर दिया है। जात पात के कारण हमारा यह समाज कई खंडों में बंटता चला जा रहा है। इससे देश की एकता और अखंडता भी प्रवाहित हो रही है। आज से साढ़े छः सौ वर्ष पूर्व संत रैदास ने जात पात के खिलाफ जो लड़ाई शुरू की थी। आज भी उनके पद जाति प्रथा के खिलाफ संघर्षरत नजर आ रहे हैं। रैदास मन की पवित्रता बहुत कुछ लिखा। उनका एक बहुत ही लोकप्रिय पद है। 'मन चंगा तो कठौती में गंगा', अर्थात अगर मन पवित्र है , तो कठौती में गंगा अवतरित हो सकती है। मन कलुषित कामनाओं से युक्त है, और हम गंगा का स्नान कर ले तो ऐसे गंगा के स्नान करने का कोई मतलब नहीं रह जाता है। अगर मन मेरा पवित्र है। भाव मेरे पवित्र है , तो गंगा कठौती में अवतरित हो सकती है। उनका यह पक्का विश्वास था कि मंदिर मस्जिद, गुरुद्वारा ये सभी पवित्र स्थल है। इन जगहों पर भक्तों का जाना अच्छा माना जाता है । लेकिन उन्हीं भक्तों को इन पवित्र स्थानों से पुण्य लाभ मिल सकता है, जिनके मन पवित्र हैं। जिन भक्तों के मन पवित्र नहीं है, तो इन मंदिरों में जाकर कितनी भी पूजा-अर्चना कर लें कोई मतलब नहीं रह जाता है। मन की पवित्रता ही व्यक्ति को ईश्वर तक पहुंचा सकता है। उन्होंने ईश्वर तक पहुंचने का मार्ग बताया है, ईश्वर से सच्चा स्नेह और मनका पवित्र होना। ईश्वर से सच्चा स्नेह का तात्पर्य है, एक ईश्वर पर विश्वास रखना। अपना सब कुछ ईश्वर के हाथों में सौंप देना । रैदास के पदों की लोकप्रियता आज चरम पर है। विश्व के लगभग पुस्तकालयों में संत रैदास के पद उपलब्ध हैं। विश्व के कई विश्वविद्यालयों में रैदास के पद पढ़ाये जाते हैं। रैदास के पदों पर विश्व भर में निरंतर शोध हो रहे हैं। रैदास के पदों में हमेशा कुछ न कुछ नूतन बातें निकलते ही रहती है। रैदास एक सच्चे समाज सुधारक के साथ एक क्रांतिकारी कवि भी थे। उनके पद आज भी समय के साथ संवाद करते नजर आ रहे हैं। उनके पदों में क्रांतिकारी विचार हैं। उनके पद समाज में व्याप्त छुआ छूत से लड़ने की प्रेरणा भी प्रदान करता है। असमानता के खिलाफ मिलजुल कर लड़ने की ताकत भी प्रदान करता है। पाखंड के खिलाफ एकजुट होने की प्रेरणा भी प्रदान करता है। संत रैदास ने दर्ज किया है कि 'कृष्ण, करीम राम, हरि, राघव, जब लग एक पेखा, वेद, कतेब, कुरान, पुरातन सहज नहीं देखा।' उनकी दृष्टि में कृष्ण करीम, राम ,हरि, राघव में कोई भेद नहीं था । वेद कतेब पुराण आदि सब में एक ही बात दर्ज है। सबों का एक ईश्वर एक है। ईश्वर से साक्षात्कार, एक ईश्वर पर अटूट विश्वास ही आज की बदली परिस्थिति से मुकाबला करने का मार्ग प्रशस्त कर सकता है। आज चंहुओर अशांति , मारकाट व्याप्त है, जाति प्रथा जैसी कुरीति आज भी तांडव करने से बाज नहीं आ रही है, छोटे बड़े का भेद भी हमारे समाज में व्याप्त है। उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि जब तक इन कुरीतियों के खिलाफ हम सब एक नहीं होंगे, तब तक हमारा समाज बेहतर बन नहीं सकता है। रैदास ने लिखा, रविदास 'जन्म के कारनै, होत ना कोऊ नीच , न कर कूं नीच करें डारी है, ओछे काम की नीच'। अर्थात कोई भी व्यक्ति निम्न जाति में जन्म लेकर अगर उसके गुण महान है, तो उसकी पूजा होती है। उच्च कुल में जन्म लेकर अगर उसका कर्म नीचा है, वह कदापि पूजनीय नहीं हो सकता है। आज रै दास के पदों की प्रासंगिकता समाज के हर वर्ग में बढ़ गई है। आज उनके जन्मदिन पर हम सबों को जात पात के बंधनों से मुक्त होकर एक खुशहाल समाज बनाने की ओर बढ़ना चाहिए। सच्चे अर्थों में संत रविदास के प्रति यह संकल्प सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

## एक नजर

### पीएम मोदी के धनबाद आगमन के मद्देनजर जिला भाजपा की बैठक




**धनबाद।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एक मार्च को धनबाद आएंगे। इसको लेकर भाजपा के नेताओं और कार्यकताओं ने तैयारियां शुरू कर दी है। इसी को लेकर शनिवार को धनबाद के भाजपा जिला कार्यालय में एक बैठक का आयोजन किया गया। भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष प्रदीप वर्मा ने कहा कि एक मार्च को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का धनबाद आना तय है। इस अवसर पर वे सिन्दरी स्थित हर्ल कारखाने का उद्घाटन करेंगे। साथ ही एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे। इसी से संबंधित तैयारियों को लेकर आज एक बैठक कर का आयोजन किया गया। बैठक में प्रदेश भाजपा नेताओं के साथ धनबाद सांसद पीएन सिंह, धनबाद विधायक राज सिन्हा, निरसा विधायक अपर्णा सेनगुप्ता, बोकारो के विधायक विरंचि नारायण सहित जिला के कई नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### ड्यूटी के दौरान ट्रेन से कट कर दो रेलवे कर्मियों की मौत



**बोकारो।** चंद्रपुरा-गोमो तेलो रेल लाइन के तेलो स्टेशन से करीबन डेढ़ किलोमीटर की दूरी पर दांदूडीह के समीप शनिवार तड़के ड्यूटी पर तैनात रेलवे के दो ट्रेक मैन (पेट्रोलिंग मेन) की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गयी। तेलो स्टेशन मास्टर की सूचना पर वरीय अनुभाग अभियंता रेल पथ चंद्रपुरा रंजीत कुमार घटनास्थल पर पहुंचे और घटना की जानकारी ली। अभियंता ने बताया कि 03:45 बजे सूचना मिलने के बाद तत्काल घटनास्थल पर पहुंचकर घटना की जानकारी ली। दोनों कर्मियों के शव क्षत-विक्षत पड़े थे। घटना इस्लामाबाद हटिया एक्सप्रेस गाड़ी संख्या 18623 की चपेट में आने से हुई। ड्यूटी के रिकॉर्ड के आधार पर दोनों की पहचान मोहन कुमार शर्मा (40) एवं राहुल कुमार (28) के रूप में हुई है। दोनों पेट्रोलिंग गश्ती में ड्यूटी कर रहे थे। दोनों कर्मी बिहार के निवासी थे। घटना की सूचना स्थानीय प्रशासन को दे दी गई है।

### गिरिडीह के बगोदर में अफीम जब्त, आरोपित गिरफ्तार

**गिरिडीह।** गिरिडीह एसपी दीपक कुमार शर्मा और एसडीपीओ धनंजय राम ने शनिवार को बगोदर थाना इलाके के नेशनल हाईवे के समीप संचालित राजस्थानी तुलसी ढाबा में छापेमारी कर ढाई सौ ग्राम अफीम का मिनी स्टॉक जब्त किया है। जब्त स्टॉक की कीमत राष्ट्रीय बाजार में लाखों रुपये है। ढाबा संचालक तुलसी प्रजापति को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है और पूछताछ कर रही है।

### बेलकुशी के समीप टकराई कार, कोई हताहत नहीं



**तिसर गिरिडीह।** बिहार के पटना की बताई जा रही है कार, गिरिडीह से वापस लौटते वक्त हुआ हादसा तिसरी थाना क्षेत्र अंतर्गत खिजुरी - गिरिडीह मुख्य मार्ग स्थित बेलकुशी के समीप शनिवार की शाम गिरिडीह से बिहार लौट रही एक कार असंतुलित होकर पेड़ से जा टकराई। हालांकि इस दुर्घटना में कार का एयर बैग खुल जाने के कारण भीतर बैठे लोग बाल - बाल बच गए जानकारी के अनुसार हुंडई क्रेटा कार में बिहार के पटना से चार लोग सवार होकर किसी काम से गिरिडीह आए थे। वापस लौटते समय बेलकुशी के समीप असंतुलित होकर सड़क किनारे स्थिति एक पेड़ से जा टकराई। हालांकि एयरबैग खुल जाने के कारण कार के भीतर बैठे लोगों को कोई नुकसान नहीं हुआ। इस दुर्घटना में कार के सामने का हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।

# वर्चस्व की जंग में चलीं बम और गोलियां, एक घायल

**नवीन मेल संवाददाता। धनबाद**

धनबाद के पुटकी थाना क्षेत्र स्थित गोपाली चक में कोयला उत्खनन कर रही सिंह नेचुरल आउटसोर्सिंग कंपनी के लोडिंग पॉइंट पर कोयला उठाव में वर्चस्व को लेकर शनिवार को दो गुट आपस में भिड़ गए। इस दौरान दोनों गुट में जमकर मारपीट हुई। बम और गोलियां भी चली।। एक युवक गोली लगने से घायल हो गया, जिसे एसएनएमएमसीएच में भर्ती किया गया है। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि उपद्रवियों ने मौके पर खड़ी वाहनों में भी जमकर तोड़फोड़ किया। इन्हें खदेड़ने के लिए पुलिस को बल प्रयोग करना पड़ा। फिलहाल पूरा इलाका पुलिस छावनी में तब्दील कर दिया गया है। स्थित नियंत्रण में बताई जा रही है। पुलिस उपद्रवियों की पहचान करने में जुटी है।



### आईआईटी-आईएसएम में छह दिवसीय एमटीटीएस कार्यक्रम संपन्न



**धनबाद।** उच्च शिक्षा में गणित विषय के प्रति छात्रों का रुझान बढ़े एवं इसपर बड़े-बड़े शोध हो सकें इसके लिए आईआईटी-आईएसएम धनबाद में गणित के प्रतिभावान विद्यार्थियों के लिए विशेष प्रशिक्षण शिविर का आयोजन हुआ। मैथेमैटिक्स टैलेंट सर्च एंड ट्रेनिंग (एमटीटीएस) नामक यह आयोजन 19 से 24 फरवरी तक चला। इस कार्यक्रम का उद्देश्य प्रतिभाशाली युवा छात्रों को गणित के प्रति प्रोत्साहित कराना, स्वतंत्र गणितीय सोच को बढ़ावा देना और उन्हें गणित के उच्च पहलुओं के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम के समन्वयक डॉ अजित कुमार ने कार्यक्रम के बारे में बताया कि एमटीटीएस देश का बेहद प्रतिष्ठित समर ट्रेनिंग प्रोग्राम है, जो कि भारत में 1993 से चलाया जा रहा है।

# प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी करेंगे शिलान्यास व लोकार्पण

**नवीन मेल संवाददाता। धनबाद**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 26 फरवरी को अमृत स्टेशन योजना के तहत आदर्श रेलवे स्टेशन का वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से शिलान्यास एवं लोकार्पण करेंगे। इस दौरान धनबाद रेल मंडल के 20 जगहों पर भी कार्यक्रम होना है। इसको लेकर शनिवार को धनबाद रेल मंडल के डीआरएम कमल किशोर सिन्हा ने एक प्रेस कांफ्रेंस के माध्यम से कार्यक्रम की जानकारी दी। सिन्हा ने बताया कि 26 फरवरी को धनबाद रेल मंडल में 20 जगहों पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आरओबी, आरयूबी और आदर्श रेलवे स्टेशन का उद्घाटन व शिलान्यास करेंगे। इसमें कुल 17 लिमिटेड हाइट सब-वे और दो आरओबी का शिलान्यास होगा। उन्होंने बताया कि करीब 250 करोड़ रुपये की लागत से हुए इस विकास कार्य के उद्घाटन और शिलान्यास कार्यक्रम में स्थानीय सांसद विधायक के साथ स्थानीय



लोग भी मौजूद रहेंगे। सिन्हा ने बताया कि 2047 के विकसित भारत का विकसित रेल प्रतियोगिता में चयनित हुए छात्र-छात्राओं द्वारा इस दौरान एक कल्चरल कार्यक्रम पेश किया जाएगा। इसके माध्यम से वर्ष 2047 तक विकसित भारत के तहत विकसित रेल पर उनके सुझाव और विचारों को सुना जाएगा। साथ ही इन चयनित छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत कर उनके सुझावों को आगे बढ़ाया जाएगा। उन्होंने बताया कि रेल क्रॉसिंग गेट पर एलएचएस और आरओबी बन जाने से इसका सुरक्षात्मक विकास कैसे होगा इसपर भी स्थानीय लोगों से राय ली जाएगी।

## गावां के माल्डा में मनाई गई संत कवि रैदास और माता शबरी की जयंती

**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**

**माल्डा।** गावां प्रखंड स्थित माल्डा उच्च विद्यालय के समीप संत कवि रैदास एवं माता शबरी की जयंती धूमधाम से मनाई गईं। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधायक राजकुमार यादव, निजामुद्दीन अंसारी, जिप सदस्य पवन कुमार चौधरी, बीस सूत्री अध्यक्ष अजय कुमार सिंह उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ माल्डा स्थित रैदास मन्दिर में रैदास के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर प्रारंभ किया गया। प्रखंड के विभिन्न पंचायतो से ढोल नगाड़ों के साथ जुलूस के शक्ल में लोग पहुँचे। जहां संत रैदास व शबरी के जीवनवृत पर एक विचारगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्कूली बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राजकुमार यादव ने कहा कि संत रैदास समानता के पक्षधर थे। उनका आगमन इस धरती पर तब हुआ था। जब समाज में छुआछूत पाखंड



इत्यादि अपने चरम पर था। संत रैदास ने समाज में समानता, एकता व भाईचारे का संदेश दिया। उन्होंने अपनी रचनाओं में भी इन तत्वों का खुलकर विरोध किया है। वर्तमान समय में भी कुछ तत्व समाज में धार्मिक विद्वेष असमानता आदि फैलाने का कार्य कर रहे हैं। जिससे हम सबों को सावधान रहने की आवश्यकता है। निजामुद्दीन अंसारी ने कहा कि वर्तमान समय में संत रैदास के उपदेश व माता शबरी की भक्ति हम सबों के लिए अनुकरणीय हैं। किसी भी समाज का विकास शिक्षा से ही हो सकता है। समाज के लोग अपने बच्चों की शिक्षा पर विशेष ध्यान दें। जिससे उनका बच्चा आगे चलकर देश व समाज का रोशन करें। कार्यक्रम में शिक्षक सह कवि भीम कुमार के द्वारा स्वरचित पुस्तक बिखरे फूल काव्य संग्रह का विमोचन किया गया।

## तिसरी थाना में विदाई सह स्वागत समारोह

### निवर्तमान थानेदार प्रदीप कुमार और सब इंस्पेक्टर अभिमन्यु पड़िहारी की विदाई, नए थाना प्रभारी संजय नायक

**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**

**तिसरी।** तिसरी के निवर्तमान थाना प्रभारी प्रदीप कुमार और सब इंस्पेक्टर अभिमन्यु पड़िहारी के स्थानांतरण व नए थाना प्रभारी संजय नायक के आगमन के अवसर पर तिसरी थाना परिसर में शनिवार को विदाई सह स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से पुलिस इंस्पेक्टर प्रमोद कुमार सिंह, रणवीर कुमार, जिप सदस्य रामकुमार राउत,उप प्रमुख बैजू मरांडी, तिसरी के मुखिया किशोरी साव, कुणाल सिंह, संतोष सिंह समेत कई पुलिसकर्मी उपस्थित थे। मौके पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों और पुलिसकर्मियों ने स्थानांतरित दोनों पुलिस पदाधिकारीयों का शौल ओढ़ाकर उनका अभिवादन किया साथ ही दोनों को बुके व कई उपहार भेंट किया गया। वहीं नए थाना प्रभारी संजय नायक का भी बुके और उपहार देकर गर्मजोशी से स्वागत किया गया।




मौके पर रामकुमार राउत ने कहा कि दोनों ही पुलिस पदाधिकारीयों का कार्यकाल बहुत ही अच्छा रहा। किसी भी मामले में इन्होने तत्परता दिखाते हुए फौरन एक्शन लिया है।

वहीं मुखिया किशोरी साव ने कहा कि दोनों ही पदाधिकारियों ने बेहतर कार्य किया है। जनप्रतिनिधियों के प्रति भी इनका व्यवहार बहुत अच्छा रहा है। इन्होने हमेशा ही जनप्रतिनिधियों को सहयोग किया है। वहीं भाजपा नेता कुणाल सिंह ने कहा कि दोनों पदाधिकारी की जितनी सराहना की जाए उतनी कम है,जब भी जरूरत पड़ी इन दोनों ने हमेशा सहयोग दिया है और सबसे बड़ी बात है इनका व्यवहार सबों के प्रति आदरणीय ही रहा है। वहीं थाना प्रभारी प्रदीप कुमार ने कहा कि यहां के लोगों और जनप्रतिनिधियों के सहयोग से 11 माह का कार्यकाल कैसे बीता पता ही नहीं चला। उन्होंने कहा कि सरकारी विभाग में आना - जाना लगा रहता है, तिसरी में बिताये हुए पल हमेशा यादगार रहेंगें। वहीं एसआई अभिमन्यु पड़िहारी ने कहा कि स्थानीय लोगों, जनप्रतिनिधियों के सहयोग और थाना प्रभारी के नेतृत्व में कार्य करते हुए लगभग 2 वर्ष का समय कैसे बीता पता ही नहीं चला। यहां का कार्यकाल सदैव यादगार रहेगा।

## गांडेय में भाजपा ने लाभार्थी संपर्क अभियान कार्यशाला का हुआ आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**

शनिवार को गांडेय बाजार स्थित भंयहरण मंडा परिसर में लाभार्थी संपर्क अभियान कार्यशाला का आयोजन किया गया । कार्यक्रम में बतौर भाजपा प्रदेश मंत्री दिलीप वर्मा और पूर्व जिलाध्यक्ष यदुनंदन पाठक उपस्थित थे। जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा गांडेय मंडल अध्यक्ष प्रकाश यादव ने किया। लाभार्थी जनसंपर्क अभियान कार्यक्रम के गांडेय मंडल के संयोजक हरि मंडल ने उपस्थित सभी कार्यकताओं को कार्यक्रम की जानकारी देते हुए कहा कि लाभार्थी जनसंपर्क अभियान 1-5 मार्च तक चलाया जाएगा । कार्यक्रम में कार्यकताओं के बीच पत्रक और स्टीकर का भी वितरण किया गया । इस विषय पर प्रदेश मंत्री और पूर्व जिलाध्यक्ष ने संयुक्त रूप से कहा कि पिछले 10 सालों में केन्द्र सरकार ने कई जनकल्याणकारी योजनाओं को जनता को समर्पित किया है। इन योजनाओं का लाभ हर वर्ग के लोगों को मिला है । भाजपा के सभी कार्यकर्ता लाभार्थी के घर - घर पहुंचकर उनसे योजनाओं के विषय में जानकारी लेंगे। साथ ही लाभुकों से फीडबैक भी लेंगे । कार्यक्रम में गांडेय प्रमुख राजकुमार पाठक, अहिल्यापुर मंडल अध्यक्ष पुरुषोत्तम चौधरी, दिनेश राय, धर्मेंद्र सिंह, मोहन मंडल, गोपाल राणा, संतोष रवानी, मंटू यादव, धनश्याम वर्मा, अभिषेक पाठक, भरत, तेजो रविदास, सुरेंद्र यादव, नरेश शाह, जय मंगल, रुद्र साकेत गुप्ता, राजू राणा, श्याम पाठक, रितेश पाठक सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे ।

## जिला विधिक सेवा प्राधिकार, गिरिडीह द्वारा मासिक लोक अदालत आयोजित



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**

फरवरी माह में मासिक लोक अदालत का आयोजन प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार, गिरिडीह के मार्गदर्शन में किया गया। इस संबंध में जानकारी प्रदान करते हुए सचिव महोदया सोनम बिसनोई जिला विधिक सेवा प्राधिकार गिरिडीह, ने कहा कि माननीय झालसा, रांची के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार, गिरिडीह द्वारा मासिक लोक अदालत के माध्यम से न्यायालय में लंबित सभी प्रकार के सुलहनीय आपराधिक मामलों, सिविल वाद, क्लेम वाद, एन आई एक्ट वाद एवं बिजली विभाग, वन विभाग, उत्पाद विभाग, श्रम विभाग, माप-तौल विभाग, टेलीफोन विभाग से संबंधित मामलों का त्वरित निष्पादन हेतु किया जाता है। इस माह के लिए मासिक लोक अदालत के सफल संचालन के लिए कुल-07 पीठों का गठन किया गया था। आज के इस मासिक लोक अदालत में कुल 18 मामलों का निष्पादन किया गया, जिसमें 7 लाख 95 हजार रुपए सुलहनीय राशि संबंधित विभाग एवं पक्षकारों को प्राप्त हुआ। कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी न्यायिक पदाधिकारीगण, विभिन्न विभागों के पदाधिकारीगण, विद्वान पैनल अधिवक्तागण, न्यायालय कर्मियों एवं पारा लीगल वालंटियर्स की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## भाजपा कार्यालय में मनी संत रविदास जयंती



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

संत रविदास जी की जयंती पर संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा संत रविदास बेहद धार्मिक स्वभाव के थे। वे भक्तिकालीन संत और महान समाज सुधारक थे। उन्होंने भगवान की भक्ति में समर्पित होने के साथ-साथ अपने सामाजिक और पारिवारिक कर्तव्यों को भी बखूबी निर्वहन किया। संत रविदास जी ने लोगों को बिना भेदभाव के आपस में प्रेम करने की शिक्षा दी और इसी तरह से वे भक्ति के मार्ग पर चलकर संत रविदास कहलाये। संत रविदास जी अपना अधिकांश समय भगवान की पूजा में लगाते थे और धार्मिक परंपराओं का पालन करते हुए उन्होंने एक संत का दर्जा प्राप्त किया। 'मन चंगा तो कठौती में गंगा' यह दोहा आज भी प्रसिद्ध है। उनकहा कहना था कि शुद्ध मन और निष्ठा के साथ किये काम का हमेशा अच्छा परिणाम मिलता है। इस मौके पर नीरज पासवान, जोगेंद्र लाल, रांची महानगर अध्यक्ष वरूण साहू, महामंत्री बलराम सिंह, शिवधारी राम, उपेंद्र रजक, राजीव राज लाल, रामलगन राम, संजय रविदास एवं अन्य ने भी पुष्प अर्पित किया।

## मदर टेरेसा नर्सिंग कॉलेज बानो में मनाया गया कैंपिंग समारोह






**नवीन मेल संवाददाता। बानो**

मदर टेरेसा कॉलेज ऑफ नर्सिंग बानो में शनिवार को एएनएम एवं जीएनएम छात्राओं की लैंप लाइटिंग कैपिंग समारोह मनाया गया जिसमें मुख्य अतिथि कोलेबिरा चिकित्सा प्रभारी डॉक्टर के.के शर्मा विशिष्ट अतिथि बानो चिकित्सा प्रभारी डॉक्टर रवि कुमार डॉ.अली, डॉ. शशि शेखर, डॉ आर एन मिश्रा, डॉक्टर सीमा टोप्पो मौजूद थे । कालेज की एच. आर. संगीता कुमारी ने छात्राओं को फ्लोरेंस नाइटिंगेल के कर्तव्य और निष्ठा की शपथ दिलाई। मुख्य अतिथि डॉक्टर के.के शर्मा ने छात्राओं को कैपिंग सेरेमनी की शुभकामनाएं देते हुए उन्हें सेवा भाव से कार्य करने को कहा। वहीं विशिष्ट अतिथि डॉ रवि कुमार ने छात्राओं को बताया नर्सिंग सेवा मानव सेवा का सच्चा धर्म माना जाता हैं बीमार व असहाय लोगों के दुखों पर मरहम लगाने का सौभाग्य नर्सिंग से जुड़े आप जैसे भाग्यशाली लोगों को मिला हैं. सच्ची सेवा से आप अपने कर्तव्य को पूरा करें। वहीं निदेशक ने छात्राओं को शुभकामना देते हुए कहा कि नर सेवा नारायण सेवा है हर एक पीड़ितों में रोगियों में ईश्वर मानकर उसकी सेवा करनी है। कार्यक्रम में छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सबों का मन मोह लिया। आज के समारोह में जीएनएम की उपप्राचार्या एरेन बेक ए एन एम की प्राचार्या प्रभा सुरीन अलबीना तोपनो, लीला कुमारी, लीलावती साहू, माटिल्डा तिर्की, प्रिया कुमारी सचिव निभा मिश्रा, उषा शर्मा एवं छात्राओं के सभी अभिभावक उपस्थित थे।

## उत्पाद विभाग ने शराब कारोबारी और वैन चालक को किया गिरफ्तार

### डुमरी के कुलगो टोल प्लाजा के समीप छापेमारी, 24 पेटी विभिन्न ब्रांड के बीयर बरामद

**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**

गिरिडीह उत्पाद विभाग की टीम द्वारा शुक्रवार की रात्रि को डुमरी थाना क्षेत्र के कुलगो टोल प्लाजा के समीप छापेमारी कर 24 पेटी विभिन्न ब्रांड के बीयर को बरामद किया गया है। मामले में मौके पर से शराब कारोबारी और वैन चालक को भी गिरफ्तार किए जाने की सूचना है। वहीं जब्त बीयर को उत्पाद विभाग के बरमसिया डिपो पहुंचाया गया। मिली जानकारी के अनुसार उत्पाद अधीक्षक के निर्देश पर जीटी रोड में गश्ती के क्रम में टोल गेट के पास एक संदिग्ध कार की तलाशी ली गई। जेएच 10 सीयू 7762 नंबर की हुंडई वेन्यू कार में अलग अलग ब्रांड का 24 पेटी अवैध बीयर बरामद किया गया। तत्पश्चात टीम ने कार एवं अवैध बीयर को कब्जे में लेने के बाद इस अवैध शराब कारोबार में शामिल धंधेबाज इसरी निवासी एवं चालक को गिरफ्तार किया। अग्रेतर कानूनी कार्रवाई करते हुए अभियुक्त एवं चालक को शनिवार को जेल भेज दिया गया। छापेमारी में उत्पाद निरीक्षक मनीष कुमार, महेंद्र देवगन समेत होमगार्ड के जवान शामिल थे।बताया जाता है कि अवैध बीयर का कारोबार डुमरी व निमियाघाट थाना क्षेत्रों में संचालित विभिन्न लाइन होटलों सहित आसपास के संचालित होटलों में बेधड़क की जाती है।

## तिसरी में बाल अधिकार कानून के जागरूकता शिविर का आयोजन

### जिला विधिक सेवा प्राधिकार एवं कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रेन्स फॉउंडेशन के तत्वाधान में जागरूकता अभियान

**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**

तिसरी प्रखण्ड के सिंघो पंचायत के ककनी में जिला विधिक सेवा प्राधिकार एवं कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रेन्स फॉउंडेशन के संयुक्त तत्वाधान में बाल अधिकारों से संबंधित कानूनों के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए कानूनी जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में शामिल लोगों को जिला विधिक सेवा प्राधिकार मुकेश वर्मा ने बताया कि बाल अधिकारों को सुनिश्चित करने के लिए अनेक कानून बनाएं गए हैं। जिसे आप सभी तक पहुँचाना हम सभी का दायित्व है। बच्चों के लिए बेहतर वातावरण निर्माण के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकार हर समय उपलब्ध है आप सभी को जब कभी भी बच्चों से




संबंधित कानूनी सहायता की जरूरत महसूस हो आप लोग बेझिझक जिला विधिक सेवा प्राधिकार से सम्पर्क करें। आगे भी ऐसे कानूनी जागरूकता कार्यक्रम नियमित अंतराल में, डीएलएसए जिला प्रशासन एवं केएससीएफ चलाती रहेगी। सिंघो मुखिया हासिमउद्दीन जी ने कहा कि बाल विवाह एक कानूनी अपराध है, जिसमें शामिल पंडित, मौलवी, पादरी, नाई, साउंड व टेंट वाले एवं बाल विवाह में शामिल सभी लोगों को जुमार्ना एवं सजा हो सकती है। बाल विवाह को लोगों में जागरूकता लाकर एवं इससे जुड़े कानूनों का पालन करवाकर ही समाप्त किया जा सकता है। डीएलएसए के सहदेव साव ने पोकसो, बाल विवाह, बाल मजदूरी आदि कानूनों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रंस फाउंडेशन के जिला समन्वयक यूसुफ इक्वाल ने डीएलएसए के द्वारा जिले भर में बच्चों के अधिकारों को सुनिश्चित कराने के लिए किये जा रहे कार्यों से अवगत कराया ' बाल अधिकारों से संबंधित कानूनी जागरूकता शिविर में उ्छरअ से मुकेश वर्मा, व बाल मित्र ग्राम बलियारी, महुआटांड़, गुहियातरी, घाघरा, ककनी के पंचायत प्रतिनिधि, ग्रामीण व बच्चे शामिल हुए।

## बिरनी: विदाई सह स्वागत समारोह

### बिरनी थाना और भरकट्टा ओपी प्रभारी ने दिया योगदान

**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**

बिरनी थाना परिसर में शनिवार को पूर्व थाना प्रभारी का विदाई समारोह व नए का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन बिरनी थाना की ओर से किया गया तथा संचालन मुंशी राजकुमार दास ने किया ।कार्यक्रम में सीओ सारांश जैन, प्रमुख रामु बैठा, पूर्व थाना प्रभारी मृतुन्जय सिंह, वर्तमान थाना प्रभारी राजीव कुमार उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं सामाजिक कार्यकताओं ने पूर्व थाना प्रभारी के कार्यकाल का काफी सराहना किया। वहीं नए थाना प्रभारी के कार्यकाल को भी बेहतर बनाने के लिए शुभकामना दिया । वहीं नए थाना प्रभारी ने कहा पूर्व प्रभारी ने लकीर खींच दी है और हमारा प्रयास है कि इस लकीर से इस क्षेत्र की जनता को बेहतर सेवा देने का काम करूं ।इस अवसर पर एएसआई मृतुजन्य सिंह,



एएसआई चरवा मिंज, एएसआई राजेन्द्र भारती, चौकीदार, सुदामा यादव, कार्तिक यादव, अनिल पासवान, बालेश्वर ठाकुर, गुलाब तुरी, चालक मिथिलेश सिंह, छोटू बैठा, आजसू प्रखण्ड अध्यक्ष अनिल रजक, उपाध्यक्ष अमित गुप्ता,कपिलो मुखिया मुकेश यादव, अरारी मुखिया प्रतिनिधि सुनील वर्मा, सरिया जिप सदस्य अनूप पांडेय,सुखदेव साव , त्रिभुवन साव, पन्स पंकज यादव, शाखाबारा मुखिया राजेन्द्र यादव, पप्पू मोदी, दिनेश साव, अनवर अंसारी आदि सैकड़ों लोग उपस्थित थे ।

अपने 150वें आइएसएल मैच से पहले बोले सुनील छेत्री

# ट्रॉफी जीतना मेरे करियर का सबसे यादगार पल

**एजेंसी। नई दिल्ली।** भारतीय फुटबॉल टीम के कप्तान और बेंगलुरू एफसी के दिग्गज स्ट्राइकर सुनील छेत्री आज शाम हैदराबाद एफसी के खिलाफ इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) में अपने रिकॉर्ड 150 मैच पूरे करेंगे। आईएसएल इतिहास में सर्वकालिक गोल-स्कोरर सूची में छेत्री (60) केवल नाइजीरियाई दिग्गज बाथोलॉम्यू ओग्बेचे (63) से पीछे हैं और यकीनन भारत के सबसे प्रसिद्ध और विश्वसनीय स्ट्राइकर हैं।

**साल 2015 में मुंबई सिटी एफसी के साथ आईएसएल यात्रा शुरू की :** छेत्री ने 2015 में मुम्बई सिटी एफसी के साथ अपनी आईएसएल यात्रा शुरू की और आइलैंडर्स के लिए 11 मैच खेलकर सात गोल किए। आइलैंडर्स ने दूसरे सीजन से पहले हुई नीलामी में छेत्री के लिए 1.2 करोड़ रुपये की भारी-भरकम कीमत चुकाई थी, लेकिन बेंगलुरू एफसी ने 2017 में लीग में पदार्पण किया और तब से सुनील ब्लूज के मुख्य आधार रहे हैं। उन्होंने ब्लूज के साथ अपने पहले आईएसएल सीजन में शानदार प्रदर्शन किया, जब उन्होंने 14 गोल और दो में सहायता प्रदान करके अपनी टीम को उप-विजेता बनाया।

आईएसएल में उनके नाम दो हैट्रिक हैं और इस उपलब्धि को एक से ज्यादा बार दोहराने वाले वह एकमात्र भारतीय खिलाड़ी हैं। छेत्री ने लीग में पांच बार दो-दो गोल किए हैं, उन्होंने 2018-19 में बेंगलुरू एफसी के साथ लीग जीती थी और 2017-18 में प्लेयर ऑफ द सीजन का पुरस्कार अपने नाम किया था जब उनकी टीम फाइनल में चेन्नइयन एफसी से हार गई थी।


अंतरराष्ट्रीय कोचों, खिलाड़ियों और शीर्ष भारतीय लीग में समस्त विशेषज्ञों के साथ प्रतिदिन ट्रेनिंग करने से भारतीय खिलाड़ियों को अपना स्तर ऊंचा करने में मदद मिली है : छेत्री

**आइएसएल में 150 मैच खेलने वाले चौथे खिलाड़ी बनेंगे छेत्री :** छेत्री, प्रीतम कोटाल (157), अमरिंदर सिंह (153) और मंदार देसाई (152) के बाद 150 आईएसएल मैचों के आंकड़े तक पहुंचने वाले चौथे खिलाड़ी बन जाएंगे। अपनी इस उपलब्धि पर छेत्री ने शुक्रवार को लीग द्वारा जारी एक आधिकारिक बयान में कहा, आइएसएल खिताब जीतना जादुई पल था। वर्तमान मुंबई सिटी एफसी की जर्सी में खेल रहे राहुल भेके ने हमारे लिए विजयी गोल दागा था और उस पल मैं कभी नहीं भूलूंगा। पूरी तरह से अलग कारणों से, दूसरा नहीं भूलने वाला पल है घरेलू मैदान पर चेन्नइयन एफसी के खिलाफ आइएसएल में फाइनल हार। आप मुझे स्वार्थी होने के लिए माफ करें, लेकिन तीसरा यादगार पल मेरी पहली हैट्रिक है। जब मैंने अपनी पहली हैट्रिक बनाई, तब मैं मुंबई सिटी एफसी के लिए खेल रहा था। मेरा मानना है कि वो किसी भारतीय द्वारा बनाई गई पहली हैट्रिक थी। कप्तान छेत्री ने अनुभवी डिफेंडर संदेश झिंगन का उदाहरण दिया, जो शायद आईएसएल के पहले चमकदार स्टार थे, जिन्होंने 2014 के उद्घाटन सत्र में इमर्जिंग प्लेयर ऑफ द ईयर का पुरस्कार जीता था। छेत्री इस समय आईएसएल 2023-24 में सबसे ज्यादा (4) गोल करने वाले भारतीय खिलाड़ी बने हुए हैं, लेकिन वह इससे कहीं ज्यादा ऐसे लीडर रहे हैं जिनसे प्रेरणा पाने के लिए टीम के सदस्य उनकी ओर देखता है। जब महत्वपूर्ण मुकाबला होता है तो वह अपने प्रदर्शन के स्तर को ऊपर उठाने के साथ अपने साथियों को प्रेरित करने की अद्वितीय क्षमता रखते है।

बेंगलुरू एफसी प्लेऑफ स्थानों के लिए कई टीमों को कड़ी टक्कर दे रही है। दिसम्बर में जेरार्ड जारागोजा के कोचिंग की बागडोर संभालने के बाद से ब्लूज बीच में कहां अटके हुए हैं, लेकिन पूरा कांतीरावा और क्लब बेसब्री से उम्मीद कर रहे होंगे कि कप्तान, नेता, दिग्गज का ऐतिहासिक मैच इस सीजन में टीम के भाग्य को जगाने वाला रहेगा।

## मौजूदा ओलंपिक स्पीड स्केटिंग चैंपियन थॉमस क्रोल ने लिया संन्यास



**हेग।** मौजूदा ओलंपिक चैंपियन थॉमस क्रोल ने शुक्रवार को तत्काल प्रभाव से स्पीड स्केटिंग से संन्यास ले लिया है। वह अब पायलट बनने के लिए पढ़ाई शुरू करेंगे। 31 वर्षीय क्रोल ने दो साल पहले बीजिंग में अपने करियर का सबसे बड़ा अनुभव हासिल किया था, जहां वह 1,000 मीटर स्पीड स्केटिंग में शीतकालीन ओलंपिक चैंपियन बने थे।

क्रोल ने राष्ट्रीय प्रसारक एनओएस को बताया, वह ओलंपिक खिताब मेरे करियर का ताज था। एक छोटे बच्चे के रूप में मैंने यही सपना देखा था। अब मैं उस चीज को अलविदा कहता हूं जो मैंने 20 वर्षों तक किया था। लेकिन साथ ही यह मेरे जीवन में अगले चरण के लिए एक नया द्वार भी खोलता है।

क्रोल 2019 और 2021 में 1,500 मीटर में विश्व चैंपियन और 2022 में विश्व स्प्रिंट चैंपियन भी रहे थे। इस सप्ताह की शुरूआत में, एक अन्य डच ओलंपिक स्पीड स्केटिंग चैंपियन, आइरीन शौटेन ने भी 31 साल की उम्र में अपनी सेवानिवृत्ति की घोषणा की। शौटेन ने महिलाओं की 3,000 मीटर, 5,000 मीटर और बीजिंग 2022 में बड़े पैमाने पर शुरूआत की थी।

# जायसवाल का अर्धशतक

## बशीर ने झटके तीन विकेट



रांची टेस्ट


शोएब बशीर

**नवीन मेल संवाददाता। रांची** ऑफ स्पिनर शोएब बशीर (84 रन देकर 4 विकेट) के घातक गेंदबाजी की बदौलत इंग्लैंड ने भारत के खिलाफ यहां जारी चौथे टेस्ट मैच के दूसरे दिन अपनी स्थिति मजबूत कर ली है। दूसरे दिन का खेल खत्म होने पर भारत ने अपनी पहली पारी में 7 विकेट पर 219 रन बना लिये हैं। ध्रुव जुरेल 30 और कुलदीप यादव 17 रन बनाकर नाबाद हैं। पहली पारी के आधार पर भारत अभी भी 134 रन पीछे है। इंग्लैंड ने अपनी पहली पारी में 353 रन बनाए थे।

भारत की पहली पारी की शुरूआत खराब रही और केवल 4 रनों के कुल योग पर कप्तान रोहित शर्मा को जेम्स एंडरसन ने पवेलियन भेज दिया। 86 के कुल स्कोर पर शोएब बसीर ने गिल को एलबीडब्ल्यू कर भारत को दूसरा झटका दिया। गिल ने 38 रन बनाए।

रजत पाटीदार एक बार फिर असफल रहे और 112 के कुल स्कोर पर केवल 17 रन बनाकर शोएब बसीर का शिकार बने। 130 के कुल स्कोर पर रवींद्र जडेजा 12 रन बनाकर बसीर का तीसरा शिकार बने। गिरते विकेटों के बीच यशस्वी जयसवाल एक छोर पर खड़े रहे और अपना अर्धशतक पूरा किया। हालांकि 161 के कुल योग पर बसीर ने जयसवाल को बोल्ड कर मैच में अपना चौथा विकेट लिया। जयसवाल ने 117 गेंदों पर 8 चौके और 1 छक्के की बदौलत 73 रन बनाए। जयसवाल के आउट होने के बाद सरफराज खान (14) और रविचंद्रन अश्विन (01) को टॉम हार्टले ने पवेलियन भेज दिया और भारत का स्कोर 7 विकेट पर 177 रन हो गया। यहां से ध्रुव जुरेल और कुलदीप यादव ने कोई और नुकसान नहीं होने दिया और आठवें विकेट के लिए 42 रनों की नाबाद साझेदारी कर दिन का खेल खत्म होने पर टीम का स्कोर 219 रन तक पहुंचाया। भारत पहली पारी के आधार पर अभी भी इंग्लैंड से 134 रन पीछे है। इंग्लैंड की तरफ से शोएब बसीर ने 4, टॉम हार्टले ने 2 और जेम्स एंडरसन ने 1 विकेट लिया।

**इंग्लैंड ने पहली पारी में बनाए 353 रन, रूट का शतक :** इससे पहले जो रूट के बेहतरीन नाबाद शतक और ऑली रॉबिन्सन के अर्धशतक की बदौलत इंग्लैंड ने अपनी पहली पारी में 353 रन बनाए। रूट 122 रन बनाकर नाबाद रहे, वहीं ऑली रॉबिन्सन ने 58 रनों की शानदार अर्धशतकीय पारी खेली।

## 150वें मैच का जश्न मनाना चाहेगी बेंगलुरू एफसी



**बेंगलुरू।** बेंगलुरू एफसी आज शाम अपने घरेलू मैदान श्री कांतीरावा स्टेडियम में खेले जाने वाले इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) 2023-24 के डबल हेडर डे के दूसरे मुकाबले में जीतविहीन हैदराबाद एफसी से भिड़ेगी। यह घरेलू टीम के कप्तान सुनील छेत्री के लिए यादगार मैच होगा, क्योंकि दिग्गज फॉरवर्ड अपना 150 वां आईएसएल मैच खेलने जा रहे हैं। मुंबई सिटी एफसी के खिलाफ अपने पिछले मुकाबले में 2-0 से हार झेलने के बाद छेत्री अपने विशेष दिन पर ब्लूज के लिए खुशखबरी चाहेंगे। हालांकि बेंगलुरू एफसी तालिका में 10वें स्थान पर है और उसके लिए छठे स्थान की लड़ाई खुली है, क्योंकि कई टीमें प्लेऑफ में क्वालीफिकेशन के लिए होड़ हैं। ब्लूज अब किसी भी तरह की चूक बर्दाश्त नहीं कर सकते, खासकर यह यह घरेलू मुकाबला है।

## सर्वश्रेष्ठ देने को तैयार गुजरात जायंट्स की टीम

**बेंगलुरु।** महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) का दूसरा सीजन शुरू हो गया है। अदानी स्पोर्ट्सलाइन के स्वामित्व और ऑस्ट्रेलियाई रन-मशीन बेथ मूनी की कप्तानी वाली गुजरात जायंट्स की टीम, रविवार को गत चैंपियन मुंबई इंडियंस के खिलाफ अपने अभियान की शुरूआत करने के लिए पूरी तरह तैयार है।

## न्यूजीलैंड के खिलाफ अंतिम टी20 मैच से बाहर हुए डेविड वॉर्नर



**एजेंसी। नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलियाई सलामी बल्लेबाज डेविड वॉर्नर चोट के कारण ऑकलैंड में न्यूजीलैंड के खिलाफ अंतिम टी20 मैच से बाहर हो गए हैं, लेकिन उनके अगले महीने आईपीएल की शुरूआत तक फिट होने की उम्मीद है।

क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) ने शनिवार को एक आधिकारिक बयान में कहा, वॉर्नर को एक संक्षिप्त रिकवरी अवधि की आवश्यकता होगी, हालांकि इससे आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप से पहले आगामी इंडियन प्रीमियर लीग के लिए उनकी उपलब्धता प्रभावित होने की उम्मीद नहीं है।

वॉर्नर के फिट होने की समय सीमा लगभग सात से 10 दिन होने का अनुमान है। श्रृंखला के अंतिम मैच में चूकने का मतलब है कि वॉर्नर का द्विपक्षीय अंतरराष्ट्रीय करियर अब जून में आगामी टी20 विश्व कप के साथ समाप्त हो जाएगा, जो ऑस्ट्रेलिया के लिए उनकी आखिरी प्रतियोगिता होगी।

मैट शॉर्ट, जिन्होंने वेलिंगटन में पहला मैच खेला था, लेकिन उन्हें बल्लेबाजी या गेंदबाजी करने का मौका नहीं मिला, उन्हें संभवतः दूसरा मौका भी मिलेगा। ऐसी संभावना है कि मार्श को टेस्ट श्रृंखला से पहले आराम दिया जाएगा जिसका मतलब होगा कि मैथ्यू वेड टीम की कमान संभालेंगे। पहले दो मैच खेलने के बाद पैट कमिंस और जोश हेजलवुड के भी रविवार के मैच से बाहर रहने की उम्मीद है।

## मौजूदा पैरालंपिक चैंपियन लुकास मजूर को हराकर फाइनल में पहुंचे सुहास यतिराज

**पटाया।** भारत के पैरा-बैडमिंटन खिलाड़ी सुहास यतिराज ने इतिहास में अपना नाम दर्ज कराते हुए पैरा-बैडमिंटन विश्व चैंपियनशिप के साइड लोअर 4 वर्ग के फाइनल में प्रवेश कर लिया है। सुहास ने सेमीफाइनल में विश्व के नंबर एक खिलाड़ी फ्रांस के लुकास मजूर पर 21-16, 21-19 की शानदार जीत दर्ज की। उत्तर प्रदेश कैडर के आईएएस अधिकारी, कर्नाटक के हासन के रहने वाले सुहास यतिराज की शिक्षा जगत के गलियारों से पैरा-बैडमिंटन के शिखर तक की यात्रा मानवीय भावना की विजय का उदाहरण है।

**पैरा-बैडमिंटन विश्व कप**

## सुमित नागल को मुख्य ड्रॉ वाइल्डकार्ड मिला

**दुबई चैंपियनशिप**

**नई दिल्ली।** भारत के नंबर 1 टेनिस खिलाड़ी सुमित नागल को दुबई चैंपियनशिप के लिए मुख्य ड्रॉ वाइल्डकार्ड दिया गया है, जो 26 फरवरी से 2 मार्च तक आयोजित होने वाला एटीपी 500 इवेंट है। पहले दौर में नागल का सामना इटालियन वर्ल्ड नंबर 49 लोरेंजो सोनेगो से होगा। 26 वर्षीय नागल, जो वर्तमान में 101वें स्थान पर हैं, ने इस महीने चेन्नई में अपने करियर का पांचवां चैलेंजर खिताब जीतने के बाद पहली बार शीर्ष 100 में प्रवेश किया। इस साल की शुरूआत में, नागल ने ऑस्ट्रेलियन ओपन के मुख्य ड्रॉ के लिए क्वालीफाई किया, जहां उन्होंने शुरूआती दौर में 31वीं वरीयता प्राप्त कजाख अलेक्जेंडर बुब्लिक को हराया।

## पीकेएल सीजन 10 के प्लेऑफ सोमवार से, खिताब की असल जंग शुरू



**एजेंसी। हैदराबाद।** 12 सप्ताह के हाई-ऑक्टेन मुकाबलों के बाद लीग चरण की शीर्ष छह टीमें 26 फरवरी से हैदराबाद में प्रो कबड्डी लीग प्लेऑफ में मुकाबला करने के लिए तैयार हैं। इसकी शुरूआत सोमवार को जीएमसी बालयोगी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में दो मनोरंजक मुकाबलों के साथ होगी।

तीसरे स्थान पर रही दबंग दिल्ली केसी का एलिमिनेटर 1 में छठे स्थान पर मौजूद पटना पाइरेट्स से मुकाबला होगा। इसी तरह चौथे स्थान पर मौजूद गुजरात जायंट्स का एलिमिनेटर 2 में पांचवें स्थान पर मौजूद हरियाणा स्टीलर्स से मुकाबला होगा। सभी चार टीमें सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए खेलेंगी। सेमीफाइनल मुकाबला बुधवार, 28 फरवरी 2024 को खेला जाएगा।

टेबल टॉपर पुनेरी पलटन और दूसरे स्थान पर मौजूद जयपुर पिंक पैंथर्स पहले ही सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर चुके हैं। पुणे की टीम अंतिम-चार चरण में एलिमिनेटर 1 के विजेता से भिड़ेगी, जबकि गत चैंपियन जयपुर एलिमिनेटर 2 के विजेता से भिड़ेगी। ग्रैंड फिनाले शुक्रवार, 01 मार्च 2024 को आयोजित किया जाएगा।

## सचिन ने पैरा क्रिकेटर आमिर हुसैन से की मुलाकात



**नई दिल्ली।** महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर ने शनिवार को अपनी जम्मू-कश्मीर यात्रा के दौरान पैरा क्रिकेटर आमिर हुसैन लोन से मुलाकात की और उन्हें अपना हस्ताक्षर किया हुआ एक बल्ला उपहार में दिया। तेंदुलकर ने अपने 'एक्स' हैंडल पर उनकी बातचीत का एक वीडियो पोस्ट किया और पोस्ट को कैप्शन दिया असली हीरो आमिर के लिए। प्रेरणा देते रहो। आपसे मिल कर अच्छा लगा। 34 वर्षीय क्रिकेटर की खेलने की शैली अनोखी है। वह अपने पैरों का उपयोग कर-के गेंदबाजी करते हैं और अपने कंधे और गर्दन का उपयोग करके बल्लेबाजी करते हैं।

# मोहन बागान सुपर जायंट का लक्ष्य ओडिशा एफसी को शीर्ष से हटाना



**एजेंसी। भुवनेश्वर।** ओडिशा एफसी की टीम आज शाम अपने घरेलू मैदान कलिंगा स्टेडियम में खेले जाने वाले इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) 2023-24 मुकाबले में मोहन बागान सुपर जायंट (एमबीएसजी) की मेजबान करेगी, तो उसका लक्ष्य अंक तालिका में अपने शीर्ष स्थान को मजबूत करना होगा जबकि मैरिनर्स अपने प्रतिद्वंद्वी को अपदस्थ करना चाहेंगे।

जगरनॉट्स मैदान पर लौट आए हैं। मैचवीक 15 में एक्शन से दूर रहने के बावजूद वे अंक तालिका के शीर्ष पर बने हुए हैं। हालांकि कई मुकाबलों के बाद तालिका में उठापटक लगातार हो रही है, जिससे उनकी स्थिति को खतरा हो सकता था। उन्होंने अपना पिछला मुकाबला एफसी गोवा के खिलाफ 1-1 से ड्रा खेला था और वे जीत की राह पर लौटने के लिए उत्सुक होंगे। इस बीच, इस महीने की शुरूआत में एंटोनियो लोपेज हाबास के हेड कोच पद संभालने के बाद से मैरिनर्स का प्रदर्शन बेहतर हुआ है। तब से उन्होंने लगातार तीन जीत हासिल की हैं, सात गोल किए हैं, केवल दो बार गोल खाए हैं और इस बीच दो क्लीन शीट बरकरार रखी हैं।

ओडिशा एफसी के स्पेनिश हेड कोच सर्जियो लोबेरा ने प्री-मैच प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा यही विचार है। हमने ब्रेक से पहले बहुत अच्छा खेला था और किसी अन्य चीज के बारे में सोचना हमारा काम नहीं है। हम मोहन बागान के खिलाफ एक बड़ा मैच खेलेंगे और हम इसे लेकर उत्साहित हैं। मोहन बागान सुपर जायंट के स्पेनिश हेड कोच एंटोनियो लोपेज हबास ने कहा, रॉय कृष्णा एक शानदार खिलाड़ी हैं, और यह फुटबॉल है, लेकिन हमारे पास उनके लिए कोई विशेष योजना नहीं है। हमें हर मैच में पूरी टीम को सम्मान देना होगा। बता दें कि दोनों टीमों के बीच अब तक 8 मैच खेले गए हैं, जिसमें 4 ड्रा रहे हैं और बाकी चार मोहन बागान ने जीते हैं।

## खबरें व्यापार जगत की

## मार्च महीने में 14 दिन बंद रहेंगे बैंक, ये है छुट्टियों की पूरी सूची




**एजेंसी। नई दिल्ली।** फरवरी अगले हफ्ते खत्म होने वाला है और मार्च महीने की शुरूआत होने वाली है। मार्च का महीना त्योहारों के लिहाज से बेहद अहम है। मार्च में महाशिवरात्रि के साथ-साथ रंग-गुलाल का त्योहार होली भी है, जबकि गुड फ्राइडे भी इसी महीने में आता है। इन त्योहारों के कारण मार्च के 31 दिनों में से 14 दिन बैंकों में अवकाश रहने वाला है।

रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) की ओर से जारी छुट्टियों की सूची के मुताबिक इस साल मार्च में कुल 14 दिन बैंक बंद रहने वाला है। इसमें पांच रविवार का साप्ताहिक अवकाश और दूसरे व चौथे शनिवार की छुट्टी भी शामिल है। जबकि अलग-अलग जगहों पर बैंकों में सात दिन कामकाज नहीं होगा। इसके अलावा 25 मार्च को होली के अवसर पर बैंक में अवकाश होगा। हालांकि, छुट्टी वाले दिन बैंकों की ऑनलाइन सर्विसेज, नेट बैंकिंग, मोबाइल बैंकिंग और यूपीआई के जरिए आप पैसे का लेन-देन कर सकते हैं।

**बैंकों में रहने वाला अवकाश**

- 01 मार्च शुक्रवार को चापचार कुट की वजह से मिजोरम के आईजोल शहर में बैंकों में अवकाश रहेगा।
- 3 मार्च रविवार को साप्ताहिक अवकाश की वजह से देश के सभी राज्यों में बैंक बंद रहेंगे।
- 8 मार्च शुक्रवार को महाशिवरात्रि के कारण देश के सभी राज्यों में बैंकों का अवकाश रहेगा।
- 9 मार्च को महीने का दूसरा शनिवार होने की वजह से देश के सभी राज्यों में बैंक बंद रहेगा।
- 10 मार्च को रविवार की वजह से देश के सभी राज्यों में बैंकों का अवकाश रहेगा।
- 17 मार्च को रविवार होने की वजह से देश के सभी राज्यों में बैंकों में छुट्टी रहेगी।
- 22 मार्च को बिहार दिवस के अवसर पर पूरे बिहार के बैंकों में अवकाश रहेगा।
- 23 मार्च को महीने का चौथा शनिवार होने की वजह से देश के सभी राज्यों में बैंकों का अवकाश रहेगा।
- 24 मार्च को रविवार को देश के सभी राज्यों में बैंक बंद रहेगा।
- 25 मार्च को होली यानी दुल्हैंडी यानी रंग वाली होली के दिन देश के अधिकांश राज्यों में बैंकों का अवकाश।
- 26 मार्च को याओसैंग सेकंड-डे एवं होली के मौके पर भुवनेश्वर, इंफाल और पटना में बैंकों में अवकाश रहेगा।
- 27 मार्च को होली के मौके पर बिहार के सभी बैंकों में अवकाश रहेगा।
- 29 मार्च को गुड फ्राइडे के अवसर पर पूरे देश में बैंकों का अवकाश रहेगा।
- 31 मार्च को रविवार की वजह से देश के सभी बैंकों में छुट्टी रहेगी।

## सीतारमण ने मुंबई लोकल ट्रेन में किया सफर, यात्रियों के सवालों का दिया जवाब



**मुंबई/नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को आम आदमी से रूबरू हुईं। उन्होंने मुंबई लोकल ट्रेन में घाटकोपर से कल्याण तक का सफर किया। इस दौरान उन्होंने यात्रियों से बातचीत की। सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें निर्मला सीतारमण को यात्रियों के सवालों का जवाब देते हुए देखा जा सकता है। वित्त मंत्री कार्यालय ने एक्स पोस्ट पर जारी एक बयान में कहा कि केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आज मुंबई लोकल ट्रेन में सफर का अनुभव लिया। सीतारमण ने लाखों मुंबईकरों के दैनिक आवागमन का साधन और आर्थिक राजधानी मुंबई शहर की प्रतिष्ठित लोकल ट्रेन में सफर भी किया। वित्त मंत्री कार्यालय की ओर से सीतारमण के घाटकोपर से कल्याण स्टेशन तक की यात्रा की तस्वीरें साझा की गई हैं। इसके अलावा पोस्ट में बताया गया है कि सीतारमण ने धैर्यपूर्वक उनके सवालों का जवाब दिया और सरकार द्वारा उठाए जा रहे कदमों के बारे में बताया। उन्होंने यह भी कहा कि वह यात्रियों की समस्याओं को समझती हैं, उन्हें दूर करने के लिए काम किया जाएगा। इससे पहले केंद्रीय पंचायती राज राज्य मंत्री कपिल पाटिल ने कल्याण रेलवे स्टेशन पहुंचने पर वित्त मंत्री की अगवानी की। सीतारमण ने महाराष्ट्र के कल्याण में बिड़ला इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी (बिट्स) पिलानी के मुंबई परिसर का उद्घाटन किया और वहां उपस्थित लोगों को संबोधित किया।

## 29 फरवरी को आएंगे 2023-24 की तीसरी तिमाही के जीडीपी आंकड़े




**नई दिल्ली।** चालू वित्त वर्ष 2023-24 की तीसरी तिमाही के सकल घरेलू उत्पाद के आंकड़े 29 फरवरी को जारी होंगे। विश्लेषकों की जारी रिपोर्ट के मुताबिक अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में देश की जीडीपी 6.8 फीसदी की दर से बढ़ सकती है। आर्थिक विश्लेषकों ने शनिवार को दी जानकारी में बताया कि बाहरी क्षेत्र की अनिश्चितताओं और कृषि और उद्योग में धीमी वृद्धि के कारण चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में अर्थव्यवस्था की रफ्तार धीमी हो गई है। विश्लेषकों के मुताबिक राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) की ओर से 29 फरवरी, 2024 को चालू वित्त वर्ष 2023-24 की तीसरी तिमाही की जीडीपी की वृद्धि दर 7 फीसदी से कम रहने का अनुमान है। उधर, एक दिन पहले बैंक ऑफ बड़ौदा (बीओबी) की जारी रिपोर्ट के मुताबिक चालू वित्त वर्ष 2023-24 की तीसरी तिमाही में जीडीपी 6.8 फीसदी की दर से बढ़ सकती है। वहीं, वित्त वर्ष 2024-25 में विकास दर 6.75 से 6.8 फीसदी रहने का अनुमान जताया है। हालांकि, भारतीय क्रेडिट रेटिंग एजेंसी आईसीआरए के मुताबिक तीसरी तिमाही में जीडीपी की वृद्धि दर 6 फीसदी रह सकती है।

## गौतम अडानी की उबर के सीईओ से हुई मुलाकात

**नई दिल्ली।** उद्योगपति गौतम अडानी ने उबर के सीईओ दारा खोसरोशाही से मुलाकात की। उन्होंने इस मुलाकात की तस्वीर अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर साझा की, जिसमें उन्होंने कहा भारत में उबर के विस्तार के लिए उनका दृष्टिकोण वास्तव में प्रेरणादायक है, विशेष रूप से भारतीय ड्राइवरों और उनकी गरिमा के उत्थान के लिए उनकी प्रतिबद्धता। दारा और उनकी टीम के साथ भविष्य में सहयोग के लिए उत्साहित हूं। आपको बता दें कि उबर भारत सहित दुनिया भर में अपने बेड़े को इलेक्ट्रिक वाहनों से बदलने की प्रक्रिया में है। बीते दिनों भारत दौरे पर आए उबर के सीईओ की विदेश मंत्री एस जयशंकर और वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल से मुलाकात हुई थी।

## एक नजर

### ईश्वरीय विश्वविद्यालय सद्भावना भवन में महाशिवरात्रि कार्यक्रम आज

**हुसैनाबाद।** शहर के मधुशाला रोड स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय सद्भावना भवन में 25 फरवरी दिन रविवार को महाशिवरात्रि कार्यक्रम का आयोजन किया गया है।कार्यक्रम की जानकारी देते हुए संस्था के बीके नीरज ने बताया कि इस कार्यक्रम में बेगूसराय सेवा केंद्र की संचालिका बीके कंचन दीदी द्वारा शिवरात्रि के आध्यात्मिक रहस्य पर चर्चा की जाएगी। उन्होंने क्षेत्र वासियों से इस आध्यात्मिक कार्यक्रम में शामिल होकर इसे सफल बनाने की अपील की है।

### पुलिस ने अवैध बालू लदे एक ट्रैक्टर को किया जब्त

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के देवरी ओपी प्रभारी ने अवैध बालू का परिवहन करते हुए एक ट्रैक्टर को देवरी खुर्द गांव से पकड़ हैं। ओपी प्रभारी बबलू कुमार ने बताया कि ट्रैक्टर को जब्त कर देवरी ओपी में पार्क कर अग्रेतर कार्रवाई के लिए जिला खनन विभाग को सूचना दे दी है। उन्होंने कहा कि यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

### रूचिर तिवारी ने किया एम एम सीएच अस्पताल का किया निरीक्षण

**मेदिनीनगर।** भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी के जिला सचिव सह राष्ट्रीय परिषद सदस्य रूचिर कुमार तिवारी ने रात्रि में एम एम सीएच सदर अस्पताल का औचक निरीक्षण किया और मरीजों से मुलाकात किया वहीं ड्यूटी में तैनात डॉक्टर की भी सूचना लिया एवं स्टाफ तथा अस्पताल की व्यवस्था के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी प्राप्त किया साथ ही चिकित्सा पदाधिकारी, नर्स एवं स्टाफ को जिला सचिव श्री तिवारी ने अल्टीमेटम दिया कि रात्रि के समय मरीज को अचानक इमरजेंसी सेवा की आवश्यकता होती है ऐसी स्थिति में सभी प्रकार की दवा डॉक्टरों की एक टीम तत्परता से उपस्थिति होनी चाहिए ताकि आपातकाल में पहुंचने वाले रात्रि में मरीजों एवं आम अवाम का समुचित रूप से इलाज हो सके। वही श्री तिवारी ने टीम के साथ जांच विभाग प्रसव विभाग के साथ ब्लड बैंक का भी औचक निरीक्षण किया।

### शंत शिरोमणि रैदास की 647 वीं जयंती समारोह मनायी गयी

**हुसैनाबाद।** फूले अंबेडकर विचार मंच के तत्वावधान में कुसुवा गांव में संत शिरोमणि रैदास की 647 वीं जयंती समारोह आयोजित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता सेवा निवृत्त शिक्षक रामश्रय बौद्ध ने किया। जबकि संचालन राजनंदन प्रभाकर ने की।कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि हुसैनाबाद हरिहरगंज विधानसभा क्षेत्र के पूर्व प्रत्याशी शेर अली, रामश्रय बौद्ध, बसपा जिला अध्यक्ष अजय कुमार भारती ने संयुक्त रूप से किया। वहीं अतिथियों ने संत शिरोमणि रैदास की तस्वीर के समक्ष पुष्पांजलि अर्पित किया। समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि शेर अली ने कहा कि संत रैदास ने समाज सुधार भाईचारा व मानवता का संदेश देने का काम किया।

# झामुमो लड़ना जानती है झुकना नहीं : राजेंद्र सिन्हा

**झामुमो पलामू द्वारा झामुमो अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद सिन्हा के नेतृत्व में शाहपुर में निकाला गया न्याय मार्च**




नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** झामुमो द्वारा न्याय मार्च शाहपुर के वार्ड 32 और 33 में निकाला गया। झामुमो पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जी की अलोकतांत्रिक तरीके से गिरफ्तारी और केंद्रीय एजेंसियों के दुरुपयोग के खिलाफ सभी प्रखंडों के पंचायतों और निगम के वार्डों में न्याय मार्च निकाल रही है। साथ ही सभी चौक पर नुक्कड़ सभा का भी आयोजन किया जा रहा है। इसी दौरान झामुमो पलामू के अध्यक्ष श्री राजेंद्र प्रसाद सिन्हा जी के नेतृत्व में शाहपुर में निकाले गए न्याय मार्च में जनता का भी अपार समर्थन मिला, आम लोग घरों से बाहर निकल कर झामुमो का समर्थन कर रहे हैं और न्याय मार्च का स्वागत कर रहे हैं। झामुमो के सभी नेता पर्चे बांटते हुए लोगों को भाजपा की सच्चाई को उनके सामने रख रहे हैं। सभा को संबोधित करते हुए राजेंद्र प्रसाद सिन्हा ने कहा भाजपा चुनाव हारने से और हेमंत सोरेन जी की लोकप्रियता से डरती है, यही वजह है की केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग कर भाजपा ने षडयंत्र किया है। आज जनता जान चुकी है की हेमंत जी अगर भाजपा के साथ जाते तो उन्हें इस्तीफा नहीं देना पड़ता। झामुमो आंदोलनकारी पार्टी है, ये लड़ना जानती है झुकना नहीं। न्याय मार्च निकाल कर झामुमो के सिपाही हर घर तक जा कर भाजपा की पोल खोल रहे हैं। न्याय मार्च के दौरान हमें जो अपार समर्थन मिल रहा है ये हेमंत जी की लोकप्रियता का है परिणाम है।₹ इस न्याय मार्च में सचिव सन्नू सिद्धिकी, कोषाध्यक्ष रमेश सिंह, केंद्रीय समिति सदस्य गोपाल सिन्हा, मनोज गुप्ता, उपाध्यक्ष राकेश सिन्हा, असफर रब्बानी, कमाल खान, युवा मोर्चा अध्यक्ष सन्नी शुक्ला, महिला मोर्चा अध्यक्ष सुशीला मिश्रा, नगर अध्यक्ष रंजीत जयसवाल, पिछड़ा मोर्चा अध्यक्ष ललन चौधरी, वरिष्ठ नेता हाजी ललन, संगठन सचिव शाहबाज खान, युवा मोर्चा उपाध्यक्ष बबलू चौधरी, मो सायम, संगठन सचिव कृष्ण कन्हैया दुबे, अरविंद चौधरी, संजय चंद्रवंशी, उपस्थित थे।

## बाइक से ओवर टेक कर कारोबारी को मारी गोली, घायल

**मेदिनीनगर।** जिले के नौडीहा बाजार थाना क्षेत्र में अपराधियों ने शनिवार को बाइक से ओवरटेक कर 35वर्षीय संतोष गुप्ता नमक कारोबारी पर फायरिंग कर दी। गोली उनके जांघ में लगी। छतरपुर अनुमंडलीय अस्पताल में प्राथमिक इलाज के बाद उन्हें बेहतर इलाज के लिए एमआरएमसीएच में भर्ती कराया गया है । उनकी हालत खतरे से बाहर है। घटना गांव जाने के क्रम में बलीटाड़ में हुई है । घटना के पीछे कारोबारी विवाद सामने आया है। घायल संतोष की पत्नी ने गोतिया पर व्यवसायिक विवाद में गोली मारने का आरोप लगाया है। कहा है कि मोटरसाइकिल से ओवरटेक कर उसके पति की हत्या करने की नीयत से गोली चलाई गई, लेकिन किस्मत अच्छी थी कि उनकी जान बच गई। एमआरएमसीएच में इलाजरत संतोष ने कहा कि अचानक गोली चली। उसने देखा कि उसके जांघ से खून निकल रहा है। इसकी जानकारी परिवार के लोगों को दी।

## पंचायत समिति सदस्यों ने किया नए थाना प्रभारी का स्वागत



नवीन मेल संवाददाता

**हरिहरगंज ।** पंचायत समिति सदस्यों ने नए थाना प्रभारी का स्वागत किया. इस मौके पर मुख्य रूप से कटैया पंसस शैलेंद्र कुमार सिंह उर्फ शीलू सिंह, सेमरवार पंसस वासुदेव राम तथा कुलहिया पंसस सत्येंद्र कुमार मौजूद थे. सभी ने गुलदस्ता देकर स्वागत किया. मौके पर थाना प्रभारी ने कहा कि हरिहरगंज थाना क्षेत्र में शांति और विधि-व्यवस्था बनाए रखना उनकी प्राथमिकता है. वहीं उन्होंने कहा कि क्षेत्र में आपसी सौहार्द और शांतिपूर्ण माहौल के लिए पुलिस पब्लिक व जनप्रतिनिधियों के बीच बेहतर संबंध जरूरी है. लोगों के सहयोग के बिना पुलिस प्रशासन अधूरा है. वहीं पंचायत समिति सदस्यों ने भी हरसंभव पुलिस प्रशासन का सहयोग करने का आश्वासन दिया. मौके पर दिनेश कुमार, विनोद पासवान आदि उपस्थित थे.

## मासिक लोक अदालत में 51 मामले का निस्तारण चार लाख का मामला सेटल

नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर।** पलामू जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वाधान में शनिवार को ब्यवहार न्यायालय परिसर में प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश नीरज कुमार श्रीवास्तव के अध्यक्षता में मासिक लोक अदालत का आयोजन किया गया ।इसमें सुलह समझौते के आधार पर 51 मामले का निस्तारण किया गया। लोक अदालत में मामले निस्तारण को ले 10 पीठों का गठन किया गया था। उक्त आशय की जानकारी जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव अर्पित श्रीवास्तव ने दी।उन्होंने बताया कि वाद कारियो को मदद के लिए एक हेल्प डेस्क बनाया गया था। प्रथम पीठ में पारिवारिक विवाद का निपटारा कुटुंब न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश मार्तंड प्रताप मिश्र व अधिवक्ता वीणा मिश्रा कर रहे थे। पीठ दो में सभी जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश के न्यायालय मामला का निस्तारण जिला व अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश प्रथम संतोष कुमार व अधिवक्ता अमिताभ चन्द्र सिंह ने किया। इस पीठ में बिधुत विभाग के 33 मामले का निस्तारण किया गया। व विधुत विभाग को दो लाख 72 हजार रुपये राजस्व प्राप्त हुआ।पीठ संख्या तीन में एम ए सी टी से संबंधित मामले का निस्तारण जिला व अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश पंचम अभिमन्यु कुमार व अधिवक्ता सत्येंद्र कुमार सिंह कर रहे थे। पीठ संख्या चार में अपराधिक मामले का निस्तारण आनंद सिंह मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी व अधिवक्ता सतीश कुमार दुबे ने किया।इस पीठ में 15 मामले का निस्तारण किया गया । उत्पाद विभाग को पांच केस में 30 हजार 200 रुपये राजस्व प्राप्त हुआ।वही वन विभाग के तीन केस में 66 हजार रुपये राजस्व मिला। पीठ संख्या पाँच में सिविल जज सीनियर डिवीजन के सभी कोर्ट के मामले का निस्तारण ए सी जे एम संदीप निशित बारा व अधिवक्ता हुसैन वारिस कर रहे थे। पीठ संख्या छह में सिविल जज जूनियर डिवीजन सभी कोर्ट के मामले का निस्तारण सिविल जज जूनियर डिवीजन सतीश कुमार मुंडा व अधिवक्ता संतोष कुमार पांडेय ने किया।

### 554 स्टेशनों के पुनर्विकास कार्य का ऑनलाइन शिलान्यास

**हुसैनाबाद।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व रेलमंत्री अश्विनी वैभव के सौजन्य से अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत देश के कुल 554 स्टेशनों के पुनर्विकास कार्य का ऑनलाइन शिलान्यास सोमवार को किया जायेगा। इसके साथ ही 1500 रोड ओवर ब्रिज / अंडरपास का शिलान्यास व उदघाटन के बाद राष्ट्र को समर्पित करेंगे। भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रविन्द्र कुमार सिंह, सांसद प्रतिनिधि नरेन्द्र कुमार सिंह व पूर्व मंडल अध्यक्ष डॉ. अजय जयवसल ने बताया कि इस कार्यक्रम के तहत हैदरनगर स्टेशन का भी पुनर्विकास कार्य का शिलान्यास सहित मोहम्मदगंज व जपला स्टेशनों से जुड़े कई कार्य का शिलान्याय व उदघाटन माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व रेलमंत्री अश्विनी वैभव करेंगे। रेलवे ने इन स्टेशनों के लिये मुख्य कार्यक्रम केन्द्र हैदरनगर स्टेशन परिसर को रखा है।

## अपराधियों ने व्यवसाई को मारी गोली, घटना को अंजाम

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के नौडीहा बाजार थाना क्षेत्र के खडार इलाके में व्यवसायी कृष्णा प्रसाद गुप्ता को गोली मार दी गयी. कृष्णा प्रसाद गुप्ता उर्फ दुखन को कमर के पास गोली मारी गयी. उन्हें इलाज के लिए छतरपुर अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है. घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और पूरे मामले की जांच कर रही है।दुखन बांस से बने सूप दउरा का कारोबार करते हैं. शनिवार को वह अपनी मोपेड से नौडीहा बाजार थाना क्षेत्र के रिसियप इलाके में बांस से बनी सामग्री लेने गए थे. इसी दौरान वह खडार इलाके में पहुंचे थे. इसी क्रम में बाइक सवार दो अपराधी मौके पर पहुंचे और कृष्णा प्रसाद गुप्ता को गोली मार दी. गोली लगने के बाद आसपास के ग्रामीणों ने उन्हें इलाज के लिए छतरपुर अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया।जानकारी



के अनुसार दुखन का नौडीहा बाजार में बांस सामग्री के कारोबार को लेकर कुछ लोगों से विवाद चल रहा है. दो साल पहले व्यापारिक विवाद के चलते उनकी दुकान में आग लगा दी गई थी. जिसमें सारा सामान जल गया था. दुखन ने पुलिस को बताया कि व्यवसायिक विवाद में उसे गोली मारी गयी है. उन्होंने पुलिस को कई नाम बताये हैं. जिसके बाद पुलिस आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है।फिलहाल दुखन की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है. पलामू एसपी रिष्मा रमेशन ने घटना की पुष्टि करते हुए कहा कि पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### अदबी संसार का 31वीं तरही नातिया मुशायरा एक शाम, इमरान शाद के नाम

**मेदिनीनगर।** अदबी संसार ने 31वीं तरही नातिया मुशायरा में *एक शाम, इमरान शाद के नाम* राहत नगर स्थित सैय्यद मो.कलाम के आवास पर आयोजित कराया। अध्यक्षता इमरान शाद व संचालन मो. यूनुस रजवी ने किया। मुशायरे के मुख्य अतिथि पलामू इकाई मानवाधिकार के अध्यक्ष अनवर अहमद व अतिथि शायर खुर्शीद तल्हा उपस्थित हुए।मुख्य अतिथि अनवर अहमद ने कहा कि अदबी संसार द्वारा आयोजित साहित्यिक कार्यक्रम सराहनीय हैं। ऐसे कार्यक्रमों से समाज में जागरूकता आती है। मुशायरों से सामाजिक बुराई को रोकने और लोगों में अच्छे संस्कार भरने में सफलता मिलती है। देश विकास की ओर अग्रसर होता है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक माह अदबी संसार के एक शायर को सम्मानित किया जाएगा।मुशायरा की शुरूआत मो. मेराज आलम शम्सी ने तिलावत ए क़ुरान पाक से की।

## टैलेंट शो सीजन 7 का फाइनल 25 फरवरी को

नवीन मेल संवाददाता

**पलामू ।** इंडियाज रियलिटी शो बेस्ड सर्च टैलेंट सीजन 7 का आयोजन, कोयल रिवर के निकट स्थापित गांधी स्मृति टाउन हॉल में 25 फरवरी 2024 दिन रविवार को प्रातः 11:00 बजे से आयोजित की जाएगी। आयोजन समिति के सदस्यों ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर मीडिया को जानकारी दी कि इस टैलेंट शो सीजन 6 एवं 7 का ऑडिशन वह एलिमिनेशन राउंड 26 नवंबर वह 29 अक्टूबर को लिया गया था जिससे फाइनल राउंड के लिए 17 प्रतिभागियों का चयन किया गया है। जिसमे पोएट्री की कंपटीशन में 8 प्रतिभागी, मेहंदी की कंपटीशन में चार एवं डुएट डांस की कंपटीशन में पांच प्रतिभागियों को शॉर्ट लिस्टेड किया गया है। टैलेंट शो के सेक्रेटरी डॉ. एस के मौर्या ने मीडिया को बताया कि टैलेंट शो का यह मंच विभिन्न प्रकार के प्रतिभागियों को आकर्षित करता है और जिनके पास किसी न किसी प्रकार की प्रतिभा होती है चाहे वह नृत्य में हो, गायन में हो, कॉमेडी में हो, शायरी, मेहंदी, पेंटिंग या किसी अन्य शैलियों में हो,उसे निखारने का प्रयास टैलेंट शो का मंच करते आया है। टैलेंट शो के



प्रबंध निदेशक - आशीष सिंह ने बताया कि टैलेंट शो ने श्रृंखला में कुल 7 सीजन पूरी कर ली है और आगामी 25 फरवरी 2024 दिन रविवार को फाइनल राउंड में आमंत्रित निर्णायक मंडली में अमजद अली,परशुराम तिवारी, वंदना श्रीवास्तव व विजय पाठक का नाम शामिल है। और इस शो को होस्ट के लिए शालिनी श्रीवास्तव व मुस्कान को आमंत्रित की गई है। श्री सिंह ने बताया कि टैलेंट शो की फाइनल राउंड सुबह 11 बजे से द्वीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुभारंभ की जाएगी जो दोपहर 4 बजे तक समाप्त की जाएगी। प्रेस कांफ्रेंस में कोर कमिटी सदस्य धीरज तिवारी, नवनीत प्रजापति, आलोक पाठक, अजय प्रसाद, सुमित कुमार, एम. डी रजी आदि उपस्थित थे।

## एक माह बाद भी शुभम गुप्ता के हत्यारे पुलिस की पकड़ से बाहर

नवीन मेल संवाददाता

**हरिहरगंज ।** हरिहरगंज के युवा व्यवसायी शुभम गुप्ता के हत्या के एक माह से अधिक समय बीत जाने के बाद भी उसके हत्यारों की अभी तक गिरफ्तारी नहीं हुयी है. बता दे कि गत 18 जनवरी को छतरपुर बाजार में दिन दहाड़े शुभम गुप्ता की हत्या गोली मार कर कर दी गयी थी. इसे लेकर मृतक के पिता शंकर प्रसाद गुप्ता, भाई सौरव गुप्ता सहित अन्य परिजन काफी आहत हैं. शनिवार को अपने आवास पर प्रेसकांफ्रेंस आयोजित कर परिजनों ने प्रशासन से न्याय की गुहार लगाते हुए शुभम के हत्यारों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की है. उन्होंने कहा कि पुलिस अभी तक इस मामले में विफल रही है. पुलिस द्वारा मामले का खुलासा नहीं करने के कारण समाज में तरह-तरह की अफवाह उड़ रहे हैं. जिससे उनके मान-प्रतिष्ठा को ठेस पहुंच रही हैं. मृतक के पिता ने कहा कि एक माह बाद भी पुलिस मेरे दिवंगत पुत्र का मोबाइल भी नहीं खोल सकी है, जो निराशाजनक है. वही समाजसेवी संतोष प्रजापति तथा वैश्य जागृति मंच के अध्यक्ष गंगा जायसवाल ने बताया कि शुभम हत्याकांड के अपराधियों की गिरफ्तारी को लेकर हरिहरगंज बाजार बंद किया गया था. बाद में एसपी पलामू द्वारा अपराधियों की जल्द गिरफ्तारी का आश्वासन देने के बाद आंदोलन समाप्त किया गया था. बावजूद अभी तक हत्याकांड का खुलासा नहीं की गयी. इससे लोगों में आक्रोश है. उन्होंने कहा कि पुलिस शीघ्र मामले का खुलासा तथा अपराधियों की गिरफ्तारी नहीं करती है, तो विवस होकर चरणबद्ध आंदोलन किया जाएगा. इस अवसर पर रोहन गुप्ता, अविनाश कुमार आदि उपस्थित थे.



## भाजपा की लाभार्थी संपर्क अभियान कार्यशाला संपन्न



नवीन मेल संवाददाता

**हरिहरगंज ।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा शनिवार को लाभार्थी संपर्क अभियान कार्यशाला का आयोजन किया गया. जिसकी अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष बल्लू बलराम व संचालन महामंत्री सन्नी गुप्ता ने किया. मौके पर कार्यकताओं ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा संचालित लाभार्थी संपर्क अभियान भारतीय जनता पार्टी का अंत्योदय योजना का भाग है. जिससे सबसे अंतिम पायदान में बैठे उस व्यक्ति के जीवन में बदलाव आए. इस अवसर पर कार्यक्रम संयोजक अरुण मिश्रा सह संयोजक अरविंद पासवान, विस्तारक राजेश यादव पूर्व बीस सूत्री अध्यक्ष दिनेश गुप्ता, सत्येन्द्र पासवान, सन्नी गुप्ता, विजय यादव, भीमसेन शर्मा, मंडल उपाध्यक्ष सिकंदर पासवान, विजय मिश्रा, मुखिया रिणु देवी, भाजयुमो मंडल अध्यक्ष चंदन जायसवाल, मंत्री सनोज गुप्ता, रंधीर कुमार, संजीव सिंह, राजेश शौंडिक, भीमसेन शर्मा, रुबी सिंह, महिला मोर्चा महामंत्री रानी देवी, ज्योति कुमारी, विनय विश्वकर्मा, कन्हाई विश्वकर्मा, महेंद्र पासवान सहित कई लोग उपस्थित थे.

# संत मरियम स्कूल में मतदाताओं के बीच में चुनाव जागरूकता अभियान चलाया

**इस आयोजन के मुख्य अतिथि पलामू के उपायुक्त वा जिला निर्वाचन पदाधिकारी शशि रंजन थे।**

**इस आयोजन में उप विकास संयुक्त रवि आनंद एसी कुंदन कुमार और दो अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे।**




नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** संत मरियम स्कूल के अध्यक्ष अविनाश देव ने प्रेस को बताया कि स्वीप का यह कार्यक्रम इस उद्देश्य से आयोजित किया गया है के हर योग व्यक्ति जो 18 साल का हो चुका है। उसे सबसे पहले अपने को मतदाता के रूप में रजिस्टर करा लेना है और फिर मतदान के दिन अपने मत का प्रयोग करना है।अविनाश देव ने अपने छात्र-छात्राओं को कहा कि वे घर जब लौटे और अपने मां-बाप दादा-दादी को ये जरूरी कहे और बताएं कि जिस दिन पलामू जिले में मतदान हो उस दिन वे अवश्य अपने मतदान के अधिकार का प्रयोग करें यह उनके लिए और देश के लिए अति आवश्यक है। इस स्वीप आयोजन में बच्चों ने एक बहुत ही मनमोहक गीत गाया जिसके बोल थे जागो रे जागो रे मतदाता जागो रे विधाता बानो भारत के, इसकी सुर और लाल देखने सुनने के लायक थे सारी भीड़ में इस गीत को बहुत प्रसन्न किया उपायुक्त ने अपने संक्षिप्त भाषा में छात्र-छात्राओं को अपना दोस्त कहकर के संबोधित किया जैसे ही उन्होंने माय फ्रेंड कहा बच्चों की ओर से जबरदस्त तालियां बजी। उपायुक्त ने अपने संक्षिप्त भाषण में कहा के मतदान में समानता का बोध होता है एक बड़ा बिजनेसमैन भी एक ही वोट दे सकता है, एक बहुत अमीर आदमी भी एक वोट दे सकता है, एक बहुत रिक्शा चलाने वाला व्यक्ति भी एक ही वोट दे सकता। उन्होंने अपने दोस्तों से ये कहा कि इस समानता के अधिकार महत्व को समझे। संत मरियम के छात्र-छात्राओं ने खूबसूरत रंगोली बनाई थी जिसमे यह अपील किया गया था कि किसी भी स्थिति में मतदान के दिन मतदान करने से ना चुके एक मजबूत भारत के लिए मतदान करना बहुत जरूरी है। इस अवसर पर कुछ बच्चों ने जैसे आर्यन अग्रवाल जो क्लास 8 ए के छात्र है और फलक परवेज जो क्लास 9 सी के छात्र है ने अपने भाषणों में यह बताने और समझने की कोशिश की के नौजवान जो 18 और उसके ऊपर के आयु के है उन्हें हर हाल में क्यों मतदान करना चाहिए।

## एके सिंह कॉलेज जपला के विद्यार्थियों का सेंटर छतरपुर होने से होगी भारी परेशानी

नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** एके सिंह कॉलेज जपला में अध्यनरत विभिन्न संकायों में स्नातक के विद्यार्थियों की सेमेस्टर की परीक्षा समय समय पर ली जाती है। एक मार्च से होने वाली परीक्षा का केंद्र नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय द्वारा गुलाबचंद प्रसाद डिग्री कॉलेज छतरपुर कर दिया गया है। विधायक कमलेश कुमार सिंह ने कहा कि जपला के विभिन्न गांवों से छतरपुर की दूरी कम से कम चालीस किलोमीटर है। दूसरी समस्या यह है कि जपला से छतरपुर आने जाने का समुचित साधन नहीं है। जिससे छात्राओं को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। छतरपुर से आखिरी बस 4 बजे तक ही है। जबकि परीक्षा का समय 2 बजे से 5 बजे तक निर्धारित है। संपन्न परिवारों के बच्चे बच्चियां तो निजी वाहन से आना जाना कर लेंगे। मगर कॉलेज के अधिकांश गरीब विद्यार्थियों को आना जाना या वहां रहना काफी मुश्किल होगा। अधिकांश गरीब विद्यार्थी परीक्षा से वंचित रह सकते हैं। विद्यार्थियों व उनके अभिभावकों




**परीक्षा केंद्र जपला में ही रखने की विधायक ने वाइसचांसलर से की मांग**

के लगातार फोन कर सेंटर जपला में कराने की मांग की जा रही है। विधायक ने नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय के वाइसचांसलर से एके सिंह कॉलेज जपला के विद्यार्थियों की परेशानी को देखते हुए परीक्षा केंद्र जपला के ही इंटर उच्च विद्यालय या बीएड कॉलेज में करने की मांग विद्यार्थी व अभिभावकों ने की है। विद्यार्थी व उनके अभिभावकों ने पत्रकारों को बताया कि जब तक विधायक कमलेश कुमार सिंह कॉलेज के अध्यक्ष थे, तब तक सेंटर को लेकर कभी परेशानी नहीं हुई।

## अब भवनाथपुर में जबड़े का आपरेशन सुलभ

**बाहर जाने का झंझट खत्म होने से नागरिकों को मिली राहत**



नवीन मेल संवाददाता

**भवनाथपुर।** भवनाथपुर बाजार के कर्पूरी चौक के समीप दंत वाटिका क्लिनिक में शनिवार को डा. पंकज पाठक और उनकी टीम के द्वारा चपरी गांव निवासी कमलेश अगरीया के जबड़े का सफल ऑपरेशन किया। जबड़ा जख्मी होने से मरीज को पिछले दो सप्ताह से बोलने और खाने में दिक्कत हो रही थी। मरीज के परिजनों ने बताया कि कमलेश 12 फरवरी को सड़क दुघर्टना में गंभीर रूप से घायल हो गया था। उसे 16 फरवरी को इलाज के लिए रांची के एक अस्पताल में भर्ती कराये थे। वहां डाक्टरों द्वारा बताया गया कि मरीज का नीचे का जबड़ा तीन और ऊपर का जबड़ा दो जगह गंभीर रूप से फ्रैक्चर हो गया है। वहां इलाज सम्भव नहीं हो सका। इसलिए वहां से घर लौट आये। इलाज के लिए भवनाथपुर के दंत वाटिका क्लिनिक में भर्ती कराया। डॉ. पंकज पाठक ने कहा की भवनाथपुर जैसे सूदरवर्ती इलाके के लोगों को अब मुंह, दांत और जबड़े का इलाज कराने के लिए बड़े शहरों में नहीं जाना पड़ेगा। उनका इलाज और सफल आपरेशन भवनाथपुर में ही सम्भव है। इससे नागरिकों ने राहत की सांस ली है।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC

Dr. Vaibhav Kashyap

" Smiles & More"

Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA

छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट

Facilities
- आरसीटी
- पायरिया का ईलाज
- टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
- स्माईल डिजाइन
- इनविजिबल क्लिप
- दंत रोपण
- फिक्स दाँत लगाना
- अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज



CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com


# लचीली अर्थव्यवस्था को आकार देने में सहायक है सहकारी क्षेत्र : पीएम

### सहकारी समितियां खाद्य तेल पर भारत की आयात निर्भरता कम करें

### श्रीअन्न (मोटे अनाज) ब्रांड को दुनिया के हर डाइनिंग टेबल तक पहुंचाएं



**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री ने सहकारिता को भारत की प्राचीन अवधारणा बताते हुए कहा कि सहकारी क्षेत्र एक लचीली अर्थव्यवस्था को आकार देने और ग्रामीण क्षेत्रों के विकास को गति देने में सहायक है। उन्होंने सहकारी समितियों से खाद्य तेल जैसी कृषि वस्तुओं पर भारत की आयात निर्भरता कम करने और श्रीअन्न (मोटे अनाज) ब्रांड को दुनिया के हर डाइनिंग टेबल तक पहुंचाने का आह्वान किया।

प्रधानमंत्री ने शनिवार को दिल्ली के भारत मंडपम में सहकारिता से जुड़ी विभिन्न परियोजनाओं की शुरूआत की। उन्होंने 11 राज्यों में अनाज वितरण के लिए 11 पैक्स भंडारण सुविधाओं की शुरूआत की और 500 पैक्स भंडारण केंद्रों के निर्माण की आधारशिला रखी।

इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने कहा कि आज दुनिया के सबसे बड़ी अन्न भंडारण योजना की शुरूआत की गई है। इसके परिणामस्वरूप देश के हर कोने में हजारों वेयरहाउस और गोदाम बनाए जाएंगे। इसके अलावा आज 18000 पैक्स के कंप्यूटराइजेशन का काम भी पूरा हुआ है। इससे देश के कृषि इंफ्रास्ट्रक्चर में बड़ा बदलाव आयेगा और कृषि क्षेत्र से आधुनिक तकनीक जुड़ेगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि खेती और किसानी की नींव को मजबूत करने में सहकारिता की शक्ति की बहुत बड़ी भूमिका है। इस सोच के साथ हमने अलग सहकारिता मंत्रालय का गठन किया। अलग मंत्रालय होने के कारण देश में 10,000 एफपीओ के लक्ष्य में से 8000 एफपीओ पहले से ही कार्यरत हैं। मत्स्य पालन क्षेत्र में 25,000 से अधिक सहकारी इकाइयां कार्यरत हैं। प्रधानमंत्री ने आने वाले वर्षों में 200,000 सहकारी समितियों की स्थापना के सरकार के लक्ष्य को दोहराया।

उन्होंने पेट्रोल, डीजल और एलपीजी सिलेंडर के क्षेत्र में काम करने वाली सहकारी समितियों का भी उल्लेख किया, जबकि पैक्स कई गांवों में जल समितियों की भूमिका भी निभाती है। प्रधानमंत्री ने कहा कि इससे ऋण समितियों की उत्पादकता में वृद्धि हुई है और आय के नए स्रोत भी पैदा हुए हैं।

प्रधानमंत्री ने प्राकृतिक खेती और किसानों को ऊजार्दाता (ऊर्जा प्रदाता) और उर्वरकदाता (उर्वरक प्रदाता) बनाने में सहकारी समितियों की भूमिका को भी रेखांकित किया। उन्होंने श्रीअन्न (मोटा अनाज) को वैश्विक स्तर पर डाइनिंग टेबल पर उपलब्ध कराने के लिए भी कहा।

इस अवसर पर केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा कि आजादी के बाद से सहकारी क्षेत्र के कर्मचारियों की ओर से अलग सहकारिता मंत्रालय की मांग की जा रही थी। समय के साथ सहकारी क्षेत्र में बदलाव, इसे प्रासंगिक बनाए रखने और इसे आधुनिक बनाने के लिए यह महत्वपूर्ण था।

## एक नजर

### भाजपा में शामिल हुईं कांग्रेस की विधायक एस. विजयाधरानी



**नई दिल्ली।** भाजपा ने दक्षिण भारत के राज्य तमिलनाडु में कांग्रेस को बड़ा राजनीतिक झटका दे दिया है। तमिलनाडु से कांग्रेस की वरिष्ठ महिला विधायक एस. विजयाधरानी ने शनिवार को भाजपा का दामन थाम लिया। शनिवार को नई दिल्ली के भाजपा राष्ट्रीय मुख्यालय में तमिलनाडु के चुनाव प्रभारी अरविंद मेनन, तमिलनाडु के सह चुनाव प्रभारी सुधाकर रेड्डी, केंद्रीय मंत्री एल. मुरुगन एवं अन्य नेताओं की मौजूदगी में तमिलनाडु में तीन बार कांग्रेस के टिकट पर विधायक का चुनाव जीत चुकी एस. विजयाधरानी ने भाजपा का दामन थाम लिया।

### मिसिसिपी में लड़ाकू हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त, दो सैनिकों की मौत

**वाशिंगटन।** संयुक्त राज्य अमेरिका के दक्षिण प्रांत मिसिसिपी के पूर्वोत्तर में हेलीकॉप्टर (एएच-64 अपाचे) के दुर्घटनाग्रस्त होने से नेशनल गार्ड के दो सैनिकों की मौत हो गई। यह हेलीकॉप्टर प्रशिक्षण उड़ान पर था। फॉक्स न्यूज के अनुसार एएच-64 अपाचे प्रशिक्षण उड़ान के दौरान शुक्रवार दोपहर करीब दो बजे बाल्डविन के पास जंगली इलाके में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। यह स्थल मेम्फिस (टेनेसी) से लगभग 115 मील (185 किलोमीटर) दक्षिण-पूर्व में है।

### पिकअप वाहन ने राहगीरों को कुचला, चार की मौत

**मुंबई।** हिंगोली जिले में हिंगोली - कनेरगांव नाका रोड पर मालहिवर गांव इलाके में शनिवार सुबह एक तेज रफ्तार पिकअप वाहन ने हनुमान मंदिर में दर्शन करने जा रहे राहगीरों को कुचल दिया। इस घटना में चार लोगों की मौत हो गई और 4 घायल हो गए। सभी घायलों को हिंगोली के सिविल अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती करवाया गया है।

## हमें मोहब्बत की दुकान खोलनी है तो भाई को भाई से गले मिलना है : राहुल



**एजेंसी। मुरादाबाद**

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कहा कि हमें मोहब्बत की दुकान खोलनी है तो सबसे पहले भाई को भाई से गले मिलना है। राहुल गांधी ने शनिवार को 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' के दौरान आयोजित जनसभा में कहा कि यहां पर एक धर्म को दूसरे धर्म से लड़ाया जाता है। एक जाति को दूसरी जाति से लड़ाया जाता है। एक भाषा को दूसरी भाषा से लड़ाया जाता है। हमें मोहब्बत की दुकान खोलनी है तो सबसे पहले भाई को भाई से गले मिलना है। यह देश को जोड़ता है। देश को तोड़ता नहीं है। नफरत का बाजार हम नहीं चलाते हैं। आपको समझना होगा कि नफरत से नफरत नहीं कट सकती है। आप सब यहां हैं, मैं दिल से आपका धन्यवाद करता हूं। प्रियंका गांधी ने कहा, हम न्याय यात्रा पर निकले हैं। यह न्याय शब्द क्यों जोड़ा है, क्योंकि देश के नौजवानों के साथ अन्याय हो रहा है।

आज देश की महिलाओं के साथ अन्याय हो रहा है। आप मेहनत करते हैं, आपके पेपर लीक होते हैं। आप मेहनत करते हैं, आपको नौकरी नहीं मिलती है। आप महंगाई का सामना करते हैं। किसानों के कर्ज माफ नहीं होते हैं।

## असम सरकार ने मुस्लिम विवाह अधिनियम को निरस्त किया



**एजेंसी। गुवाहाटी**

असम सरकार ने लंबे समय से चले आ रहे असम मुस्लिम विवाह और तलाक पंजीकरण अधिनियम 1935 शुक्रवार को निरस्त कर दिया। यह निर्णय शुक्रवार रात मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा की अध्यक्षता में राज्य कैबिनेट की बैठक के दौरान लिया गया। यह उत्तराखंड समान नागरिक संहिता कानून लागू करने वाला पहला राज्य बनने के तीन सप्ताह बाद आया है। कैबिनेट मंत्री जयंत मल्लबारुआ ने इसे समान नागरिक संहिता (यूसीसी) की दिशा में एक बड़ा कदम बताया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि आगे चलकर मुस्लिम विवाह और तलाक से संबंधित सभी मामले विशेष विवाह अधिनियम द्वारा शासित होंगे। उन्होंने संवाददाताओं से कहा, जिला आयुक्त और जिला रजिस्ट्रार अब नई संरचना के तहत मुस्लिम विवाह और तलाक को पंजीकृत करने के प्रभारी होंगे। निरस्त अधिनियम के तहत कार्यरत 94 मुस्लिम रजिस्ट्रारों को भी उनके पदों से मुक्त कर दिया जाएगा और उन्हें 2 लाख रुपये का एकमुश्त भुगतान दिया जाएगा। मल्लाबारुआ ने निर्णय के व्यापक प्रभावों पर भी जोर दिया, खासकर बाल विवाह पर रोक लगाने के राज्य के प्रयासों के आलोक में। उन्होंने बताया कि 1935 के पुराने अधिनियम द्वारा किशोर विवाह को आसान बना दिया गया था, जो ब्रिटिश साम्राज्य से एक अधिनिर्णय था। मंत्री ने कहा, प्रशासन इस अधिनियम को निरस्त करके बाल विवाह के मुद्दे को संबोधित करना चाहता है, जिसे महिलाओं के लिए 18 वर्ष और पुरुषों के लिए 21 वर्ष से कम उम्र के व्यक्तियों के मिलन के रूप में परिभाषित किया गया है।

## शेख शाहजहां के विदेश फरार होने की आशंका

**कोलकाता।** लंबे समय से पुलिस की आंखों में धूल झोंक कर फरार चल रहे संदेशखाली मामले के मुख्य आरोपित शेख शाहजहां के विदेश फरार होने की आशंका जताई जा रही है। फिलहाल पुलिस कह रही है कि यह ईडी का काम है कि उसे गिरफ्तार करे। इस बीच इस बात के दावे किए जा रहे हैं कि वह भारत से बाहर किसी दूसरे देश यहां तक कि लंदन भी फरार हो सकता है। एक दिन पहले ईडी के वकील ने शुक्रवार को अदालत से कहा कि पांच जनवरी को संदेशखाली में ईडी और सीएपीएफ कर्मियों पर हमले का आरोपी मास्टरमाइंड और फरार तृणमूल कांग्रेस नेता शेख शाहजहां को अग्रिम जमानत नहीं मिलनी चाहिए। अब शनिवार को एक अधिकारी ने बताया कि वह बहुत हद तक संभव है कि दूसरे देश में फरार हो गया है। ईडी का तर्क है कि शाहजहां इतना प्रभावशाली है कि हमले के दिन उसने संदेशखाली में ईडी और सीएपीएफ कर्मियों पर हमला शुरू करने के लिए केवल 15 मिनट के अंदर लगभग तीन हजार लोगों की भीड़ जुटा ली थी।

## लोस चुनाव : कांग्रेस व आप 5 राज्यों में मिलकर लड़ेंगे

### दिल्ली, चंड़ीगढ़, गुजरात, गोवा व हरियाणा में सीट शेयरिंग फाइनल

### दिल्ली में कांग्रेस तीन व आप चार सीटों पर मिलकर लडेंगे

### पंजाब में दोनों दल स्वतंत्र रुप से लड़ेंगे, असम में चल रही बात



**एजेंसी। नई दिल्ली**

काफी जद्दोजहद के बाद आम आदमी पार्टी (आप) और कांग्रेस पार्टी के बीच लोकसभा चुनाव में गठबंधन को लेकर अंतिम निर्णय हो गया। दोनों पार्टियों ने पांच राज्यों दिल्ली, गुजरात, हरियाणा, चंडीगढ़ और गोवा में लोक सभा चुनाव लड़ने को फैसला किया है। चंडीगढ़ लोकसभा सीट पर कांग्रेस अकेले अपने दम पर चुनाव लड़ेगी। गोवा में कांग्रेस दोनों सीटों पर चुनाव लड़ेगी। कांग्रेस और आप के बीच आगामी लोकसभा चुनाव के लिए सीट बंटवारे की औपचारिक घोषणा शनिवार को एक संवाददाता सम्मेलन के दौरान कांग्रेस महासचिव और सांसद मुकुल वासनिक ने की। कहा, दिल्ली के 7 सीटों में कांग्रेस 3 और आप 4 पर चुनाव लड़ेगी। उन्होंने कहा कि गुजरात के 26 सीटों में कांग्रेस 24 और आप 2 (भरूच और भावनगर में) पर चुनाव लड़ेगी। हरियाणा के 10 सीट में कांग्रेस 9 और आप 1 (कुरुक्षेत्र) पर चुनाव लड़ेगी। कांग्रेस उत्तर पूर्व, चांदनी चौक और उत्तर पश्चिम सीट पर चुनाव लड़ेगी। नई दिल्ली, पश्चिम दिल्ली, दक्षिण दिल्ली और पूर्वी दिल्ली में आप चुनाव लड़ेगी। उधर, आप के सौरभ भारद्वाज ने कहा कि पंजाब में कांग्रेस और आप स्वतंत्र रूप से चुनाव लड़ेंगी। असम में बातचीत का रास्ता अभी भी खुला है।

### कांग्रेस-आप गठबंधन पर भाजपा ने साधा निशाना



भाजपा ने कांग्रेस और आप के दिल्ली में लोकसभा चुनाव गठबंधन में लड़ने के फैसले पर निशाना साधते हुए उन्हें भ्रष्टाचारियों का गठबंधन बताया है। भाजपा ने साल 2019 में हुए लोकसभा चुनाव में दोनों पार्टियों के मत प्रतिशत का ब्योरा हुए कहा कि राजनीति गणित नहीं केमिस्ट्री होती है। भ्रष्टाचारियों की अलग और सेवादारों की अलग केमिस्ट्री होती है। सेवादारों के सामने भ्रष्टाचारियों की केमिस्ट्री चलने वाली नहीं है। शनिवार को भाजपा मुख्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में केन्द्रीय मंत्री मीनाक्षी लेखी ने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने ही आम आदमी पार्टी को खड़ा किया है। पार्टी का निशान झाड़ू थामने वाले हाथ दोनों भ्रष्टाचार में डूबे हुए हैं। दिल्ली में आप और कांग्रेस का गठबंधन साफ बताता है कि वे सभी सीट हारने वाले हैं।

## ऑस्ट्रेलिया ने यूक्रेन के समर्थन में 55 व्यक्तियों, 37 संस्थाओं पर प्रतिबंध लगाया

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया की विदेश मंत्री पेनी वोंग ने शनिवार को कहा कि यूक्रेन के समर्थन में उनके देश ने 55 लोगों और 37 कानूनी संस्थाओं पर प्रतिबंध लगाया है। शुक्रवार को अमेरिकी सरकार ने रूस पर 500 से ज्यादा अतिरिक्त प्रतिबंध लगाया। अमेरिकी प्रशासन के अनुसार, यूक्रेन में निरंतर सैन्य अभियान चलाने के लिए रूस को दंडित करने के उद्देश्य से यह प्रतिबंध लगाया गया। अमेरिका ने पिछले सप्ताह रूस के विपक्षी नेता एलेक्सी नवलनी की जेल में मौत के लिए तीन रूसी अधिकारियों को भी निशाना बनाया। सुश्री वोंग ने कहा, हम यूक्रेन की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता के लिए अपने समर्थन में खड़े हैं।

## हिजबुल-लश्कर के चार नार्को तस्करों की संपत्तियां कुर्क

**एजेंसी। श्रीनगर**

राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने शनिवार को हंदवाड़ा और कुपवाड़ा जिले में हिजबुल मुजाहिदीन और लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े चार नार्को आतंकी तस्करों की संपत्तियां कुर्क कीं हैं। संपत्तियों को नार्को टेरर मॉड्यूल जांच के हिस्से के रूप में जब्त किया गया है। हंदवाड़ा में चारों आरोपितों की संपत्ति कुर्क कर ली गई है। एजेंसी ने यूएपीए की धारा 25 के तहत कुल 2.27 करोड़ रुपये नकद भी जब्त किए हैं। कुर्क की गई अचल संपत्तियों में एक बार आरोपित अफाक अहमद वानी का दो मंजिला घर, आरोपित मुनीर अहमद पांडे के नाम पर एक मंजिला आवास, तीसरे आरोपित सलीम अंद्राबी की संपत्ति और इस्लाम उल हक का दो मंजिला घर शामिल है। मामले में अब तक कुल 12 आरोपितों को गिरफ्तार किया गया है, जिसमें एनआईए ने 15 लोगों के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया है। हंदवाड़ा के लंगेट इलाके में वाहनों की जांच के दौरान एक काले बैग और बड़ी संख्या में 500 मूल्यवर्ग के भारतीय मुद्रा नोटों की बरामदगी के बाद मामला दर्ज किया गया था। कार के ड्राइवर अब्दुल मोमिन पीर से प्रारंभिक पूछताछ में नार्को-आतंकवादी सांठगांठ का खुलासा हुआ, जिसके बाद विस्तृत जांच शुरू हो गई। घरों की प्रारंभिक तलाशी के

## अदन की खाड़ी में भारत ने दिखाई अपनी चपलता और सुरक्षा प्रतिबद्धता

# चार दिनों में दो विदेशी जहाजों को दी चिकित्सा सहायता

### एक बार फिर हुई व्यापारिक जहाजों की सुरक्षा के प्रति भारतीय प्रतिबद्धता की पुष्टि

### समुद्री सुरक्षा संचालन के लिए भारतीय नौसेना ने मिशन पर तैनात किए जहाज



आईएनएस शिवालिक को पीएम के सागर दृष्टिकोण के व्यापक दायरे के तहत समुद्री सुरक्षा संचालन के भारतीय नौसेना के आदेश के अनुरूप क्षेत्र में तैनात

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारतीय नौसेना ने चार दिनों के भीतर अदन की खाड़ी में दो विदेशी जहाजों को चिकित्सा सहायता पहुंचाकर महत्वपूर्ण दवाएं प्रदान की हैं। मिशन पर तैनात भारत के युद्धपोतों ने एक बार फिर व्यापारिक नौवहन और नाविकों की सुरक्षा के प्रति भारतीय नौसेना की दृढ़ प्रतिबद्धता की पुष्टि की है।

कमांडर विवेक मधवाल ने बताया कि पलाऊ ध्वजांकित एमवी आइलैंडर में 22 फरवरी को ड्रोन, मिसाइल के हमले के बाद आग लग गई। सूचना मिलने पर समुद्री सुरक्षा अभियानों के लिए अदन की खाड़ी में तैनात नौसेना के विध्वंसक जहाज संकट कॉल का तेजी से जवाब देते हुए दोपहर में आसपास क्षेत्र में पहुंचे। इसके बाद भारतीय नौसेना के ईओडी विशेषज्ञ जहाज पर चढ़े और जहाज को आगे के पारगमन के लिए मंजूरी दे दी गई। मेडिकल टीम भी जहाज पर चढ़ गई और चालक दल के एक घायल सदस्य को चिकित्सा सहायता प्रदान की। उन्होंने बताया कि इसी तरह अदन की खाड़ी में तैनात आईएनएस शिवालिक ने 19 फरवरी को एक ईरानी मछली पकड़ने वाले जहाज (एफवी) अल अरीफी को चिकित्सा सहायता प्रदान की। इस पर 18 सदस्यीय पाकिस्तानी चालक दल सवार था। चिकित्सा आपातकाल की चेतावनी पर त्वरित प्रतिक्रिया देते हुए भारतीय जहाज ने संकटग्रस्त चालक दल को विशेषज्ञ चिकित्सा सलाह और महत्वपूर्ण दवाएं प्रदान कीं।

उन्होंने बताया कि आईएनएस शिवालिक को प्रधानमंत्री के सागर (क्षेत्र में सभी के लिए सुरक्षा और विकास) के दृष्टिकोण के व्यापक दायरे के तहत समुद्री सुरक्षा संचालन के भारतीय नौसेना के आदेश के अनुरूप क्षेत्र में तैनात किया गया है।

## फिल्म जगत

## भूमि पेडनेकर ने जताई हॉलीवुड में काम करने की इच्छा



भूमि पेडनेकरशर्त पर करेंगी फिल्म का चयन

**भूमि पेडनेकर** की बीते दिनों रिलीज हुई फिल्म 'भक्षक' काफी पसंद की गई है। इसमें वे एक पत्रकार की भूमिका में नजर आई हैं। फिल्म में भूमि एक बालिका गृह में बच्चियों के साथ होने वाले शोषण के खिलाफ आवाज उठाती हैं। फिल्म में अपने किरदार के लिए अभिनेत्री की खूब तारीफ हुई है। इस बीच भूमि के हॉलीवुड में काम करे की चर्चा चल पड़ी है। हाल ही में खुद भूमि ने इस पर प्रतिक्रिया दी है। हाल ही में एक बातचीत के दौरान भूमि ने अपनी हॉलीवुड में काम करने की आकांक्षाओं के बारे में बात कीं। उन्होंने कहा, 'मेरी हॉलीवुड में काम करने की आकांक्षा है। मुझे लगता है कि कलाकारों के लिए महत्वाकांक्षी होने का यह सबसे अच्छा समय है, क्योंकि दुनिया अब संस्कृतियों, विविधता और प्रामाणिकता का मिश्रण है'। भूमि ने आगे कहा कि जिस तरह की सीरीज अब बन रही हैं और कलाकारों के लिए जिस किस्म की भूमिकाएं लिखी जा रही हैं, उससे देखते हुए अब वे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर काफी अच्छा करियर बना सकते हैं।

भूमि ने आगे कहा, "ब्राउन लड़कियां अब कई फिल्मों और सीरीज में काम कर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर धूम मचा रही हैं। अंबिका मॉड इसका उदाहरण हैं, जिन्होंने नेटफ्लिक्स की 'वन डे' में काम कर दुनियाभर में तारीफ बटोरी हैं। एक भारतीय मूल की लड़की को इतनी सफल सीरीज में मुख्य रोल निभाते देखना शानदार है। उन्हें वैश्विक स्तर पर दर्शकों का प्यार मिला है'।